3 | राजधानी
चिड़ियाघर 1 मार्च से खुलेगा करें जानवरों का दीदार

6 | अभिमत
प्रत्यक्ष करों में सुधार की जरूरत

10 | विदेश
जर्मनी ने गैस पाइपलाइन परियोजना निलंबित की

11 | विविध
निर्माण राजनीतिक ब्रांड का

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 108
नई दिल्ली, बुधवार, 23 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



पाकिस्तान में वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे वार्नर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# भाजपा की जीत का आधार बनेगा विकास, सुशासन और सुरक्षा

**सत्ता** में लौटने के आत्मविश्वास से लबरेज अपने इरादों को लेकर आक्रमकता से भरपूर और जनकल्याण के अपने एजेंडे को लेकर पूरी तरह समर्पित। यह बानगी है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जो सत्ता में वापसी को लेकर आश्वस्त हैं। कई चरणों में हो रहे उत्तर प्रदेश के विधान सभा चुनाव के बीच पायनियर हिंदी के ब्यूरो प्रमुख **राज बहादुर सिंह** से एक मुलाकात में योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि न कोई हार्ड लाइन है, न कोई सॉफ्ट लाइन है। सिर्फ एक लाइन है, और वो है जनता और समाज के हित की लाइन। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार को सत्ता में बनाये रखने में महिलाओं का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ पूरे आत्मविश्वास के साथ कहते हैं कि विकास, सुशासन और सुरक्षा ऐसे परिवर्तन हैं जो उनकी सरकार ने जनता को दिए हैं। प्रस्तुत है मुख्यमंत्री से हुयी बातचीत के प्रमुख अंश-



**प्रश्न-आपकी सरकार के विरोधी छुट्टा जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुँचने को लेकर सरकार पर हमलावर रहते हैं। इस पर आप क्या कहेंगे?**

उत्तर - छुट्टा जानवरों की समस्या कोई नई नहीं है। हमारी सरकार ने अवैध बूचड़खाने चलने नहीं दिए और न आगे चलने देगी। हम गाय को कटने के लिए नहीं छोड़ सकते। हम लगभग नौ लाख गोवंश का संरक्षण कर रहे हैं और इसके लिए किसानों को आर्थिक सहायता भी दी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गोवंश के संरक्षण को ऊर्जा के साथ जोड़ने की एक योजना तैयार की गयी है। शीघ्र ही इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

**प्रश्न- मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी राज्य कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली का वादा कर रही है, इस पर आपका क्या मत है?**

उत्तर - मैं तो कहता हूँ कि कर्मचारी संगठनों को यह सवाल समाजवादी पार्टी से पूछना चाहिए, जिसकी सरकार ने 2004 में इसे लागू किया था। यह सरकार 2007 तक रही। बाद में 2012 से 2017 तक फिर सपा सरकार रही यानी कुल 8 साल में उन्हें पेंशन की याद नहीं आयी। यही हाल बसपा का है, जिसने अपने 5 साल के

- पांच साल में 30 घंटे भी आफिस में नहीं बैठे अखिलेश
- धरातल की जानकारी नहीं, पीआर एजेंसियों पर निर्भर हैं सपा प्रमुख
- महिलाओं के समर्थन से बन रही भाजपा सरकार
- न चलने दिए हैं, न चलने देंगे अवैध बूचड़खाने

शासन में इस बारे में कुछ नहीं किया। विपक्ष केवल भ्रम फैलाने में लगा है। यह लोग कर्मचारियों के कितने बड़े हितैषी हैं कि इन्होंने कर्मचारियों का अंशदान तक नहीं जमा कराया था। हमारी सरकार ने 2018 में कर्मचारियों के अंश दान के रूप में 10,000 हजार रुपये जमा कराये थे।

**प्रश्न - क्या आप मानते हैं कि भाजपा के लिए बहुकोणीय संघर्ष के बजाय समाजवादी पार्टी से सीधी लड़ाई एक हद तक असुविधाजनक है?**



उत्तर - इस सवाल का जवाब जनता 2019 के लोक सभा चुनाव में दे चुकी है जब सपा-बसपा और रालोद मिलकर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़े थे। इससे ज्यादा और सीधी लड़ाई क्या हो सकती थी और परिणाम जो आया वो सबने देखा। भाजपा 80 प्रतिशत सीटें जीती और यही इस वर्ष के विधान सभा चुनाव में दोहराया जाएगा।

**प्रश्न - सत्ता में वापसी को लेकर इतना आश्वस्त होने की वजह क्या है?**

उत्तर - वजह सरकार का काम है और जनता के कल्याण के लिए किये गए कार्यों की लम्बी सूची है जिसमें सबसे ऊपर शांति एवं व्यवस्था का मुद्दा है। पश्चिम से लेकर पूरब तक रुहेलखंड से लेकर बुंदेलखंड तक इसका असर देखा जा सकता है। महिलाएं सुरक्षा व्यवस्था से सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं और उनका भरपूर समर्थन भाजपा को मिल रहा है। इसके अलावा कोरोना काल में जीवन और जीविका दोनों को बचाने के लिए सरकार द्वारा किये गए कार्य भी जनता को भाए हैं। प्रथम चरण से लेकर लगातार भाजपा के प्रति मतदाताओं में उत्साह बढ़ता जा रहा है और भाजपा 80 प्रतिशत विधान सभा सीटें जीतेगी और विरोधी दल 20 प्रतिशत में सिमट जाएंगे।

**प्रश्न - पिछले विधान सभा चुनाव में भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए कोई चेहरा प्रस्तावित नहीं था लेकिन इस बार आपको फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट माँगा जा रहा है। दोनों परिस्थितियों में आप क्या फर्क महसूस करते हैं?**

उत्तर - पिछला विधान सभा चुनाव प्रधानमंत्री के चेहरे और केंद्र में उनकी सरकार के कामकाज पर जनादेश था। इस बार प्रधानमंत्री का चेहरा और मोदी सरकार की उप्लब्धियां तो हैं ही, साथ में प्रधानमंत्री के मार्ग निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनता की भलाई के लिए किये गए काम भी हैं। यही डबल इंजन की सरकार है जिसकी सत्ता में वापसी तय है।

**प्रश्न - क्या उत्तर प्रदेश के चुनाव में भी हिजाब कोई मुद्दा है?**

उत्तर - मैं पहले भी इस बारे में स्पष्ट कर चुका हूँ और फिर से दोहराता हूं कि देश संविधान के आधार पर चलेगा, शरिया के आधार पर नहीं। किसी को क्या पहनना है, उसका निजी मामला होता है लेकिन निजता का यह अधिकार वहीं तक प्राप्त होता है जहाँ किसी संस्था द्वारा कोई ड्रेस कोड लागू न किया गया हो। अगर कहीं कोई ड्रेस कोड लागू है तो उसका पालन करना होगा।

**प्रश्न- जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, आप सपा प्रमुख को लेकर आक्रामक होते जा रहे हैं। इसकी कोई विशेष वजह?**

उत्तर - बात आक्रामक होने की नहीं है। जनता में भ्रम फैलाने की जो कोशिश इन लोगों द्वारा की जा रही है उसका जवाब तो दिया ही जाएगा। वह लोग जो पांच साल में 30 घंटे भी दफ्तर में नहीं बैठे, वह लोग जिनकी जानकारी का सारा स्रोत पीआर एजेंसियां या ऐसी अन्य संस्थाए हैं, ऐसे लोग जमीनी हकीकत से कैसे वाकिफ हो सकते हैं। उन्हें पता ही नहीं कि धरातल पर क्या हो रहा है। वह तो अपने ही सपनों में जी रहे हैं। बस उनके पास जनता को भ्रमित करने का एकमात्र एजेंडा है जिसको भाजपा विफल करती जा रही है।

# रूसी सांसदों ने पुतिन को देश से बाहर बल प्रयोग की अनुमति दी

- यूक्रेन पर व्यापक आक्रमण का रास्ता साफ
- रूस को घेरने की रणनीति बना रहे वैश्विक नेता

**एपी। मॉस्को**

**रूसी** संसद के ऊपरी सदन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को देश के बाहर सैन्य बल प्रयोग की अनुमति दे दी है। संसद की मंजूरी के बाद रूस के लिए यूक्रेन पर व्यापक आक्रमण का रास्ता साफ हो गया है। पुतिन ने इस संबंध में संसद के ऊपरी सदन को एक पत्र लिखा था। पुतिन ने एक दिन पहले यूक्रेन के विद्रोहियों वाले इलाकों की स्वतंत्रता को मान्यता दी थी। इससे पहले, पश्चिमी देशों के नेताओं ने कहा था कि रूस के सैनिक यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में पहुंच गए हैं।

वहीं अमेरिका ने रूस के इस कदम को आक्रमण बताया है। व्हाइट हाउस रूस पर कड़ी पाबंदियां लगाने की तैयारियां कर रहा है, जिसने हालिया हफ्तों में यूक्रेन के निकट लगभग डेढ़ लाख सैनिकों को तैनात किया है। कई पश्चिमी देशों के नेताओं ने मंगलवार को कहा कि पूर्वी यूक्रेन के विद्रोहियों के नियंत्रण वाले इलाकों की स्वतंत्रता को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर (शेष पेज 9)



## भारतीय छात्रों व नागरिकों को फिर यूक्रेन छोड़ने की सलाह

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**यूक्रेन** में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक बार फिर भारतीय छात्रों से संकटग्रस्त देश को अस्थाई तौर पर छोड़ने को कहा है। भारतीय दूतावास का यह सुझाव ऐसे समय में आया है जब रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के दो अशांत क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान करने के बाद तनाव बढ़ गया है। यूक्रेन में मेडिकल पढ़ाई कराने वाले विश्वविद्यालयों द्वारा आनलाइन पढ़ाई के संबंध में भारतीय छात्रों के सवालों पर दूतावास ने कहा कि वह इस मामले में संबंधित प्राधिकार के संपर्क में है। मिशन ने अपने ताजा परामर्श में कहा कि छात्रों को सलाह दी जाती है कि अपनी सुरक्षा के हित को देखते हुए वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक बात का इंतजार करने की बजाए अस्थाई तौर (शेष पेज 9)

# उत्तराखंड में वाहन खड्ड में गिरा, 14 लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**

**उत्तराखंड** में पिछले 24 घंटों में हुए तीन सड़क दुर्घटनाओं में 19 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। मृतकों में सात महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार कुमांउ क्षेत्र के चंपावत जिले में सोमवार देर रात सुखीढांग-डांडामिनार मार्ग पर बुडम और ककनई के बीच एक वाहन के गहरे खड्ड में गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। चंपावत के पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पिंचा ने बताया कि खड्ड से 12 शव बरामद हो चुके हैं जबकि अन्य को बाहर निकालने का काम जारी है। उन्होंने बताया कि मरने वालों में पांच महिलाएं और दो बच्चे हैं। हादसे की जानकारी देर रात तीन बजे मिल पाई जिसके बाद तलाश एवं बचाव टीमों को मौके पर भेजा गया।

दुर्घटना के समय वाहन टनकपुर के पंचमुखी धर्मशाला में एक विवाह समारोह में शिरकत कर लौट रहे लोगों को लेकर डांडा ककनई गांव आ रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पौडी जिले में हुई एक अन्य सड़क दुर्घटना में एक कार के गहरे खड्ड में गिर जाने से उसमें सवार तीन शिक्षकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। कोटद्वार के पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश लाल कोहली ने (शेष पेज 9)

## हिमाचल की फैक्ट्री में विस्फोट, सात मरे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले की एक फैक्ट्री में विस्फोट होने से मंगलवार को सात लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य झुलस गए हैं। एक वरिष्ठ जिला अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री में पटाखे बनाए जा रहे थे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल की फैक्ट्री में हुए विस्फोट पर दुख जताते हुए जान गंवाने वाले लोगों के परिजन को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। ऊना के उपायुक्त राघव शर्मा ने बताया कि यह घटना ऊना जिले के बाथू औद्योगिक क्षेत्र में हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, हिमाचल प्रदेश में फैक्टरी में हुए दुखद हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रत्येक परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपए दिए जाएंगे। घायल को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## भारत ने अफगानिस्तान के लिए 2500 मिट्रिक टन गेहूं की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के साथ महीनों तक चली बातचीत के बाद अंततः अटारी सीमा के जरिए सड़क मार्ग से मानवीय सहायता के रूप में 50 ट्रकों में 2500 मिट्रिक टन गेहूं की पहली खेप अफगानिस्तान के लिए रवाना की। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, 22 फरवरी को अमृतसर में एक समारोह में सड़क मार्ग से पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान के लिए मानवीय सहायता के तहत 50 ट्रकों में 2500 मिट्रिक टन गेहूं की पहली खेप रवाना की गई। इस समारोह में विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला के साथ अफगानिस्तान के राजदूत फरीद मंमूदजई और विश्व खाद्य कार्यक्रम के कंट्री निदेशक बी पराजुली मौजूद थे। मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के लिए संयुक्त राष्ट्र की अपील के मद्देनजर भारत सरकार ने अफगानिस्तान के लोगों को 50 हजार मिट्रिक टन गेहूं तोहफे के रूप में देने का निर्णय किया था। इसमें कहा गया है कि इसकी आपूर्ति भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से होगी और इसे आईसीपी अटारी (भारत) द्वारा अफगानिस्तान के परिवहनकर्ताओं के जरिए जलालाबाद (अफगानिस्तान) पहुंचाया जाएगा। इस खेप के तहत गेहूं के प्रत्येक बैग पर अंग्रेजी, पश्तो और दारी भाषा में लिखा था, भारत के लोगों की ओर से अफगानिस्तान के लोगों के (शेष पेज 9)

# जनहित याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट




**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**पेगासस मामला**

**उच्चतम** न्यायालय भारत में कुछ लोगों की जासूसी के लिए इजराइली स्पाईवेयर के कथित इस्तेमाल को लेकर दायर याचिकाओं पर बुधवार के बजाय शुक्रवार को सुनवाई के लिए राजी हो गया। न्यायालय ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल की उन दलीलों को स्वीकार किया कि वह अन्य अदालत में धन शोधन के एक मामले की जिरह में व्यस्त होंगे। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ को पिछले साल 27 अक्टूबर के बाद पहली बार पेगासस मुद्दे पर याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई करनी थी।

पिछले साल अक्टूबर में उसने जासूसी के आरोपों की जांच के लिए साइबर विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय समिति गठित करने का आदेश दिया था। पीठ में न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली भी शामिल हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से अनुरोध किया कि याचिकाओं पर सुनवाई बुधवार के बजाय शुक्रवार (25 फरवरी) को की जाए, क्योंकि वह बुधवार को एक अन्य पीठ के समक्ष दलील पेश करेंगे। वेबसाइट के अनुसार, एक विशेष पीठ ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और वरिष्ठ पत्रकार एन. राम तथा शशि कुमार की याचिकाओं समेत 12 जनहित याचिकाओं को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था तथा इसमें उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट पर जिरह होने की संभावना है। साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक, नेटवर्क और हार्डवेयर विशेषज्ञों की इस समिति को मामले की जांच करने और यह तय करने के लिए कहा गया है कि क्या नागरिकों की जासूसी के लिए पेगासस स्पाईवेयर का इस्तेमाल किया गया था।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,300 | ↓ 382 | |
| निफ्टी | 17,092 | ↓ 114 | |
| सोना | 50,518 | ↑ 552 | /10g |
| चांदी | 64,415 | ↑ 1012 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पंजाब पॉलिटिक्स टीवी के ऐप पोर्टल, सोशल अकाउंट ब्लॉक

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के दौरान कथित तौर पर जन व्यवस्था बिगाड़ने के लिए ऑनलाइन मंच का इस्तेमाल करने की कोशिश के सिलसिले में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने विदेश से संचालित पंजाब पॉलिटिक्स टीवी की ऐप, वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट पर मंगलवार को रोक लगा दी। यह प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से संबद्ध है। इसे गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत गैरकानूनी घोषित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान जन व्यवस्था बिगाड़ने के लिए चैनल द्वारा ऑनलाइन मीडिया का उपयोग करने की खुफिया जानकारी के आधार पर मंत्रालय ने 18 फरवरी को प्रौद्योगिकी नियमों के तहत आपात शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पंजाब पॉलिटिक्स टीवी के डिजिटल मीडिया मंचों पर रोक लगा दी।

# डेरा प्रमुख राम रहीम को जेड प्लस सुरक्षा मिली

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**डेरा** सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को हरियाणा की एक जेल से फरलो (एक प्रकार की छुट्टी) पर 21 दिनों की रिहाई के दौरान जेड प्लस सुरक्षा दी गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि सिंह को सात फरवरी को रिहा होने के बाद उच्च श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी, क्योंकि सिंह की जान को खालिस्तान समर्थक तत्वों से खतरा है। हरियाणा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से रोहतक रेंज के आयुक्त को हाल ही में भेजे एक संदेश में कहा गया है, यदि कैदी को पैरोल पर रिहा किया जाता है, तो मौजूदा नियमों के अनुसार जेड-प्लस सुरक्षा या समतुल्य सुरक्षा प्रदान की जा सकती है, क्योंकि कैदी को भारत और विदेशों में कट्टरपंथी सिख चरमपंथियों से उच्च स्तरीय खतरा है।



आधिकारिक संवाद में कहा गया है कि खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ताओं से गुरमीत राम रहीम सिंह को खतरे के संबंध में विश्वसनीय जानकारी है। सिंह इस समय अपने गुरुग्राम आश्रम में है और उसे कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। सिंह को 21 दिनों की छुट्टी पंजाब विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले मिली थी। पंजाब में इस पंथ के बड़ी संख्या में अनुयाई हैं, खासकर बठिंडा, संगरूर, पटियाला और मुक्तसर में। डेरा प्रमुख सिरसा में अपने आश्रम में दो महिला अनुयायियों के साथ बलात्कार के आरोप में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है।

# चौथा चरण: उप्र में 59 सीटों के लिए आज पड़ेंगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**यूपी** में विधान सभा चुनाव के चौथे चरण के लिए बुधवार को वोट पड़ेंगे। इस चरण में नौ जिलों के 59 विधान सभा क्षेत्रों में 624 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमें से 91 महिला प्रत्याशी हैं। मतदान प्रातः सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। चौथे चरण में पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, बांदा तथा फतेहपुर जिले के 59 विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग होगी।

इस चरण में इसमें योगी सरकार के चार मंत्रियों सहित कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। चतुर्थ चरण के मतदान में 2.13 करोड़ मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1.14 करोड़ पुरुष, 99.3 लाख महिला तथा 966 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। इस चरण में कुल 24643 मतदेय स्थल तथा 13817 मतदान केन्द्र हैं। सभी मतदेय स्थलों पर रैम्प, शौचालय तथा पीने के पानी की



सुविधा सुनिश्चित की गई है। चतुर्थ चरण में कुल 874 आदर्श मतदान केन्द्र तथा 142 समस्त महिला कर्मी मतदेय स्थल बनाये गये हैं। कोरोना संक्रमण को देखते हुए सभी मतदेय स्थलों पर थर्मल स्कैनर, हैण्ड सैनीटाइजर, ग्लव्स, फेस मास्क, फेस शील्ड, पीपीई किट, साबुन, पानी आदि की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर गाइड का भी वितरण किया गया है। इसमें सभी निर्देश हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए व्यापक इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 57 सामान्य प्रेक्षक, 9 पुलिस प्रेक्षक तथा 18 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 1712 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 210 जोनल मजिस्ट्रेट, 105 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 3110 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, 1 वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक तथा दो वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं जो कि क्षेत्र में रहकर सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करेंगे। मतदान पर (शेष पेज 9)

# ग्रेनो वासियों को घर बैठे मिलेंगी सुविधाएं

## प्राधिकरण को सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से मिली आधार सत्यापन की मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर के निवासियों और देश-दुनिया में रह रहे बाकी आवंटियों के लिए बड़ी खबर है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आवंटियों का आधार सत्यापित करने की अनुमति दे दी है। इससे प्राधिकरण अपने आवंटियों को आधार प्रमाणीकरण करने के बाद सभी सेवाएं ऑनलाइन प्रदान कर सकेगा। आवंटियों के आधार ऑथेंटिकेशन की अनुमति प्राप्त करने वाला ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश का पहला विकास प्राधिकरण बन गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अपने आवंटियों को हर सुविधा घर बैठे प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। नो ड्यूज सर्टिफिकेट जैसी सेवाएं प्राधिकरण ऑनलाइन शुरू भी कर चुका है। इसकी शुरुआत औद्योगिक



सेक्टरों से की गई है। फिर भी कुछ ऐसी सेवाएं हैं, जिनकी ऑनलाइन सुविधा शुरू करने से पहले सही आवंटी होने की पुख्ता पहचान कर लेना प्राधिकरण के लिए बेहद जरूरी है। ताकि किसी तरह के फर्जीवाड़े की गुंजाइश न रहे। मसलन, किसी संपत्ति के ऑनलाइन ट्रांसफर की अनुमति देने से पहले प्राधिकरण आधार ऑथेंटिकेशन के माध्यम से यह सुनिश्चित कर लेगा कि संपत्ति का ट्रांसफर सही आवंटी के जरिए ही हो रहा है। आधार ऑथेंटिकेशन के माध्यम से ही खरीदार का भी सत्यापन किया जा सकेगा।

इसी तरह मोर्टगेज परमिशन और लीज डीड कराने की अनुमति जैसी कई सेवाएं हैं, जिनके लिए आवंटी का वेरीफिकेशन बहुत जरूरी है। आधार ऑथेंटिकेशन कर लेना ही सबसे कारगर तरीका है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से मंजूरी के बिना यह संभव नहीं था। प्राधिकरण ने इसके लिए पहले ही आवेदन कर दिया था। उत्तर प्रदेश सरकार से सहमति मिल जाने के बाद मंत्रालय ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को आवंटियों के आधार ऑथेंटिकेशन करने की अनुमति दे दी है।

### प्रदेश में आधार ऑथेंटिकेशन प्राप्त करने वाला पहला प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण यह उपलब्धि हासिल करने वाला प्रदेश का पहला प्राधिकरण बन गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट के जरिए आवंटी सभी सुविधाएं प्राप्त कर सकेगा। ऑनलाइन आवेदन करने पर उसे प्राधिकरण से लिंक प्राप्त होगा। आधार नंबर व ओटीपी के जरिए आवंटी के वेरीफाई होने के उपरांत उसे ये सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण ने कहा, प्राधिकरण अब सेवाएं शीघ्र ऑनलाइन प्रदान करने की कोशिश करेगा। अभी तक आवंटी संपत्ति बेचने से पहले फिजिकल वेरिफिकेशन कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आकर अपनी सहमति प्रदान करता था। अब आधार ऑथेंटिकेशन के बाद क्रेता व विक्रेता दोनों को फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए प्राधिकरण दफ्तर नहीं आना पड़ेगा।

## साइबर ठगों से वापस दिलाए 75 हजार रुपए

**नोएडा।** नोएडा में रहने वाले एक युवक को कुछ दिनों पहले साइबर ठगों ने शिकार बनाया था। युवक के बैंक अकाउंट से अपराधियों ने 75 हजार रुपए निकाल लिए थे। इस मामले में पीड़ित ने सेक्टर-24 थाना साइबर हेल्प डेस्क पर मदद की गुहार लगाई थी। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पेमेंट मीडिएटर कंपनी से संपर्क कर ठगी की रकम फ्रीज करा दी। सोमवार को ठगे गए 75 हजार रुपए पीड़ित के खाते में वापस आ गए।

पुलिस ने बताया कि बीते 18 फरवरी को सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में आकाश निवासी नोएडा सेक्टर-11 में सूचना दी थी कि उसके साथ 75,000 रुपए का ऑनलाइन ठगी हुई है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सेक्टर-24 थाना पुलिस ने पेमेंट मीडिएटर जंबोपे एक्सप्रेस लिमिटेड से संपर्क किया और पीड़ित की रकम को तुरंत फ्रिज करा दिया था। नोएडा पुलिस की तत्परता के कारण सोमवार को पीड़ित आकाश के सारे पैसे उनके खाते में वापस आ गए।

# प्रॉपर्टी डीलर के परिवार को बंधक बनाकर बदमाशों ने लूटा

## पांच लाख की नगदी और सामान लेकर फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सिहानी गेट थानाक्षेत्र के नेहरू नगर थर्ड में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर के परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दे डाला। बदमाश साढ़े 5 लाख की नगदी समेत करीब 20 लाख रुपये का माल लूट कर ले गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। एसएसपी और एसपी सिटी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया।

नेहरू नगर थर्ड में रहने वाले निखिल भाटी प्रॉपर्टी डीलिंग का कारोबार करते हैं। मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे निखिल भाटी अपने काम से बाहर थे। घर पर उनकी पत्नी प्रिया और दो बेटियां 8 वर्षीय वंशिका, छह महीने की काव्या थी। इस दौरान डोर बेल बजने पर वंशिका ने गेट खोला तो चार



नकाबपोश बदमाश घर में आ घुसे और चाकू व पिस्टल की नोक पर तीनों को एक कमरे में बंधक बना दिया। उसके बाद बदमाशों ने एक-एक करके सभी कमरों में लूटपाट शुरू कर दी। करीब आधा घंटा घर का कोना-कोना खंगाल कर बदमाश 5 लाख रुपये समेत करीब 20 लाख रुपये का माल लूट कर ले गए।

एसएसपी पवन कुमार का कहना है कि घटना के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच समेत तीन टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## भंगेल गांव में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले के नोएडा फेस-2 थाना क्षेत्र स्थित भंगेल गांव में 35 वर्षीय एक व्यक्ति का शव उसके कमरे से मिला है जबकि उसके साथ रहने वाली महिला और पुरुष फरार हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नोएडा फेस-2 थाना के थानाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय ने बताया कि भंगेल गांव में मृतक व्यक्ति एक महिला सहित तीन लोगों के साथ किराए पर रहता था। उन्होंने बताया कि किराए पर रह रहा 35 वर्षीय व्यक्ति देर रात कमरे में मृत पाया गया जबकि उसके साथ रहने वाली महिला और पुरुष फरार हैं।

उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और रिर्पोट आने पर ही स्थिति स्पष्ट होगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, उसके साथ रहने वालों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि साथ रह रही महिला और पुरुष ने व्यक्ति की हत्या की है।

## कूड़ा निस्तारण नहीं करने पर भेजा नोटिस

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण इस समय शहर की साफसफाई को लेकर काफी सख्त हैं। नोएडा प्राधिकरण के अफसरों द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही हैं। प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह की टीम ने सोमवार को ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान 4 सोसाइटियों में कूड़े के निस्तारण में लापरवाही सामने आई। जिसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण ने चारों सोसाइटी को नोटिस जारी किया है। सेक्टर-50 की 4 ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों का प्राधिकरण टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों में कूड़े के निस्तारण के प्रति लापरवाही देखी गई। एक भी सोसाइटी में गीले कूड़े का निस्तारण नहीं मिला।

# मां की हत्या के आरोप में 14 वर्षीय बेटी को पुलिस ने पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिले के नोएडा सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 77 स्थित एक सोसाइटी में सोमवार को एक महिला की भारी वस्तु से हमला कर हत्या करने के मामले में उसकी 14 वर्षीय बेटी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि उसने घटना को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल लोहे के तवे को भी बरामद कर लिया है और नाबालिग आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जा रहा है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि अनुराधा (34 वर्ष) नामक महिला को लहूलुहान अवस्था में सेक्टर-71 स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराने के लिए लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

उन्होंने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को मामला हत्या का लगा क्योंकि महिला के शरीर पर 20-22 घाव के निशान थे, जबकि उसका कान भी कट गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतका के भाई मुकेश राठौर ने अपनी भांजी के खिलाफ तहरीर दी थी जिसके तहत आधार पर भारतीय दंड विधान की धारा 304 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आज दोपहर को मृतका की 14 वर्षीय बेटी को गिरफ्तार किया गया।

# दोस्ती कर ब्लैकमेल करने वाली आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

फेसबुक रिक्वेस्ट के माध्यम पुरुषों को अपने मोहजाल में फंसाकर फर्जी तरीके से शादी कर उन्हें ब्लैकमेल करने वाली महिला को साहिबाबाद पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि गिरफ्तार की गई महिला कई अलग.अलग नामों से फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को फंसाती थी। हाल ही में एक सीआरएफपीएफ जवान ने आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस इस महिला से अन्य मामलों के बारे में भी पूछताछ में जुटी है।

साहिबाबाद थाना प्रभारी नागेंद्र चौबे ने बताया कि सीआरपीएफ एक जवान ने आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी महिला ने



जवान से फेसबुक पर दोस्ती की और फिर एक दिन मुलाकात के दौरान उसे नशीला पदार्थ खिलाकर जबरन शादी कर ली थी। शादी के बाद जवान को लगातार ब्लैकमेल करने लगी। इसके एवज में उसने पीड़ित के परिवार वालों से दो लाख रुपये लेकर समझौता किया था। उसके बाद भी आरोपी महिला लगातार पीड़ित को ब्लैकमेल करने लगी। उसकी यूनिट और घर पर एक लीगल नोटिस भी भेज दिया था। पुलिस टीम ने मंगलवार को सुबह 30 वर्षीय आरोपी महिला को लाजपत नगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि वह फेसबुक के जरिए पुरुषों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर बात करती थी। फिर धीरे-धीरे उन्हें अपनी बातों में फंसाकर उनसे दोस्ती कर लेती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों में जमकर हुई मारपीट, कई जख्मी

**नोएडा।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। यह मामला थाना सेक्टर 126 के अंतर्गत का है। जहां एमिटी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले दो गुटों के छात्रों के बीच हाथापाई हो गई। इस हाथापाई में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिनका इलाज निजी अस्पताल में जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। शहर के नामी कॉलेजों में शुमार एमिटी यूनिवर्सिटी के



छात्रों में आपस में हाथापाई हो गई है। वीडियो में दिख रहे छात्र आपस में मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। 11 सेकंड की इस क्लिप में आधा दर्जन से अधिक छात्र स्टॉल पर रखे टेबल उठाकर एक दूसरे पर फेंकते हुए दिख रहे हैं। हाथापाई की घटना को नजदीक में खड़े यूनिवर्सिटी के छात्र द्वारा बनाया गया है।

### महिला ने पेट्रोल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

**नोएडा।** फेस-2 कोतवाली क्षेत्र स्थित एनएसइजेड पुलिस चौकी के पास मंगलवार शाम को एक महिला ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। कोतवाली क्षेत्र के इलाहाबास गांव निवासी महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया था। वहीं दूसरे पक्ष ने महिला पर पैसे वापस न करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसी महिला को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति नाजुक होने पर महिला को दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है। एडीसीपी इलामारन ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है थी। महिला के स्वजन का आरोप है कि इस मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी।

### नोएडा में संक्रमण के 61 नए केस मिले

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले में गत 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के 61 नए मामले आए जबकि इस अवधि में 86 मरीज संक्रमण मुक्त हुए। यह जानकारी मंगलवार को जिला निगरानी अधिकारी डॉ.सुनील दोहरे ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में इस समय 370 उपचाराधीन मरीज हैं। डॉ.दोहरे ने बताया कि अबतक जिले में कोविड-19 के 97,809 मामले आए हैं जिनमें से 96,949 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं जबकि कुल 490 संक्रमितों की जान गई है।

### गाजियाबाद में शुरू हुआ कुत्तों का शवदाह गृह

**गाजियाबाद।** शहर कुत्तों के अंतिम संस्कार के लिए नगर निगम ने पीएनजी पाइप नेचुरल गैस से चलने वाला शवदाह गृह बनाया है, जिसका संचालन शुरू हो गया है। राजनगर एक्सटेंशन मार्ग पर नंदी पार्क के पास बने शवदाह गृह तक आईजीएल ने गैस की पाइप लाइन बिछाकर ट्रायल कर लिया। पालतू कुत्तों के शवदाह के



लिए 500 रुपये का शुल्क रखा गया है, निराश्रित कुत्तों का शवदाह नगर.निगम द्वारा निशुल्क होगा। निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज सिंह ने बताया कि शवों के निस्तारण के लिए गैस पाइप लाइन का ट्रायल कर लिया गया है। सीडीओ अस्मिता लाल ने बताया कि इसका संचालन शुरू हो गया है अब कुत्तों के शव को इधर उधर फेंकने पर जुर्माना लगाया जाएगा।


## सार्वजनिक सूचना

हम रोहित जैनेन्द्र जैन एवं मोनिका जैन, दोनों निवासी मकान नं 965, सैक्टर-15, फरीदाबाद, श्री रवि उप्पल पुत्र श्री सुरिंदर मोहन उप्पल निवासी फ्लैट नं 102, टॉवर नं 6, एम्मार पाम टेरेस्स स्लेक्ट, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सैक्टर-66, साउथ सिटी-2, गुरूग्राम-122018 से मकान नं 966, सैक्टर-15, फरीदाबाद-121002 (इसके बाद उक्त सम्पत्ति कहा जाता है) खरीदने का इरादा रखते हैं, श्री रवि उप्पल मालिक/उतराधिकारी होने का दावा करते हैं एवं उतराधिकार के कानून के आधार पर उक्त संपति के कब्जे में है। श्रीमती जानकी देवी उप्पल धर्मपत्नी श्री सरदारी लाल उप्पल 28 अप्रैल 1997 के दस्तावेज संख्या 1664 के हस्तांतरण विलेख के आधार पर उक्त संपति के मालिक थें एवं उन्होने दिनांक 03 नवंबर 2005 के दस्तावेज संख्या 395 के वसीयतनामें के आधार पर श्री रवि उप्पल को उक्त संपति का एकमात्र कानूनी उतराधिकारी घोषित किया है।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त संपति, या उसके किसी भाग के संबंध मे उतराधिकार, बिक्री, विनिमय, गिरवी (न्यायसंगत/पंजीकृत या अन्यथा), उपहार के तहत उक्त संपति में किसी भी तरह का भागीदारी होने को दावा करता है तो उनसे अनुरोध किया जाता है कि इसकी सूचना सहायक दस्तावेजी साक्ष्य के साथ अधोहस्ताक्षरी को इस अखबार की तारीख से 14 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते सूचित करें।

रोहित जैनेन्द्र जैन
मकान नं 965, सैक्टर-15, फरीदाबाद
मोबाईल नं 9999894837

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS DHARMENDER, CS (COMM) No. 52/20 | Vehicle No- HR38Z5502, Make & Model– TATA MOTORS LTD. WINGER, Manu Year-2019, |
| ICICI Bank Ltd. Vs. Rajesh Kumar Tiwari, CS (COMM) No. 945/20 | Vehicle No- UP16AS1600, Make & Model– AUDI A6 2.0 TDI, Manu. Year- 2013, |
| ICICI BANK LTD VS MEHAK GOYAL, CS (COMM) No. 3020-21 | Vehicle No- DL10CJ6730, Make & Model– HONDA AMAZE 1.2 S MT, Manu Year-2017, |
| ICICI Bank Ltd. Vs. MOHD. GULSITAB, CS SCJ 2314/18 | Vehicle No- DL10ST6474, Make & Model– Yamaha Motors Pvt. Ltd SZ- RR, Manu Year- 2017 |
| ICICI Bank Ltd. Vs. PUJA THAKUR, CS (COMM) NO. 4615/21 | Vehicle No- DL10CJ7587, Make & Model – TATA MOTORS LTD TIGOR XE 1.05D, Manu. Year- 2017, |
| ICICI Bank Ltd. Vs. KAILASH CHAND, Ex. No. 703/21 | Vehicle No- HR38T0435, Make & Model – TATA ACE, Manu. Year- 2013 |
| ICICI BANK LTD Vs NEHA KAUSHIK, CS(COMM) No. 67/19 | Vehicle No- UP16BU3237, Make & Model–HYUNDAI EON MAGNA PLUS, Manu. Year-2017 |

**Auction Date: 4-March-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** – Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram - 122022
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/Jitendra Kumar (7304914763)**
**And**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI Bank Ltd. Vs. PINTU TYAGI, Suit No. CS (COMM)1052/20 | Vehicle No- UP14JT0615, Make & Model – TATA MOTORS LTD ULTRA 1518, Manu. Year-2019, |

**Auction Date: 4- March-2022 From 1:00 pm to 2:00 pm.**
**Place of Auction: Shriram Automall, Vill- Mamurpur, Pio Maniyari Road Narela, Delhi-110040**
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/Jitendra Kumar (7304914763)**

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction sitewith original KYC documents to participate in the auction. .
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


## जेवर-बुलंदशहर मार्ग हुआ बंद

**नोएडा।** नोएडा। जेवर बुलंदशहर मार्ग को सोमवार से बंद कर दिया गया है। इस मार्ग को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्य की वजह से बंद किया गया है। इस मार्ग का 4 किलोमीटर का हिस्सा एयरपोर्ट के अंदर आ रहा है, जिस वजह से इसे बंद किया गया है। हालांकि स्थानीय गांव वासियों ने इस मार्ग के बंद करने पर विरोध किया। लेकिन काफी कहासुनी के बाद गांव के निवासियों को आने-जाने की अनुमति दे दी गई है।

बुलंदशहर की तरफ से आने वाले वाहनों को झाझर पुलिस चौकी से जहांगीरपुर की तरफ डायवर्ट किया गया है। वही, जेवर की तरफ से आने वाले वाहनों को साबौता इंटरचेंज पर रोक दिया गया है। लेकिन स्थानीय गांववासियों को आने जाने की छूट दी गई है।


**KOTAK MAHINDRA BANK LTD.**
**PUBLIC NOTICE**

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 09 (Nine) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.
Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| **ALL THAT** the piece or parcel of commercial property being, Ground Floor admeasuring about 950 sq ft carpet area (approx) and First floor 750 sq ft carpet area (approx) in total 1700 sq ft carpet area (approx.) of the building situate & lying at 15-B, Model Town (East) G.T. Road, Ghaziabad-201001,Uttar Pradesh. | **Mr. Virender Nath Aggarwal,** son of Chaudhary Chhabil Dass, residing at Plot No. 41, 1st Floor, Block D, Kavi Nagar, Ghaziabad-201002-Uttar Pradesh. |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097
Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax–(022) 67259088






प्रेसवार्ता में सरस आजीविका मेले की जानकारी देते आयोजक।

# शिल्प हाट में 25 फरवरी से लगेगा सरस आजीविका मेला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- 18 से अधिक राज्यों की महिलाएं लगाएंगी व्यंजनों के स्टॉल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के अभियान को और गति देने के उद्देश्य नोएडा के सेक्टर 33 स्थित शिल्प हाट में सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 25 फरवरी से शुरू होगा तथा 13 मार्च तक चलेगा। यह जानकारी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव चरणजीत सिंह ने आयोजित प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस मेले में 18 से अधिक राज्यों की महिलाएं अपने राज्यों के विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन करेंगे। यह सरस आजीविका मेला लोगों के लिए प्रात: 11 बजे से रात 9:30 बजे तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि कुटुंब श्री द्वारा इस सरस आजीविका मेला में 18 राज्यों के फूड स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके अलावा 25 राज्यों के 160 अन्य स्टॉल भी लगाए जाएंगे जहां पर लोग अपने-अपने राज्यों के विभिन्न व्यंजन का प्रदर्शन करेंगे। सिलघाट में पिछले काफी दिनों से विभिन्न प्रकार के हथकरघा उत्पादों की वजह से चल रही है यह सरस आजीविका मेला ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा ग्राम विकास एवं पंचायती राज एनआईआरडीपीआर द्वारा किया जा रहा है।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | धीरज कुमार/ मेसर्स एयर गुरु ट्रैवल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड/ शिल्पा श्रीवास्तव/ मधुसूदन प्रसाद श्रीवास्तव/ LBDEL00005057084 | फ्लैट नंबर- 101 पहली मंजिल, टॉवर-डी, प्लॉट नंबर- 3, सेक्टर- 23, द्वारका, दिल्ली/ 19 फरवरी, 2022 | जून 23, 2021 ₹ 1,55,42,193/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मेसर्स यूनिवर्सल जोरनेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/ गीतांजलि आलमशाह/ जोरनेस एंड डेस्टिनेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/ स्टीफन आलमशाह/ LBDEL00002082106 | ऑफिस स्पेस नंबर- डीपीटी 534 पार्किंग नंबर- पीबी 1001, 5वीं मंजिल ब्लॉक-एफ, प्राइम टॉवर, प्लॉट नंबर 79 और 80 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया पीएच -1, दिल्ली, दिल्ली/ 19 फरवरी, 2022 | जून 19, 2021 ₹ 63,41,264/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | महेंद्र कुमार गुप्ता/ मोनिका गुप्ता/ LBDEL00004563271 | प्लॉट नंबर 75, पहली मंजिल चित्रा विहार दिल्ली/ 19 फरवरी, 2022 | जुलाई 06, 2021 ₹ 8,18,564/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: फरवरी 23, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


# 12-22 से रजनीगंधा तक सिग्नल फ्री होगा सफर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- परियोजना पर 6 करोड़ आएगा खर्च

नोएडा से दिल्ली का सफर अब और आसान होने जा रहा है। जल्द ही डीएनडी फ्लाईओवर से नोएडा 12-22 चौराहे तक फ्री रेड लाइट जोन की तैयारी नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु महेश्वरी द्वारा की जा रही है। इस मार्ग पर सिग्नल फ्री बनाने का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जानकारी के मुताबिक रजनीगंधा से 12-22 टी प्वाइंट तक 5 यू-टर्न बनाए जाएंगे।

यू-टर्न बन जाने के बाद चौराहे-तिराहे को बंद कर दिया जाएगा। यह निर्माण कार्य अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पूरे परियोजना में 6 करोड़ का खर्चा आएगा। लोगों का सफर और सुहाना हो जाएगा। फिलहाल नोएडा स्टेडियम के पेट्रोल पंप के सामने यू-टर्न बनने का कार्य चल रहा है। जिसका कार्य अंतिम चरण में है। रजनीगंधा से 12-22 चौराहे तक मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके आगे से सेक्टर-56 टी पॉइंट तक की रोड को सिग्नल फ्री बनाने के प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है।

इस मार्ग पर इंडस्ट्री एरिया की वजह से सुबह शाम वाहनों का ताता लगा रहता है। अधिक रेडलाइट होने की वजह से और दिल्ली जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का करना पड़ता है, लेकिन अब नोएडा प्राधिकरण ने खास प्लान तैयार किया है।

12-22 से दिल्ली में प्रवेश करते समय बिना रुकावट के वाहन फर्राटा भरते हुए जाएंगे। सीईओ ऋतु महेश्वरी ने बताया कि नोएडा में काफी तेजी के साथ विकास हो रहा है। आम जनता को कोई भी दिक्कत ना हो, इसके लिए नोएडा प्राधिकरण लगातार कार्य कर रहा है।

लोगों की सुविधाओं के लिए ही अब यह नई रूपरेखा तैयार की गई है। जिस पर कार्य काफी तेजी के साथ चल रहा है। बहुत ही जल्द 12-22 से रजनीगंधा तक सफर करने वालों को फायदा मिलेगा। इसके लिए 6 करोड़ रुपए का निवेश होगा।

**इन जगहों पर बनेगा यूटर्न**

- नोएडा स्टेडियम के पेट्रोल पंप के सामने
- सेक्टर-10 टीवीएस शोरूम
- सेक्टर-4 एचडीएफसी बैंक
- सेक्टर-20 थाने के नजदीक
- सेक्टर-12 राजकीय इंटर कॉलेज पास

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सड़कों पर मानवरहित बैरिकेड बड़ी मुसीबत

## हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा- शहर में बैरिकेड लगाने के लिए किस प्रोटोकॉल का पालन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने कहा कि सड़कों पर मानवरहित बैरिकेड्स लगाने का कोई उद्देश्य नहीं है। इससे आम लोगों के बिना वजह परेशानी होती है। उसने दिल्ली पुलिस को शहर में बैरिकेड्स लगाने के लिए अपनाए गए प्रोटोकॉल को पेश करने को कहा।

उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र का स्वतः संज्ञान लिया, जिसे दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र में कई सड़कों पर मानव रहित बैरिकेड्स लगाने के खिलाफ कार्रवाई करने के अनुरोध को लेकर उच्च न्यायालय को भेजा गया था।

न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने कहा, ओम प्रकाश गोयल (जिन्होंने पत्र लिखा था) द्वारा उठाए गए मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता है क्योंकि सड़कों पर इन मानवरहित बैरिकेड्स का प्रथमदृष्टया कोई उद्देश्य नहीं है और वास्तव में इससे बड़े पैमाने पर लोगों को असुविधा होती है। इस तरह के बैरिकेड्स का इस्तेमाल कियोस्क लगाने और वाहनों की पार्किंग के लिए भी किया गया है।



अदालत ने दिल्ली पुलिस आयुक्त, दिल्ली सरकार, केंद्र और आयुक्त के माध्यम से दक्षिणी दिल्ली नगर निगम को नोटिस जारी किया।

मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 अप्रैल को होगी। पीठ ने कहा, प्रतिवादी (प्राधिकारी) सुनवाई की अगली तारीख से पहले अपनी संबंधित स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेंगे। दिल्ली पुलिस उस प्रोटोकॉल को रिकॉर्ड में रखेगी, जिसका पालन वे शहर में बैरिकेड्स लगाने के संबंध में करते हैं। तुगलकाबाद एक्सटेंशन में रहने वाले कारोबारी ओम प्रकाश गोयल ने दक्षिणी दिल्ली स्थित ओखला रोड, कालकाजी रोड समेत कई जगह पर मानवरहित बैरिकेड लगे होने से लोगों को हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए 10 दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। साथ ही इस तरह से बैरिकेड लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया था।

इस पर संज्ञान लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि ओम प्रकाश गोयल ने जो मुद्दा उठाया है, उस पर विचार करने की जरूरत है। सड़कों पर मानवरहित बैरिकेड लगाने से प्रथम दृष्टया कोई उद्देश्य हल नहीं होता। गोयल दिल्ली प्रदेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष होने का दावा करते हैं। उन्होंने दक्षिणी दिल्ली के कालकाजी और सीआर पार्क पुलिस थाना क्षेत्रों में मानव रहित बैरिकेड्स स्थापित करने से संबंधित शिकायतों को उठाया। गोयल ने पत्र में इस बात का भी जिक्र किया है कि बैरिकेड्स के कारण कई बार सड़कों पर लंबा जाम लग जाता है।

साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। मालूम हो कि गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, नय साल, होली समेत आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के मकसद से पुलिस शहर के प्रमु ा चौराहों, नाकाओं पर संदिग्धों की जांच करती है। इसके अलावा विदेशी मेहमानों के आने पर उनकी सुरक्षा के लिए भी बैरिकेड्स लगाया जाता है। कई बार देखा जाता है कि बैरिकेड्स तो लगा दिए जाते हैं लेकिन वहां पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहते हैं। यातायात के सुचारू रूप से चलने में बाधा उत्पन्न होती है।

# उर्दू अकादमी में स्वीकृत 55 पदों में 30 खाली

● दिल्ली की दूसरी भाषा का दर्जा प्राप्त उर्दू के साथ बेरुखी

जाहिद अली। नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में उर्दू को दूसरी भाषा का दर्जा मिला हुआ है बावजूद इसके इसका प्रचार प्रसार करने वाले अकेडमी का हाल यह है कि यहां तीस पद खाली पड़े हुए है। वहीं कुछ समय बाद कुछ और कर्मचारी रिटायर्ड होने वाले है।

हालत यह है कि पिछले सात साल से यहां कोई स्थायी नियुक्ति नहीं हुई है। दिल्ली उर्दू अकादमी के उपाध्यक्ष हाजी ताज मोहम्मद ने कहा कि कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति के लिए दिल्ली शासन को पत्र भेजा गया था। कोरोना वायरस के चलते अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है। हालांकि ताज ने साफ किया तीस पद खाली है, इन पदों पर 13 स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति करके अकादमी अपना काम चला रही है। उन्होंने आशा व्यक्ति की है कि जल्द ही अकादमी के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। दिल्ली में उर्दू अकादमी का मुख्य काम उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना है। अकादमी के तरफ से उर्दू भाषा के प्रचार प्रसार के लिए कई कार्यक्रम और योजनाएं चलाई जाती हैं जिसमें सेमिनार, संगोष्ठी, मुशायरा, उर्दू किताबों का प्रकाशन, लाइब्रेरियों का संचालन, कंप्यूटर और कैलीग्राफी आदि की क्लास चलाई जाती है।

कोरोना के चलते अकादमी को दी जाने वाली धनराशि भी इस दौरान पूरी तरह से खर्च नहीं हो पा रही है। दिल्ली उर्दू अकादमी को चलाने के लिए सरकार की तरफ से जो कर्मचारियों की तैनाती की गई है उसमें निर्धारित पद 55 है। यह सभी स्थायी पोस्ट हैं लेकिन इसमें से 30 पद रिक्त पड़े हुए हैं। इन पदों के खाली होने का मुख्य कारण यहां पर तैनात कर्मचारियों का सेवानिवृत्त होना है। पिछले सात-आठ सालों में जो भी कर्मचारी यहां पद से रिटायर हुआ है उस पद पर किसी भी नए कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की गई है।

अकादमी के सहायक सचिव भी रिटायर हो गए हैं लेकिन उन्हें सेवाकाल में विस्तार देकर उन से काम चलाया जा रहा है।

उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से सरकार के उदासीन रवैया पर चिंता व्यक्त की गई है। ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लाल बहादुर का कहना है कि खाली पदों के बारे में सरकार को खबर है।

उरूज फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नईम अंसारी का कहना है कि दिल्ली में उर्दू को राज्य की दूसरी भाषा का दर्जा प्राप्त है लेकिन उर्दू के प्रति रवैया सौतेला है।

# भाजपा ने जारी की निगमों की उपलब्धियों पर रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



● साफ-सफाई, प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, जलभराव, यातायात जैसे मुद्दों पर भी जोर

प्रदेश भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की उपलब्धियों पर एक रिपोर्ट जारी की है। लोक नीति शोध ने नगर निगमों की उपलब्धि पर कर्मनिष्ठा दिल्ली नगर निगम शीर्षक से रिपोर्ट सार्वजनिक की है।

पीपीआरसी के निदेशक डॉ. सुमीत भसीन ने एमसीडी के राजस्व में बढ़ोत्तरी को लेकर विंडो टू वंडर की अवधारणा पर बात की जो चीन के प्रयास से प्रेरित है। उन्होंने स्वच्छता, प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, जल-जमाव, यातायात जैसे मुद्दों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब इसी तरह के मुद्दों को उठाया जा रहा है और वास्तव में प्रदूषण के कारण दिल्ली में स्थिति खराब हो गई है। यह एक वास्तविकता है और दिल्ली के लोगों के लिए एक सतत चुनौती भी है। पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन में बताया गया कि कैसे एमसीडी स्थानीय शासन का चेहरा बन गए हैं, और इस दौरान स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा, कचरे प्रबंधन, कोविड रोकथाम जैसे मुद्दों पर कार्य किया गया। डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि पीपीआरसी ने घोषणापत्र की समीक्षा से लेकर विभिन्न मुद्दों की पहचान करने और उनके समाधान प्रदान करने को लेकर रिपोर्ट जारी किए हैं। डॉ. सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि एमसीडी ने सुशासन के मामले में बहुत कुछ हासिल किया है। आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा एमसीडी की प्रभावशीलता को पंगु बनाने के उद्देश्य से धन हस्तांतरित करने में देरी करती है। इसके बाद भी एमसीडी ने लोगों की सेवा करने का हर संभव प्रयास किया है।

## ओखला विहार मेट्रो स्टेशन पर डिजिटल लाइब्रेरी शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने मंगलवार को ओखला विहार मेट्रो स्टेशन पर एक पुलिस पब्लिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया। यह तीसरा दिल्ली पुलिस पब्लिक पुस्तकालय है।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इसमें कानून सहित विभिन्न विषयों पर और प्रतियोगी परीक्षाओं पर 3,000 से अधिक पुस्तकें हैं। लाइब्रेरी की सुविधाओं का लाभ उठाकर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने जिक्र किया कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है।



ओखला विहार मेट्रो स्टेशन पर पुलिस-पब्लिक पुस्तकालय का उद्घाटन करते पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना।

# प्रेमी के साथ मिलकर करवाई पति की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● दूधिया की हत्या के मामले में महिला समेत छह गिरफ्तार

दिल्ली में अपने पति की कथित तौर पर हत्या करने के मामले में एक महिला को छह अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक महिला के एक आरोपी गौरव तेवतिया के साथ विवाहेतर संबंध थे, जिसने प्रदीप (35) की हत्या के लिए अपने पांच सहयोगियों को चार-चार लाख रुपए की पेशकश की थी। प्रदीप दूध बेचने का काम करता था। रोहिणी में हेलीपोर्ट रोड पर प्रदीप का शव मिलने के एक दिन बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार प्रदीप रोहिणी के रिठाला का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि मामले में छानबीन के दौरान पता चला कि प्रदीप की पत्नी सीमा का पिछले आठ साल से गौरव तेवतिया के साथ विवाहेतर संबंध था और वे दोनों (महिला और तेवतिया) साथ रहना चाहते थे। पुलिस ने बताया कि अन्य पांच आरोपियों की पहचान रिंकू पंवार (22), सौरभ चौधरी (23), प्रशांत (22), परविंदर (23) और विशन कुमार (18) के रूप में की गई है।

## पंजाबी बाग में बाइक सवारों ने लूटे 11 लाख

नई दिल्ली। पंजाबी बाग क्षेत्र में बाइक सवार तीन लोगों ने एक व्यक्ति से 11 लाख रुपए कथित तौर पर लूट लिए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घटना सोमवार को हुई। सोमवार को अपराह्न ढाई बजे रतन शुक्ल वैद्य ने पुलिस को सूचना दी कि जब वह जखीरा की ओर जा रहा था तब रोहतक रोड पर पंजाबी बाग अंडरपास पर मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने उससे 11 लाख रुपए लूट लिए। पीड़ित मोबाइल रिचार्ज की एक दुकान पर काम करता है।

# फर्जी पुलिसकर्मी बन किया युवक का अपहरण, 3 पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● गिरफ्तार आरोपी में बढ़ई, दर्जी व कैब चालक

राजधानी में में फर्जी पुलिस बनकर 19 वर्षीय युवक का अपहरण कर फिरौती लेने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी बढ़ई, एक दर्जी और एक कैब चालक है।

पुलिस उपायुक्त ईशा पांडे ने मंगलवार को बताया कि 18 फरवरी को जैतपुर पुलिस स्टेशन में एक लड़के के अपहरण और फिरौती की मांग के संबंध में एक कॉल आई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि, उसके भतीजे का कुछ अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है तथा फिरौती के रूप में दो लाख रुपये की मांग की है और पुलिस को जानकारी देने पर गंभीर परिणाम की धमकी भी दी है।

अपहरणकर्ताओं ने फिरौती की रकम लेकर लोहिया पुल आने को कहा। पीड़ित को एक अपहरणकर्ता द्वारा लोहिया पुल लाया गया, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस टीम को देख बाकी मौके से फरार हो गए। हालांकि बाद में पकड़े गए अपहरणकर्ता के कहने पर अन्य दो आरोपियों को भी उनके आवास से पकड़ लिया गया। आरोपियों की पहचान साजिद, वकील उर्फ वसीम और तैयब्बर अली के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से फिरौती की रकम और फर्जी पुलिस आईडी कार्ड बरामद किया है। लगातार पूछताछ करने पर सभी अपहरणकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने पीड़ित का अपहरण करने की योजना बनाई थी। उन्होंने उसके घर से सौरभ विहार की एक मस्जिद तक उसका पीछा किया। तीनों आरोपियों ने उसे रोका और नकली पुलिस आईडी कार्ड दिखाकर खुद को पुलिस अधिकारी के रूप में पेश किया। आरोपी साजिद कारपेंटर का काम करता था, वकील कैब ड्राइवर का काम करता था और तैयब्बर अली दर्जी का काम करता था।

# संक्षिप्त समाचार

## किसानों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



नई दिल्ली। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पिछले 14 दिनों से लगातार मुख्यमंत्री निवास के बाहर दिल्ली के किसानों के हक में विरोध प्रदर्शन करते हुए हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया दिल्ली के किसान अपनी 24 मांगों को मनवाने के लिए 8 फरवरी से धरने पर बैठे हैं लेकिन सरकार में उनकी सुनवाई नहीं है। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन के नेतृत्व में मजदूर किसान और गांव के लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भगवान से केजरीवाल की सदबुद्धि के लिए कामना की।

## पैंथर क्वांट की गॉटबिट फाउंडेशन के साथ भागीदारी

नई दिल्ली। एल्गो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पैंथर क्वांट ने गॉटबिट फाउंडेशन के साथ भागीदारी की है, जो ब्लॉकचेन डेवलपमेंट, मार्केट-मेकिंग आदि जैसी सेवाओं के पूर्ण स्पेक्ट्रम को कवर करता है। पैंथर क्वांट भारत का पहला ब्लॉकचेन आधारित एल्गो-ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है, जो इस क्षेत्र में क्रांति की शुरुआत की है। प्लेटफॉर्म अपने ग्राहकों के लिए ट्रेडिंग को आसान बनाने के लिए लाइव क्रिप्टो मार्केट पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सक्षम सेंटीमेंट एनालिसिस का उपयोग करता है। पैंथर क्वांट के संस्थापक मानव बजाज ने कहा कि गॉटबिट ने प्रसिद्ध ब्लॉकचेन परियोजनाओं के साथ काम किया है और हमें उनके साथ जुड़कर खुशी हो रही है।

## मिड डे मील योजना बंद करने की साजिश : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों में कोविड के नाम पर 14 फरवरी से मिड-डे मील को पूरी तरह बंद कर 13 लाख गरीब बच्चों के पोषण के साथ बड़ी साजिश की है। यह आरोप दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कम्युनिकेशन विभाग के चैयरमेन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने लगाते हुए कहा कि स्कूल खुलने के बाद मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने अभिभावकों की लिखित सहमति का बहाना लेकर सरकार की नाकामियों को छुपाने की कोशिश कर रहे है। इस सहमति के तहत अभिभावक बच्चों को खाना और पानी के साथ स्कूल भेजेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 2006 में मिड-डे मील योजना की शुरुआत की थी जिसको 2013 में खाद्य सुरक्षा कानून के तहत मिड-डे मील को सुनिश्चित करवाने का काम किया था।

## सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिए दिशा-निर्देश जारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के अनुपालन करते हुए पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने अनाधिकृत कॉलोनियों व बिना सीवर वाले क्षेत्रों में सेप्टिक टैंकों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवेज/सेप्टेज को एकत्रित करने, परिवहन और निष्पादन किया जाएगा। इस नए दिशा निर्देश के तहत पूर्वी निगम यह सुनिश्चित करेगा कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा अनाधिकृत कॉलोनियों में सेप्टिक टैंक की सफाई हो रही है तथा सीवेज को उठाकर दिल्ली जल बोर्ड के ही एसटीपी पर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए पूर्वी दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर 206 पंजीकृत सीवेज सेप्टिक टैंक साफ करने वाले ऑपरेटर्स की सूची उपलब्ध कराई गई है।

## वक्फ बोर्ड ने किया मरकज खोलने का अनुरोध

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने निजामुद्दीन मरकज को फिर से खोलने के अनुरोध वाली वक्फ बोर्ड की याचिका पर मंगलवार को पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। निजामुद्दीन मरकज में मार्च 2020 में तब्लीगी जमात कार्यक्रम का आयोजन किया गया था और यह उस समय से बंद है। वक्फ बोर्ड ने दलील दी कि मार्च और अप्रैल में शब-ए-बरात एवं रमजान हैं। केंद्र सरकार के वकील ने न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता को सूचित किया कि पुलिस और दिल्ली वक्फ बोर्ड ने मरकज को फिर से खोलने सहित अन्य मुद्दे पर गौर करने के लिए पहले ही मरकज का संयुक्त निरीक्षण किया है। मामले में अगली सुनवाई के लिए तारीख मार्च की तारीख तय की। वक्फ बोर्ड ने अपनी याचिका में कहा कि मामले में सुनवाई की अगली तारीख 21 अप्रैल थी जबकि शब-ए-बारात का त्योहार नजदीक आ रहा है।

## आजादी का अमृत महोत्सव



निजामुद्दीन ईस्ट चौराहा, लाजपत नगर, पंत नगर और डिफेंस कॉलोनी में सौंदर्यीकरण

# चौराहों, फ्लाईओवरों और मेट्रो पिलर पर उकेरी मधुबनी पेंटिंग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम स्वतंत्रता के 75वें वर्ष पूरा होने पर केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शहर को साफ सुथरा और सुंदर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। एसडीएमसी अपने इलाके चौराहों, फ्लाईओवरों, पार्कों, मेट्रो पिलर और प्रमुख पर्यटन स्थलों की दीवारों पर मधुबनी पेंटिंग, और वाद्य यंत्रों की चित्रकारी उकेरी।

इसके अलावा निगम के चारों क्षेत्रों में हर धड़कन है स्वच्छ भारत की कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता एंथम का व विद्यालयों ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत मेरा शहर मेरी पहचान कार्यक्रम आयोजित किया। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम अपने क्षेत्रों को हरा-भरा और साफ-सुथरा बनाने के मकसद से कई तरह के कार्यक्रमों को चला रहा है। जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक, सड़क किनारे खड़े खराब वाहनों को उठाने, सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने, गीला और सूखे कचरे का स्रोत पर निस्तारण कर लोगों को जागरूक कर रहा है।

इसके अलावा निगम सी.एंड.डी वेस्ट को हटाना, व्यावसायिक क्षेत्रों एवं प्रमुख बाजारों में रात्रि में साफ-सफाई इत्यादि कार्य किये जा रहे है। जिससे स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में दक्षिणी निगम की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हो। भारतीय संस्कृति, संगीत और कला को दर्शाते हुए ये चौराहे, फ्लाईओवर एवं मेट्रो पिलरों चित्रकला से संवर कर निखार दिया है। लोगों को भा रहा इलाके का नया लुक। निगम ने अब तक 12 चौराहों, 5 फ्लाईओवरों, 7 पार्कों, 3 स्थानों पर मेट्रो पिलर एवं अन्य स्थानों का सौंदर्यीकरण किया है।

# कोविड प्रोटोकाल: खुले में चल रही डीयू की कक्षाएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कई कॉलेजों ने उठाए कदम

डीयू के कई कॉलेज खुले मैदान में कक्षाओं का आयोजन कर रहे हैं ताकि एक-दूसरे से दूरी सुनिश्चित की जा सके, क्योंकि अधिकतर विद्यार्थी कक्षाओं में शामिल होने के लिए कॉलेज पहुंचने लगे हैं।

कॉलेज उन विद्यार्थियों को नियमित परामर्श उपलब्ध करा रहे हैं जो मनोवैज्ञानिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं, ताकि उन्हें नए माहौल में खुद को ढालने में मदद मिल सके। दिल्ली विश्वविद्यालय पिछले बृहस्पतिवार को खुला था और विद्यार्थी अच्छी खासी संख्या में कॉलेजों का रुख कर रहे हैं।

कॉलेजों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में विद्यार्थियों की संख्या में और इज़ाफा होगा। हिंदू कॉलेज की प्रधानाचार्य अंजू श्रीवास्तव ने कहा, हम कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की कोशिश कर रहे हैं।

बड़ी संख्या में विद्यार्थी आ रहे हैं, ऐसे में सामाजिक दूरी का पालन करना मुश्किल हो रहा है। भीड़भाड़ की भी समस्या है। एक दूसरे से दूरी बनाना नामुमकिन है, लेकिन हम मास्क और अन्य प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करा रहे हैं। श्रीवास्तव का मानना है कि कॉलेज दो साल बाद खुले हैं, ऐसे में चीज़ों के स्थिर होने में समय लगेगा।

इस बीच, रामजस कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज खन्ना ने कहा कि विद्यार्थियों में चिंता का स्तर बहुत अधिक है।

## डीडीएमए की बैठक बुलाएं उपराज्यपाल : सीटीआई

नई दिल्ली। दिल्ली में व्यापारियों के संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने उपराज्यपाल से कोविड-19 महामारी की स्थिति में सुधार के मद्देनजर डीडीएमए की बैठक बुलाने और शेष पाबंदियों को हटाने का अनुरोध किया है।

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की पिछली बैठक 4 फरवरी को हुई थी। सीटीआई के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा, पिछली बैठक को 18 दिन हो चुके हैं। संक्रमण दर में कम हो रही है तो बाकी प्रतिबंध हटा दिए जाने चाहिए।

# चिड़ियाघर 1 मार्च से खुलेगा, करें जानवरों का दीदार

● खिड़की पर नहीं मिलेंगे टिकट, सिर्फ ऑनलाइन बुकिंग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




स्कूलों, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों के खुलने के बाद अब मार्च से दिल्ली वाले चिड़ियाघर जाकर शेर, हाथी समेत अपने पसंदीदा जानवरों का दीदार कर सकेंगे।

इसके मद्देनजर चिड़ियाघर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक चिड़ियाघर अगले सप्ताह यानी एक मार्च से खुलेगा। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते पर्यटकों की संख्या को सीमित रखा गया है। बाद में हालात की समीक्षा कर दर्शकों की संख्या में इजाफा किया जाएगा। यहां आने वाले पशु प्रेमियों को लाइनों लगकर टिकट लेने की अनुमति नहीं है। खिड़की पर टिकटों की बिक्री पर रोक रहेगी, जबकि आनलाइन टिकट लोग आसानी से घर पर रह कर ही ले सकेंगे। चिड़ियाघर प्रशासन ने पर्यटकों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं जिसमें मास्क लगाना अनिवार्य होगा। शारीरिक दूरी के नियम भी मानने होंगे। यहां आने वालों को अपने साथ सैनिटाइजर लाने का सुझाव दिया है। प्रवेश से पहले पर्यटक को थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। चिड़ियाघर के भीतर खाने पीने की चीज़ें लेकर जाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी।

दिल्ली चिड़िया घर घूमने के लिए आनलाइन टिकट लेना है तो दर्शकों को बेहद आसान प्रक्रिया से गुजरना होगा। इसके लिए सबसे पहले इससे जुड़ी वेबसाइट पर जाना होगा। यहां पर टिकट बुक करने की कड़ी में दर्शक को अपना मोबाइल फोन नंबर के साथ अन्य जानकारी साझा करनी होगी।

इसके बाद मोबाइल फोन पर ओटीपी आएगा। नंबर वेरिफाई होते ही टिकट बुकिंग स्क्रीन पर पहुंच जाएंगे। टिकट बुकिंग के दौरान आपना स्लाट और टिकटों की संख्या तय करनी होगी।

टिकटों का भुगतान डिजिटल माध्यम से करना होगा। मालूम है कि चिड़ियाघर में जानवरों की 100 के करीब प्रजातियां हैं। इनमें तकरीबन 12 सौ जानवर शामिल हैं। अगले 10 वर्षों के दौरान 236 जानवरों की प्रजातियों को जोड़ा जाएगा। दरअसल, चिड़िया घर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जाएगा। इसकी भी तैयारी की जा रही है।

# गुरुग्राम विवि के बाहर छात्रों पर किया हल्का बल प्रयोग

**विश्वविद्यालय के गेट के बाहर धरना देकर छात्र-छात्राओं ने की नारेबाजी**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बाहर धरना देकर ऑफलाइन परीक्षा का विरोध करते विद्यार्थी।

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय में ऑफलाइन परीक्षा के विरोध में कई दिनों से छात्रों द्वारा विरोध किया जा रहा है। मंगलवार को भी सैंकड़ों छात्र-छात्राएं यहां विश्वविद्यालय के गेट के बाहर धरने पर बैठे और नारेबाजी की। विवि प्रशासन से बात सिरे नहीं चढ़ने पर छात्रों ने रोष बढ़ गया। इस दौरान पुलिस ने उन पर हल्का बल प्रयोग भी किया।

विरोध कर रहे विद्यार्थियों को गुरुग्राम विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोपहर एक बजे विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए बुलाया। कमेटी सदस्यों ने विद्यार्थियों को ऑफलाइन परीक्षा देने की बात फिर से दोहराई। कोरोना संक्रमित या दूसरे प्रदेश में रहने वाले विद्यार्थियों को ही ऑनलाइन परीक्षा का विकल्प देने की बात कही।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बाहर आकर प्रदर्शन कर रहे अन्य विद्यार्थियों से विवि प्रशासन का जवाब बताया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपना आंदोलन तेज करने की बात कहते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। यहां छात्राओं की संख्या भी अच्छी-खासी रही। विद्यार्थियों ने हंगामा करते हुए विवि के मुख्य गेट के बाहर जाम लगा दिया। विद्यार्थियों को सड़क से हटाने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। इसमें एक-दो विद्यार्थियों को और सेक्टर-50 थाना के एसएचओ राहुल देव के मोबाइल टूट गए। हंगामा बढ़ता देखकर पुलिसकर्मियों ने कई विद्यार्थियों को अपने वाहनों में बैठा लिया। अन्य विद्यार्थियों ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय के आसपास की सड़कों पर पत्थर रखकर वाहनों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मियों ने पत्थर हटाकर ही वाहनों के लिए रास्ते खोले। हंगामा के बाद गुरुग्राम विवि की कमेटी ने विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल विद्यार्थियों से मांगों के बारे में पूछा। विद्यार्थियों ने ऑनलाइन को विकल्प देने की मांग की, लेकिन विवि प्रशासन ने सिरे से खारिज कर दिया। विद्यार्थियों ने विवि की कमेटी को मांगपत्र सौंपा, जिसमें 9 प्रश्नों में कोई 3 प्रश्न का विकल्प देने और सेमेस्टर पेपर में आने वाली री-अपीयर की परीक्षा के आवेदन करने में लगने वाले शुल्क या फीस को नहीं लेने मांग कमेटी सदस्यों के समक्ष रखी।

# वित्त वर्ष 2022-23 के प्रॉपर्टी टैक्स रि-असेसमेंट के नोटिस दे रहा निगम

**किसी भी प्रकार के दावे-आपत्ति के लिए पीएमएस हरियाणा पोर्टल पर करें संपर्क**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के प्रॉपर्टी टैक्स रि-असेसमेंट नोटिसों का वितरण किया जा रहा है। अगर आपको इन नोटिस में अपने प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति है, तो आप एक माह के भीतर पीएमएस हरियाणा पोर्टल पर जाकर ठीक करवा सकते हैं।

दावे-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की सूरत में एक माह बाद यह माना जाएगा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा आपकी प्रॉपर्टी पर निर्धारित किया गया टैक्स सही है। आप इसका भुगतान करने के लिए तैयार हैं। सर्वे के दौरान अगर किसी प्रॉपर्टी मालिक ने किसी भी प्रकार की सूचना छिपाई है या गलत सूचना दी है, तो ऐसे मामले में पैनल्टी भी लगाई जाएगी। प्रॉपर्टी टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम अर्थात पीएमएस पोर्टल पर शहर की सभी प्रॉपर्टीज लाइव कर दी गई हैं। प्रॉपर्टी आईडी ना होने की सूरत में भी आप अपने नाम या मोबाइल नंबर से अपनी प्रॉपर्टी को सर्च कर सकते हैं। दावा-आपत्ति पर आप पोर्टल पर रेज ऑब्जेक्शन पर क्लिक करके अपनी आपत्ति दर्ज करवाएं। नगर निगम द्वारा सभी प्रॉपर्टीज की डिटेल व फोटो अपडेट करने के लिए याशी कंसल्टिंग कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है। पोर्टल पर मैपिंग के जरिए भी अपनी प्रॉपर्टी को सर्च किया जा सकता है। प्रॉपर्टी डिटेल में आईडी, नाम, कॉलोनी, एड्रैस, लैंडमार्क, प्रॉपर्टी टाईप, ऑनरशिप टाईप, कैटेगरी, प्रॉपर्टी एरिया आदि सभी डिटेल उपलब्ध हैं।

**नगर निगम सीमा में 503647 प्रॉपर्टी शामिल :** नगर निगम गुरुग्राम सीमा में याशी कंपनी द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार 503647 प्रॉपर्टी शामिल हैं। इनमें रिहायशी श्रेणी में 316666 यूनिट, कमर्शियल श्रेणी में 61571 यूनिट, औद्योगिक श्रेणी में 4983 यूनिट, संस्थागत श्रेणी में 2014 यूनिट, खाली प्लॉट श्रेणी में 78820 यूनिट, विशेष श्रेणी में 8003 यूनिट, मिक्स यूज श्रेणी में 27094 यूनिट तथा एग्रीकल्चर श्रेणी में 4496 यूनिट शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ें में दंपति घायल

**सोहना।** सदर थाना का गांव सरमथला में आपसी रंजिश के चलते हुए झगड़ा में दंपति पर नकुली हथियारों से हमल करके घायल कर दिया। घायल दंपति को अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो महिलाओं समेत पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है। सरमथला निवासी समन्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पडोसी महेन्द्र पुत्र जगतसिंह के उसके साथ पहले भी कई बार आपसी रंजिश रखते हुए झगड़ा कर चुका है। जिसका गांव के मौजूदा लोगों द्वारा कई बार राजीनाम कराया गया। लेकिन सोमवार को एक बार महेन्द्र व उसके दो बेटे अभिषेक व अतुल ने उसकी पत्नी सरोज को रास्ते में रोकर झगड़ा किया। उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। शोर मचाने पर महेन्द्र , उसकी पत्नी अनिता व मां इन्द्रावती भी अपने हाथों में कुल्हाड़ी, नकुला दाव, चाकू व लाठी-डंडे लेकर आ गए। महेन्द्र ने अपने हाथ में ली हुई कुल्हाड़ी से उसके सिर पर वार करते हुए जख्मी कर दिया। अन्य लोगों ने उन्हे सरेआम रास्ते में पीटा। आस पास के घरों से शोर सुनकर आए ग्रामीणों ने उनका बचाव कराया। पीड़ित शिकायतकर्ता समन्ता ने अपनी और अपने परिजनों की पुलिस से सुरक्षा मांगी है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने पर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### सट्टा खिलाने वाले को दबोचा

**सोहना।** सिटी थाना पुलिस ने अनाज मंडी में सरेआम सट्टा खाई करने वाले को दबोचा। गिरफ्तार आरोपी से तलाशी के दौरान 1730 रुपये की नकदी बरामद की। सोमवार को सिटी थाना में तैनात हवलदार सुखबीर अनाज मंडी में गश्त कर रहा था। गश्त के दौरान सुखबी को सूचना मिली कि वार्ड-14 पठानवाड़ा निवासी इसराईल मंडी में चाय की दुकान पर खड़ा होकर सट्टा खाई कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच इसराईल को दबोच लिया। जिसके पास कागज पर लिखें सट्टा के अंक व अलग-अलग नंबरों पर लगाई गई 1730 रुपये की राशि को बरामद कर लिया।

### परिवार पहचान पत्र में शामिल दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण कार्य जारी

**गुरुग्राम।** स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार गुरुग्राम जिला में परिवार पहचान पत्र में सूचीबद्ध 8970 दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य के तहत आशा वर्करों द्वारा घर घर जाकर डाटा एकत्रित करने उपरान्त उसे क्रीड पोर्टल पर भी अपलोड किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 3077 व शहरी क्षेत्र में 5393 लोगों ने स्वयं को परिवार पहचान पत्र में दिव्यांग के रूप में दर्शाया है। जिला सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव के मुताबिक सभी आशा वर्कर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जाकर जो भी दिव्यांग व्यक्ति है, उनको आधार नंबर से वेरीफाई करती है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन क्रीड पोर्टल पर सभी दिव्यांगजन रजिस्टर नहीं है। ऐसे में बचे हुए दिव्यांगजनों का डाटा भी एकत्रित कर उसे वैरिफाई किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला में चल रहे सर्वेक्षण कार्य को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. यादव ने दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने के प्रक्रिया के बारे में बताया कि दिव्यांगजन को सर्वप्रथम स्वालम्बन पोर्टल पर स्वयं का पंजीकरण कराना होगा। आवेदन उपरांत प्रत्येक बुधवार को नागरिक हॉस्पिटल सेक्टर-10 में कमरा नम्बर 228 व प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को उपमंडल नागरिक अस्पताल पटौदी व चौथे शुक्रवार को उपमंडल नागरिक सोहना अस्पताल में आकर अपना दिव्यांग सर्टिफिकेट यूडीआईडी कार्ड बनवा सकते है। उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन कार्यालय गुरुग्राम द्वारा स्वावलम्बन पोर्टल पर जितने भी रजिस्टर्ड दिव्यांग हैं, उन सभी के पास दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने के लिए पत्र भी भेजे गए है।

### पेड़ से टकराई क्रेटा में एक छात्र घायल, तीन बाल-बाल बचे

**सोहना।** भोंडसी से सिलानी जाने वाले परमिट लाइन मार्ग पर गढ़ीबाजीदपुर के निकट तेज रफ्तार क्रेटा गाड़ी सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद खेत में जाकर पलट गई। जिसमें पलटने के बाद आग लग गई। गाड़ी में चालक समेत पांच लोग सवार थे। जिसमें से बीए कर रहा एक छात्र घायल हो गया तथा चार अन्य सुरक्षित बच गए। घायल छात्र को गुरुग्राम के अस्पताल में दाखिल कराया है। गांव गढ़ीबाजीदपुर निवासी मुकेश ने बताया कि उसका बेटा दीपेन गुरुग्राम के कॉलेज में बीए में पढ़ने जाता है। आज मंगलवार को सायं करीब 4 बजे वह गांव आने के लिए उसका बेटा दीपेन भोंडसी में परमिट लाइन मार्ग के मोड़ पर खड़ा था। जिसने गांव की तरफआ रही क्रेटा गाड़ी के चालक को रुकवाया और उसमें बैठकर घर आ रहा था। दीपेन उसे बताया कि गाड़ी चालक तेज रफ्तार से चला रहा था। जिससे गाड़ी को संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खड़ा पेड़ से टकराने के बाद खेत में जाकर पलट गई। गाड़ी में पलटने के साथ ही आग लग गई। जिसमें उन सभी ने जैसे तैसे करके अपनी जानते हुए बाहर निकल गए। इस दौरान दीपेन को गर्दन में गंभीर चोटें लगी। उसके अलावा तीन अन्य लोगों की पहचान नहीं हो सकी है। सभी मौके से फरार हो गए। गाड़ी में लगी आग की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। मौके पर सोहना से पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी में लगी आग पर काबू पा लिया गया।

### चिंतल्स पैराडिसो हादसा: सरिया की जांच अब कुरुक्षेत्र में होगी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की नवनियुक्त पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने मंगलवार को चिंतल्स सोसायटी में जाकर लोगों से बात की। इस दौरान उन्होंने वहां के निवासियों को आश्वस्त किया कि इस घटना की जांच में सभी तथ्यों को ध्यान में रखा जा रहा है। साइंटिफिक व पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने वहां बताया कि इस मामले की गहनता से जांच के लिए बिल्डिंग के गिरे हुए सभी 6 स्लैब के कंक्रीट के सेम्पल एफएसएल मधुबन भेजे दिए गए थे। एफएसएल की टीम मधुबन में सरिए की जांच ना होने के कारण सरिए के सैम्पल एनआईटी कुरुक्षेत्र में जांच के लिए भेजे जाएंगे। वहां की टीम से सम्पर्क कर लिया गया है, जो कि जल्द ही सेम्पल लेने के लिए आएगी। चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी की ओर से दो लोगों आरडबल्यूए अध्यक्ष राकेश हुड्डा व सचिव सोनम अरोड़ा को जांच के लिए चयनित किया गया है।

# भगोड़ा घोषित धीरज सेतिया ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका

**गुरुग्राम।** खेड़की दौला थाना क्षेत्र की एक सोसायटी के फ्लैट से करोड़ों रुपये चोरी के मामले में आरोपी तत्कालीन पुलिस उपायुक्त धीरज सेतिया को गत सप्ताह जिला एवं सत्र न्यायालय की एक अदालत ने भगोड़ा घोषित करने के आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

स्थानीय अदालत ने आरोपी की संपत्ति का ब्यौरा एकत्रित कर आगामी सुनवाई पर अदालत में पेश करने के भी आदेश दिए हैं। गुरुग्राम के पूर्व डीसीपी आईपीएस धीरज सेतिया ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से निचली अदालत के भगोड़ा घोषित करने के आदेश को पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर इस आदेश को रद्द करने की गुहार लगाई है। न्यायालय से मांग की गई है कि उन्हें अग्रिम जमानत दी जाए। सत्र न्यायालय भी उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर चुका है।

गौरतलब है कि खेड़कीदौला थाना क्षेत्र की एक सोसायटी के फ्लैट में करोड़ों रुपये रखे हुए थे और वे चोरी हो गए थे। ये रुपये रखने वाली कंपनी ने चोरी की धनराशि का खुलासा नहीं किया था, लेकिन छानबीन में पता चला था कि ये चोरी करोड़ों में है। इस मामले में 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा चुका है। धीरज सेतिया इस दौरान पुलिस उपायुक्त क्राइम की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाले हुए थे। इस मामले में उनका नाम आने से निलंबित भी कर दिया था।

# रूस-यूक्रेन युद्धः गुरुग्राम के उद्योग होंगे प्रभावित

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**किसी भी दो देशों के बीच युद्ध का दुनिया भर में कारोबार पर पड़ता है असर**

**कच्चे माल के आयात व निर्यात में होगी दिक्कत**

**युद्ध हुआ तो अटक जाएंगे ऑर्डर व पेमेंट**

**रूस ( रशिया )** और यूक्रेन के बीच बनी युद्ध की स्थिति के बीच गुरुग्राम के गारमेंट उद्योग व अन्य उत्पादों के निर्यात को लेकर उद्योग जगत परेशान हो गया है। उद्योगपतियों का कहना है कि दोनों देशों के बीच युद्ध होता है तो कच्चा माल आयात और निर्यात का काम प्रभावित होगा। ऐसे में सभी की यही कामना है कि इन दोनों देशों के बीच शांति वार्ता हो और माहौल सही बने।

उद्योगपतियों की मानें तो माल अधिक समय में पहुंचने और खर्चा बढ़ने पर उत्पादन लागत बढ़ सकती है। कॉपर और एल्यूमिनियम के दाम भी बढ़ सकते हैं। इसका सीधा असर यहां की ऑटो मोबाइल इंडस्ट्री पर पड़ना लाजिमी है। उनका कहना है कि दुनिया के किसी भी दो देशों के बीच युद्ध होने या तनाव बढ़ने से दुनियाभर में कारोबार पर सीधा असर पड़ता है। जैसे ही जंग शुरू होगी तो युद्ध प्रभावित व अन्य देशों के बीच कारोबार सीधे तौर पर थम जाएगा। माल आयात और निर्यात के ऑर्डर या तो होल्ड होंगे या फिर रद्द होंगे। दोनों ही स्थिति में नुकसान उद्योगों को होगा। गुरुग्राम में एक गारमेंट्स एक्सपोर्ट हाउस के महाप्रबंधक मनीष सिंह कहा कहना है कि यूरोप को भारत से ज्यादा माल एक्सपोर्ट किया जाता है।

रूस और यूक्रेन के आमने-सामने होने से वैश्विक बाजार प्रभावित होगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। अन्य देशों पर भी इसका असर जाएगा। श्री सिंह का कहना है कि हिंद महासागर जहां से माल निकाला जाता है, वहां समय लगने से और भी परेशानी बढ़ेगी। अगर युद्ध शुरू होता है तो एक्सपोर्टर्स के ऑर्डर हालत सुधरने तक अटक सकते हैं। कच्चे माल और तेल की कीमत बढ़ने से उत्पादों के दामों में भी बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है।

उद्योगपति मनोज का कहना है कि कई देशों से ऑटो पार्ट, एल्यूमिनियम और कॉपर मंगवाए जाते हैं। इनके दाम बढ़ने से यहां सामान की कीमतों में भी उछाल आएगा। दूसरे देशों से माल मंगवाने और भेजने में दिक्कत रहेगी। तेल की भी दिक्कत आएगी। इसलिए जरूरी है कि रूस और यूक्रेन के बीच हालात सामान्य हो जाएं। एक एक्सपोर्ट हाउस के महाप्रबंधक सत्येंद्र सिंह का कहना है कि गारमेंट्स एक्सपोर्ट व अन्य आइटम्स के निर्यात में दिक्कत हो सकती है। दूसरे देशों में माल भेजे जाने के बाद पैसा भी फंस सकता है। ऐसे में सबकी यही इच्छा है कि यह युद्ध टल जाए।

# प्रचार अमले ने सीखे प्रचार के नायाब तरीके

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हुई मंडलीय कार्यशाला**



गुरुग्राम में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही मंडल स्तरीय कार्यशाला में बोलते विभाग के संयुक्त निदेशक एनसीआर रणबीर सिंह सांगवान।

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही मंडल स्तरीय कार्यशाला में मंगलवार को प्रचार अमले को समय की मांग के अनुरूप प्रचार के नायाब तरीके अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

हरियाणा के गुरुग्राम व फरीदाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले जिलों में विभाग की भजन पार्टियों तथा खंड प्रचार कार्यकर्ताओं की चार दिवसीय कार्यशाला स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में चल रही है। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के संयुक्त निदेशक एनसीआर रणबीर सिंह सांगवान ने कहा कि समय की मांग के अनुसार विभाग को अपडेट करने के लिए समय-समय पर ऐसी कार्यशाला की जरूरत होती है, ताकि विभाग के प्रचार अमले को कुछ नया सीखने को मिल सके। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रचार अमला सरकारी नीतियों व योजनाओं के प्रचार के साथ हरियाणा प्रदेश की स्मृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बचाने में भी योगदान देता है।

उन्होंने प्रतिभागी प्रचार अमले के सदस्यों से कहा कि आप गांवों में जब प्रचार के लिए जाएं तो लोगों, विशेषकर युवाओं को हरियाणा प्रदेश की स्मृद्ध संस्कृति व परंपराओं के बारे में भी बताएं ताकि वे सैटेलाइट चैनलों द्वारा परोसी जा रही पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध में अपनी संस्कृति को ना भूलें। कार्यशाला के तीसरे दिन संगीत विशेषज्ञों ने विभाग के प्रचार अमले को संगीत की विद्याओ एवं सुर-ताल के स्वरूपों के बारे में बताया और उन्हें जानकारी दी कि किस प्रकार प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को गीतों में पिरोया जा सकता है। मनोरंजन करने के साथ साथ लोगों को प्रदेश सरकार की नीतियों की जानकारी मिलनी चाहिए।

# धोखाधड़ी से दूसरे की 400 वर्गगज जमीन दो महिलाओं को बेचने का आरोप

**पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी**

**सोहना।** पुलिस ने लोधी रोड़े सेवा नगर दिल्ली की शिकायत पर गुरुग्राम निवासी के खिलाफ 400 वर्गगज जमीन को धोखाधड़ी से बेचने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली निवासी बृजलाल ने डीसीपी साउथ गुरुग्राम को लिखित में शिकायत जेएमडी गार्डन ब्लॉक क्यू, नजदीक सुभाष चौक गुरुग्राम निवासी हरीदत्त व उसके अन्य साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी से 400 वर्गगज जमीन को बेच देने की शिकायत दी थी। सोहना सिटी थाना पुलिस को बृजलाल ने बताया कि उसने मैसर्ज ब्लू इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से सोहना में 72 कनाला जमीन खरीदी हुई है। उन्होने मैसर्ज ब्लू इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हरीदत्त जैन को 27 फरवरी 206 में निर्देशक के पद पर नियुक्त किया था। जिसका कार्यकाल 30 जुलाई 2020 को समाप्त कर दिया था। उसके बाद से आरोपी ने उनकी 400 वर्गगज जमीन को धोखाधड़ी से दो महिलाओं के नाम पर बेच दिया। जिसमें 200 वर्गगज 20 अगस्त 2020 को मुन्नी देवी निवासी जात गुबाना, महेन्द्रगढ़ हरियाणा और 200 वर्गगज जमीन इसी दिन सोनिया देवी निवासी दौराला साउथ वेस्ट दिल्ली के नाम बेच दी। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

# लूटपाट करने आए बदमाशों ने स्टोर मैनेजर को मारी गोली

**गुरुग्राम।** यहां एक ग्रोसरी स्टोर पर लूटपाट करने आए बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। बदमाशों ने मैनेजर से स्टोर में रखा कैश मांगा था। जब उसने कैश नहीं दिया तो बदमाशों ने स्टोर मैनेजर को गोली मार दी।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार सेक्टर-58 स्थित ग्रोसरी स्टोर में सामान्य दिनों की तरह स्टाफ काम कर रहा था। रात को कुछ बदमाश स्टोर में पहुंचे और मैनेजर को धमकी देकर कैश देने की मांग की। आरोप है कि जब मैनेजर ने कैश देने से मना किया तो बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चला दी। इसी दौरान उन्होंने लूटपाट भी की। आनन-फानन में घायल मैनेजर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मौके पर मौजूद रहे स्टाफ के बयान दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है।

# गुरुग्राम वाटिका चौक से फरीदाबाद बाटा चौक के बीच होगी मेट्रो कनेक्टिविटी

**गुरुग्राम-फरीदाबाद मेट्रो कनेक्टिविटी को लेकर हुई बैठक**

**नगर निगम गुरुग्राम द्वारा गांव बालोला में मेट्रो डिपो स्थापित करने के लिए 20 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम-फरीदाबाद के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी पर बैठक लेते मेयर मधु आजाद।

**गुरुग्राम-फरीदाबाद** के बीच परिवहन के क्षेत्र में अब मेट्रो सेवा का नाम भी जुड़ने जा रहा है। इन दोनों शहरों के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी को लेकर यहां एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम के वाटिका चौक से फरीदाबाद के बाटा चौक तक मेट्रो लाइन बनेगी। गांव बालोला में मेट्रो डिपो स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए गुरुग्राम नगर निगम द्वारा 20 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी।

गुरुग्राम-फरीदाबाद के बीच प्रस्तावित मेट्रो कनेक्टिविटी को लेकर यहां नगर निगम के अधिकारियों के साथ मेयर मधु आजाद ने बैठक भी की। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा गांव बालोला में मेट्रो डिपो स्थापित करने के लिए 20 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध करवाने को लेकर आगामी सदन की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि गुरुग्राम में मेट्रो डिपो स्थापना के लिए 20 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। नगर निगम गुरुग्राम के अधीन गांव बालोला में गुरुग्राम-फरीदाबाद सड़क के किनारे 20 हेक्टेयर भूमि इस उद्देश्य के लिए उपयुक्त है। गांव बालोला में 50 एकड़ क्षेत्र नगर निगम के अंतर्गत आता है, जो कि गैर-मुमकिन पहाड़ की श्रेणी में है। पीएलपीए-1900 की धारा 4 व 5 के दायरे में आता है। वर्तमान में यह भूमि वन विभाग के अधीन है।

गांव बालोला की इस भूमि के डायवर्जन में समकक्ष गैर वन भूमि वन विभाग को सौंपनी है। इसी तरह गांव नाथूपुर में मौजूद भूमि भी गैर-मुमकिन पहाड़ की श्रेणी में आती है, जो कि डायवर्जन के लिए उपयुक्त है। यह भूमि वन विभाग को वृक्षारोपण गतिविधियों के लिए दी जा सकती है।

### दोनों शहरों के बीच आवागमन होगा बेहतर

**मेयर** मधु आजाद ने अधिकारियों से पर्याप्त जानकारी लेने के बाद कहा कि गुरुग्राम से फरीदाबाद मेट्रो कनेक्टिविटी बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके बन जाने के बाद दोनों शहरों में आवागमन करने वाले लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी तथा लोगों का समय बचेगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो कनेक्टिविटी होने से सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा तथा पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी। वन विभाग को गांव बालोला की भूमि के बदले गांव नाथूपुर में वृक्षारोपण गतिविधियों के लिए भूमि उपलब्ध करवाने से क्षेत्र में हरियाली भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव 24 फरवरी को आयोजित होने वाली नगर निगम सदन की सामान्य बैठक में रखा जाएगा, जिस पर चर्चा करने उपरान्त निर्णय लिया जाएगा। बैठक में नगर निगम गुरुग्राम की चीफ टाउन प्लानर मधुस्मिता मोईत्रा सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नगर परिषद की करोड़ों रुपये की मल्टीलेवल पार्किंग पर लगा ब्रेक

**नगर परिषद को जमीन पहले करानी होगी अपने नाम**

> **सरकार** से लेकर योजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। जिसके लिए सरकार को लिखित पत्र भेजा जाएगा।
>
> दिगम्बर सिंह
> ( जेई नगर परिषद )

**सोहना।** नगर परिषद की शहरवासियों को दिए जाने वाली नौ मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग योजना पर ब्रेक लग गए है। नगर परिषद को उक्त जमीन पहले राजस्व विभाग से अपने नाम करानी होगी। जमीन परिषद के नाम होने पर करोड़ों रुपये की योजना अधर में लटक गई है।

करीब दो वर्ष पहले नगर परिषद विभाग द्वारा पुराना तहसील परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग व शॉपिंग मॉल योजना का प्रारूप तैयार किया था। जिस पर करीब 56 करोड़ रुपये की राशि खर्च करना तय था। उक्त भूमि में तीन स्टोरी पार्किंग व शॉपिंग मॉल का निर्माण किया जाना था। परिषद के अधिकारियों ने भूमि को निजी समझकर योजना तैयार की थी।

### क्या है भूमि का हालात

**शहर** पुरानी तहसील परिसर भूमि का मालकाना हक को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। नगरपरिषद विभाग ने उक्त भूमि को अपनी दर्शाकर योजना तैयार की थी। जबकि राजस्व विभाग भूमि को अपनी करार दे रहा है। वहीं शहर के जागरूक नागरिक उक्त तहसील भूमि को गांव सामलात बतला रहे हैं। जिसके कारण भूमि का असली स्टेट्स पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

### परिषद सरकार से लगाएगी गुहार

**सोहना** नगर परिषद पुरानी तहसील परिसर भूमि को लेने के लिए सरकार से गुहार लगाएगी। जिसके लिए विभाग सरकार को लिखित पत्र प्रेषित करेगी और भूमि को अपने नाम दर्ज कराएगी। जिससे मल्टीलेवल पार्किंग योजना सिरे चढ़ सके।

# परीक्षाएं नहीं तो परीक्षा शुल्क वापस करे सरकारः दीपांशु बंसल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



दीपांशु बंसल।

**बीते** दिवस मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में पांचवीं तथा आठवीं कक्षा के छात्रों की बोर्ड परीक्षा न लेने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय पर अग्रवाल वैश्य समाज छात्र इकाई के प्रदेश अध्यक्ष दीपांशु बंसल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र भेजकर छात्रों से स्कूल संचालकों द्वारा लिए गए बोर्ड परीक्षा शुल्क को अभिभावकों को बिना किसी विलंब के वापस करवाने की मांग की है। दीपांशु बंसल का कहना है की प्रदेश में लगभग 15 हजार सरकारी स्कूल हैं, वहीं लगभग 8 हजार प्राइवेट स्कूल ऐसे हैं जो हरियाणा शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं। इसी के साथ-साथ 1800 प्राइवेट स्कूल सीबीएसई से मान्यता प्राप्त और 200 स्कूल आईसीएसई से मान्यता प्राप्त है। दीपांशु बंसल का कहना है कि लगभग इन सभी स्कूलों द्वारा बच्चों से बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा शुल्क लिया जा चुका है। प्रत्येक छात्र से कुल 550 रुपए स्कूलों द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुल्क के रूप में लिए गए है। मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा परीक्षा लेने का अधिकार राज्यों को दिया गया है, ऐसे में हरियाणा सरकार द्वारा इन परीक्षाओं के आयोजन के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड को नोडल एजेंसी के रूप में अधिकृत किया हुआ है। दीपांशु बंसल का कहना है कि अब जब बोर्ड परीक्षाएं ही नहीं हो रही तो बोर्ड को परीक्षा शुल्क रखने का कोई अधिकार नहीं है। दीपांशु बंसल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भेजे गए पत्र में एनएसयूआई की तरफसे मांग करते हुए कहा है कि सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर गाइडलाइन निर्धारित करवाई जाए, जिसमें 28 फ़रवरी 2022 तक यह परीक्षा शुल्क वापस छात्रों को दिया जाना सुनिश्चित हो। इस शुल्क को बिना किसी विलंब के वापस किया जाना ही छात्रों व प्रदेश के हित में है।

# मतदान के प्रति जागरूकता या सरकारी धन का दुरूपयोग

कविता। फरीदाबाद

**सरकारी** योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने और लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए सरकार पैसा पानी की तरह बहा रही है। इसी कड़ी में सरकार मतदान के प्रति भी जागरूक कर रही है। इसके लिए जिला प्रसाशन की तरफ से जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। ताकि लोग जागरूक हो सकें। जिसके लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से यह

## संबंधित कर्मचारियों ने लापरवाही से टांग दिया चुनाव आयोग का उल्टा बोर्ड

सब पैसा व्यर्थ हो रहा है। इसका पता नीलम चौक के निकट लगे एक जागरूकता बोर्ड को देखकर लगता है। लोगों को जागरूक करने के लिए लगाया गया चुनाव आयोग यह बोर्ड ही उल्टा लगाया हुआ है।

मंगलवार को पूरा दिन बोर्ड ऐसे ही लगा रहा, लेकिन किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी ने ध्यान


नीलम पेट्रोल पम्प के निकट लगा चुनाव आयोग का लगा उल्टा बोर्ड।

नहीं दिया। जानकारी के मुताबिक जिले में जल्दी ही नगर निगम के चुनाव आने वाले है। जिसके कारण चुनाव आयोग की तरफ से नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जहां एक तरफ मतदान के प्रति जागरूकता के लिए रैलियां निकाली जा रही हैं। वहीं लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता के अलावा जिलेभर में होर्डिंग्स बोर्ड लगाकर जागरूक किया जा रहा है। यह बोर्ड रातों रात लगाए जा रहे हैं। लेकिन यह बोर्ड सीधे हैं या उल्टे, इस ओर किसी तरह का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में नीलम चौक पर एक बोर्ड उल्टा लगा दिया गया। लेकिन मंगलवार को इस बोर्ड की तरफ किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। जिस कारण पूरे दिन यह बोर्ड उल्टा लगा रहा। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है, कि जिले के अधिकारी और कर्मचारी लोगों को मतदान के प्रति किस तरह से जागरूक कर रहे है।

### चारों तरफ उड़ रही खिली

**यह** बोर्ड बीके और नीलम चौक के बीच लगा हुआ है। यहां से रोजाना लाखों लोग गुजरते हैं। जिसकी भी इस उल्टे बोर्ड पर नजर गई, उन सभी के मुंह से हंसी ही छूटती नजर आई। ऐसे में सभी बोर्ड लगाने वालों को कोसते नजर आए या फिर उल्टे बोर्ड की खिली उड़ाते नजर आए। लोगों का कहना था कि यह बोर्ड पूरी तरह से सरकारी पैसे की बर्बादी है।

# बीके अस्पताल में बनेगा देश का पहला मुस्कान सेंटर, टीम ने किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


अस्पताल में दौरा करते डॉ. गगन और डॉ. मोनीषा संग में बीके के डॉ. राजेश धीमन और डॉ. मनोज बजाज।


बीके अस्पताल की ओपीड़ी में खेलते बच्चे।

**हरियाणा** स्टेट हेल्थ रिसोर्सेज सेंटर पचकूला की टीम ने बीके सिविल अस्पताल का मंगलवार को दौरा किया। अस्पताल में देश का पहला मुस्कान सेंटर बनाया जाएगा। दौरा करने आई टीम में डा. गगन सिंह और पंचकूला की जिला क्वालिटी एश्योरेंस डा. मोनीषा शामिल थी। मुस्कान योजना के तहत अस्पताल को बच्चों के अनुकूल बनाया जाना है। प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा.सविता यादव ने टीम को बच्चों को दी जाने वाली स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से अवगत कराया।

इस दौरान डा. राजेश धीमन और डॉ. मनोज बजाज सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इसी कड़ी में अब बीके अस्पताल की ओपीडी में शिशु रोग विशेषज्ञ के कक्ष के बाहर बच्चों के खेलने के लिए एक झूला लगाया गया है, जिसका मजा बच्चे खुशी से ले रहे हैं। मंगलवार को बच्चे इस झूले पर मजे के साथ झूलते नजर आए। पंचकूला से आई टीम ने इमरजेंसी रजिस्टर, ओपीडी, फार्मेसी, रेडियोलाज रूम, एसएनसीयू, वार्ड, एनआरसी सहित विभिन्न सुविधाओं को देखा और अपने सुझाव भी दिए।

जानकारी के मुताबिक मुस्कान योजना के तहत जन्म के बाद शिशु को अपनी मां से दूर नहीं रहना पड़ेगा। इसके लिए एक ही जगह सब सुविधाएं मौजूद रहेंगी। इस सुविधाओं में एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र), सीएलएमसी (व्यापक स्तनपान प्रबंधन केंद्र), केएमसी(कंगारू मदर केयर), आइवाईसीएफ (इनफैंटल एंड यंग चाइल्ड फीडिंग), एसएनसीयू, एनबीएसयू और एमएनसीयू सहित अन्य कई सुविधाएं होंगी। इस योजना के तहत बच्चों के लिए अलग से ओपीडी, दवा वितरण, जांच की सुविधा बिल्कुल अलग होगी। इसके अलावा बच्चा वार्ड की दीवारों व चादरों पर कार्टून बनेंगे। वहीं बच्चों के खेलने के लिए खिलौने, कुर्सी, प्लेइंग एरिया सुनिश्चित किया जाएगा। यहां तक की बच्चों की सुविधा के अनुसार शौचालय तैयार कराया जाएगा।

मुस्कान योजना के तहत बच्चे को जन्म के तुरंत मां को सौंप दिया जाएगा। यदि कोई बच्चा गंभीर है, तो मां के साथ ही वार्ड में बेबी वार्मर की व्यवस्था होगी। ताकि मां अपने बच्चे पर निगरानी रख सकें। बहुत अधिक गंभीर बच्चों को ही एसएनसीयू में भर्ती किया जाएगा।

**अधिकारी का कथन:** बीके अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने कहा कि हमारे यहां लिए गर्व की बात है कि सरकार ने नागरिक अस्पताल को मुस्कान के लिए चुना। एनसीआर में मुस्कान के लिए आवश्यक नियम व शर्तें हम पूरी करते हैं। हमारे पास एनक्यूएएस प्रमाण पत्र भी है। टीम ने निरीक्षण के दौरान हमें जो आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्हें भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले गुरूग्राम की टीम ने इस योजना के तहत यहां दौरा किया था।

# चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या, मामला दर्ज


बीके अस्पताल के बाहर करवाई करते पुलिस अधिकारी। इनसेट में हरिओम की फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** संत नगर के निकट मंगलवार सुबह एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पेट पर तेज धारदार हथियार से वार करने के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का दावा है कि जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मंगलवार सुबह कंट्रोल रूम से पुलिस चौकी सेक्टर-16 को एक व्यक्ति के संत नगर मे अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी सब-इंस्पेक्टर श्रीकृष्ण, एएसआई दिनेश कुमार, थाना प्रबंधक सतीश कुमार साथ घटना स्थल पर गए। एसीपी महेंद्र वर्मा, क्राइम ब्रांच डीएलएफ एवं एफएसएल की टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया। युवक हरिओम (39 वर्ष) के पेट में कई चोटें लगी हुई थी। जिनसे मांस निकला हुआ था। मौके पर मृतक के भाई भगवान दास, सोनू और नरेश उपस्थित थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक हरिओम मकानों में पेंटिंग करने का काम करता था। मृतक अविवाहित था। पुलिस ने बीके अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक का शव दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के भाई भगवान दास की शिकायत पर थाना सेक्टर-17 में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की जा रही है। पुलिस द्वारा आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# रूपीक ने भारत का पहला गोल्ड पावर्ड कार्ड पेश किया

## एक अरब भारतीयों को दी जाएगी सुरक्षित ऋण तक बराबर पहुंच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**देश** के अग्रणी संपदा-प्रोत्साहित डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म रूपीक ने भारत का पहला गोल्ड-पावर्ड कार्ड लॉन्च किया है। इसकी मदद से करोड़ों उपभोक्ता बार-बार होने वाली ऋण की अपनी जरूरतों को अपने निष्क्रिय पड़े सोने की ताकत से पूरा करने में सक्षम होंगे। यह कार्ड हर किसी के लिये है, जिसे ज्यादातर भारतीयों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और यह प्रत्यक्ष ऋण चाहने वाले लोगों को त्वरित एवं सस्ता विकल्प देता है।

यह क्रांतिकारी और अपनी तरह का पहला कार्ड है, जिसके लिये कोई सवाल नहीं किया जाता है और जो 60 मिनट से कम समय में ग्राहक के दरवाजे पर डिलीवर हो जाता है। इसकी ऋण सीमा 50 लाख रूपये तक की है। यह गोल्ड-पावर्ड कार्ड अपने सेगमेंट के पहले ऐसे फीचर्स से



युक्त है, जो मौजूदा परितंत्र में किसी ने नहीं सुने हैं। अभी यह कार्ड 14 शहरों में चालू हुआ है-बेंगलुरू, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, चेन्नई, कोलकाता, जयपुर, राजकोट, वडोदरा, विजयवाड़ा, लुधियाना, चंडीगढ़, अहमदाबाद, और सूरत। अगली तिमाही में इसे 16 अन्य शहरों में पहुंचाने की योजना है, ताकि ऐसे गोल्ड पावर्ड कार्ड्स की छिपी हुई मांग पूरी हो सके।

यह कार्ड क्रांतिकारी है और कई तरीकों में कार्ड की मौजूदा पेशकशों से बेहतर विकल्प है: 100 प्रतिशत तुरंत बैंक स्थानांतरण की सुविधा, 60 मिनट में डोरस्टेप सेवा, कोई गुप्त शुल्क नहीं, कार्ड का तुरंत सक्रियण, क्रेडिट स्कोर या आय के दस्तावेज की जरूरत नहीं, ऐप पर पूरा नियंत्रण, सर्वश्रेष्ठ और प्रत्यक्ष इनाम। रूपीक के संस्थापक एवं सीईओ सुमित मनियार ने कहा, 'हम गोल्डटेक के सर्वश्रेष्ठ प्लेटफॉर्म हैं, जो बेहतरीन तकनीक से निर्मित है और जिसे उपभोक्ता की उन जानकारियों से प्रोत्साहन मिला है, जिनका लक्ष्य एक अरब भारतीयों को ऋण लेने में आने वाली समस्याएं हल करना है। अपनी तरह के हमारे पहले गोल्ड पावर्ड कार्ड का लॉन्च होना ऐसी ही एक तकनीक-चालित पेशकश है, जो आम लोगों के लिये बनी है, उन्हें अबाध ऋण तक पहुंच देती है, वह भी उनकी उंगलियों के इशारे पर। हम स्वर्ण मुद्रीकरण का एक देशी बुनियादी ढांचा बनाने के अपने सपने की ओर मजबूती से बढ़ रहे हैं, ताकि वृद्धि और ऋण को सभी के लिये खोलने में मदद मिले।'

रूपीक के प्रमुख डोरस्टेप मॉडल से संपदा-प्रोत्साहित क्षेत्र में धूम मचाने के बाद, यह एक अन्य शानदार उत्पाद है, जिसका लक्ष्य ऋण को सभी के लिये और भी लोकतांत्रिक बनाना और सोने के क्षेत्र को बढ़ावा देना है। यह नया गोल्ड-पावर्ड कार्ड उपभोक्ताओं को गोल्ड अंडरराइटिंग के कम जोखिम के आधार पर किफायती और ज्यादा लचीले पुनर्भुगतान विकल्प देता है।

# अवैध कॉलोनियां नियमित होने के दायरे में आएंगी: निगमायुक्त

## शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा सरकार द्वारा अवैध कालोनियों को नियमित किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम के आयुक्त यशपाल (आईएएस) ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा सरकार द्वारा 14 फरवरी के द्वारा अवैध कालोनियों को अपूर्ण नागरिक सुख सुविधाएं तथा अवसंरचना क्षेत्रों के रूप में घोषित करने बारे पालिसी में संशोधन किया है। जिससे कि अधिक से अधिक अवैध कॉलोनियां नियमित होने के दायरे में आ जाएंगीं।

इन कालोनियों के नियमित/ अपूर्ण नागरिक सुख सुविधाएं तथा अवसंरचना क्षेत्रों के रूप में घोषित होने से इनमें रह रहे लाखों लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। संशोधित पॉलिसी में 14 फरवरी से पहले विकसित अवैध कालोनियों को शामिल किया गया है इसके बाद जो कालोनियां विकसित




होगी उन पर यह संशोधित पालिसी लागू नहीं होगी। विभाग की तरफ से अंडर सेक्शन-3 के तहत उपरोक्त एक्ट 2016 द्वारा इस पालिसी में संशोधित किया गया है जिसकी प्रतिलिपि नगर निगम द्वारा अपनी वैबसाइट पर जनसाधारण के अवलोकनार्थ व सूचनार्थ अपलोड कर दी गई है। सरकार द्वारा इस बारे नये मापदंड भी तय किए गए हैं जिनका अवलोकन नगर निगम की वैबसाइट से किया जा सकता है।

कालोनियों में सड़कें चौड़ी, पार्क, जनसुविधाओं के लिए जगह और सामुदायिक भवन की व्यवस्था होनी चाहिए, वहीं कालोनी में बने भूखण्डों का सही तरीके से नामांकन होना चाहिए। व्यवसायिक गतिविधियों के लिए 2 फीसदी आरक्षित जगह होनी चाहिए। आरडब्लयूए के पास फायर एनओसी होनी चाहिए। सवर्साधारण को यह सूचित किया जाता है कि आरडब्लयूए व कालोनीवासी सरकार द्वारा घोषित संशोधित पालिसी का लाभ लें।

# कच्ची शराब बेचने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश पर फरीदाबाद पुलिस ने तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से अवैध शराब बरामद की है।

पुलिस प्रवक्ता ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि धौज थानाक्षेत्र में गस्त कर रही पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मांगर गांव में बनीधाम के कच्चे रास्ते पर नाका लगाकर अशोक नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अशोक से प्लास्टिक केन में 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। आरोपी अशोक गुरूग्राम के बंधवाड़ी गांव का रहने वाला है। वहीं, मुजेसर थानाक्षेत्र में अम्बेडकर पार्क गोछी के पास से एक आरोपी गोविंद को मस्ताना ब्रांड के 200 पौव्वे के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी गोविंद फरीदाबाद के पर्वतीया कॉलोनी का रहनेवाला है और अंबेदकर पार्क में कपड़े व प्लास्टिक के थैले में भरी अवैध शराब को बेचने की नीयत से मौजूद था।

# विभिन्न मांगों को लेकर हुई निगम कर्मचारियों की बैठक


नगर निगम मुख्यालय के गेट पर नारे बाजी करते कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत मंगलवार को नगर निगम कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय संघ के जिला प्रधान गुरचरण खांडिया की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय पर विशाल गेट मीटिंग कर रोष प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उप महासचिव सुनील चिंडालिया, लेखा परीक्षक विशन स्वरूप तेवतिया तथा सीवर मेन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया, इलेक्ट्रिशन यूनियन के प्रधान मनोज शर्मा, वाटर सप्लाई के प्रधान देवी चरण, सचिव राम रतन, ड्राइवर यूनियन के प्रधान परशराम अधाना, वेद भड़ाना, बेलदार यूनियन के प्रधान साहाबुद्दीन खान, सैनिटेशन यूनियन के प्रधान शिवकुमार, वरिष्ठ नेता दलीप बोहत आदि नेता उपस्थित रहे। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि हरियाणा सरकार गत में 25 अप्रैल व 17 अगस्त को हुए समझौतों को लागू करें।

# साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर करें शिकायत

## साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आपकी सतर्कता व जागरूक होना ही बचाव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** पुलिस ने नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की है जिसमे नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उनके किसी व्यक्ति द्वारा ठगी से उनके बैंक खाते से पैसे निकाल लिए गए हैं तो देरी नहीं करते हुए तुरंत प्रभाव से उस बैंक खाते से लिंक किए गए मोबाइल नंबर से गृह मंत्रालय द्वारा जारी 1930 नंबर पर फोन करें। जिस खाते में रकम गई है बैंक द्वारा उस खाते को सीज करके राशि वापस आपके बैंक खाते में आयेगा। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि



ऑनलाइन फ्रॉड होने पर पहले 155260 नम्बर का प्रयोग किया जाता था, लेकिन अब नया हेल्पलाइन नम्बर-1930 डायल करना होगा। नम्बर डायल करने के बाद खाते से राशि का लेन देने रोक दिया जाएगा। फ्रॉड के पैसे को जल्द ही दिलवाया जाएगा। फ्रॉड के संबंध में ऑनलाइन वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत करें।

नकली मैसेज साइबर अपराधियों के द्वारा चलाए जा रहे है। व्हाटसएप के माध्यम से घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर साइबर फ्रॉड हो रहा है। केवाईसी कराने को लेकर मैसेज जारी किए जा रहे है मैसेज में 24 घंटे का वक्त दिया जाता है और लिखा होता है कि अगर 24 घंटे में केवाईसी नहीं कराई तो आपका अकांउट बंद कर दिया जाएगा। साइबर अपराधी मैसेज में के.वाई.सी कराने के लिए अपने किसी साथी का मोबाईल फोन नंबर भी देते हैं ताकि सॉफ्ट टारगेट को चुन शिकार बना कर उन्हें ठगा जा सके।

मैसेज में दिए गए नंबरों पर जब उपभोक्ता उन नंबरों पर फोन करता है तो साइबर ठग उनको केवाईसी कराने का झांसा देकर उपभोक्ता को Anydesk, Quick support and Team Viewer एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए कहते हैं। जैसे ही उपभोगता अपने मोबाईल फोन में उपरोक्त एप्लीकेशन डाउनलोड करते हैं तो साइबर अपराधी मोबाइल फोन को अपने मोबाईल से आपरेट कर पैसे निकाल लेते है। आपकों बता दें कि Anydesk, Quick support and Team Viewer एप्लीकेशन डाउनलोड करने के बाद इसके जरिए दूर बैठा व्यक्ति किसी अन्य का मोबाईल फोन को आपरेट कर सकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## मसाला कम्पनी में आग लगने से नुकसान


एक ( एनएच-तीन स्थित मसाला कम्पनी में लगी आग पर काबू पाते दमकल कर्मी।

**फरीदाबाद।** मुल्ला होटल के समीप एनएच- तीन एच ब्लॉक स्थित स्पाईस (मसाला) कम्पनी में मंगलवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक एनएच-तीन एच ब्लॉक प्लांट नम्बर-114 स्थित नरेश शर्मा नामक व्यक्ति की एमएस कनक धारा एग्रो प्रोडेक्टस इंडिया स्पाईस (मसाला) कम्पनी है। आज सुबह इस कम्पनी में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। घटना की सूचना तुरन्त पड़ौसियों ने एनएच तीन चौकी पुलिस के अलावा एनआईटी स्थित दमकल को दी। पुलिस चौकी इंचार्ज सोमपाल के अनुसार इस हादसे में किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। वहीं आग के चलते कम्पनी में मसाले व उनकी पैकजिंग का सामान जलकर स्वाह हो गया। आग से हुए नुकसान का अभी तक आंकलन नहीं किया गया है और न ही कम्पनी मालिक ने अभी तक पुलिस में आग की शिकायत दी है।

## गुमशुदा महिला को किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादियान के दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सरजीत सिंह की टीम ने 9 फरवरी से अपने घर से लापता महिला को प्याली चौक फरीदाबाद से बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की महिला का पति के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। महिला घर से बिना बताए चार फरवरी को निकल गई। जिसकी सूचना उसके पति ने 5 फरवरी को थाना आदर्श नगर में आकर दी। जिस पर थाना में मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने महिला को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्याली चौक फरीदाबाद से बरामद किया है। महिला अपने भाई के साथ जाना चहाती थी। महिला को उसके भाई के हवाले किया गया।

## मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता होगी आयोजितः डीसी

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकतंत्र में हर एक वोट के महत्व बारे लोगों को जागरूक करते हुए लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसके लिए प्रतिभागी 15 मार्च, 2022 तक अपनी प्रविष्टियों को विवरण के साथ मतदाता प्रतियोगिता contest@eci.gov.in पर ईमेल कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता 'मेरा वोट मेरा भविष्य-एक वोट की शक्ति' विषय पर आयोजित की जायेगी तथा विजेताओं को नकद राशि दी जायेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के 'स्वीप' (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) कार्यक्रम की यह राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता लोगों की प्रतिभा और रचनात्मकता को उजागर करने के साथ-साथ उनकी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र को भी मजबूत करती है।

## भार्गवा इंटरप्राइजेज ने केसरी मर्वेलस को 5 विकेट से हराया

**फरीदाबाद।** भार्गवा इंटरप्राइजेज और केसरी मर्वेलस के बीच फरीदाबाद क्रिकेट लीग पहला क्रिकेट टी-20 टूर्नामेंट का मैच खेला गया। यह मुकाबला पाली रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मैदान पर खेला गया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 20-20 ओवर का था और यह मैच भार्गवा इंटरप्राइजेज ने केसरी मर्वेलस को 5 विकेट से हराया। केसरी मर्वेलस ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। केसरी मर्वेलस टीम की और बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 10 विकेट पर 148 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए अभी भड़ाना ने 42 रन, गौरव ने 26 रन, राहुल भड़ाना ने 22 रन, हितेश भड़ाना ने 21 रन बनाए। भार्गवा इंटरप्राइजेज की और से गेंदबाजी करते हुए राजेश बघेल ने 3 विकेट, अमन और गुलशन व दिलीप ने 2-2 विकेट, संजीव शर्मा ने 1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भार्गवा इंटरप्राइजेज ने 17 ओवर में 5 विकेट पर 150 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए खेमचंद शर्मा ने 62 रन, आजम खान ने 50 रन, परवीन ने 10 रन बनाए। केसरी मर्वेलस टीम की और से गेंदबाजी करते हुए आकाश ने 2 विकेट, अभी और राहुल व श्रीवास्तव ने 1-1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राजेश बघेल को दिया गया।

## क्राइम ब्रांच ने दो वाहन चोरों को पकड़ा

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के दिए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच-56 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने आरोपी तस्लीम और शौकीन को गिरफ्तार किया है। आरोपी तस्लीम नूंह जिले के झिरका फिरोजपुर के गांव शेखपुर का तथा राजस्थान के जिले भरतपुर के गांव खेड़ली काजी रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी तस्लीम बल्लभगढ अपने दोस्त से मिलने आया था। क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी को थाना डबुआ के चोरी के मुकदमें में सिकरी बस स्टैण्ड में गिरफ्तार किया है। आरोपी कम्पनी में बिल्डर का काम करता था आरोपी की नौकरी छूट गई। जिसके कारण आरोपी ने 16 फरवरी की रात को डबुआ मण्ड से बेचने की नियत से आईसर कैंटर चोरी किया था। आरोपी ने कैंटर को पहाड़ी राजस्थान में लेकर छुपा दिया। आरोपी कैंटर को बेचने की फिराक में था। पुलिस टीम ने आरोपी को कैंटर बेचने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शौकीन को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों के आधार पर बल्लभगढ़ बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया है।

## राइजिंग तमसो मां ज्योतिर्गमय का डेयर टू डोनेट ऐ पैड अभियान

**फरीदाबाद।** द राइजिंग तमसो मां ज्योतिर्गमय संस्था ने आइएमटी, गाजियाबाद के साथ मिल कर एक मुहीम डेयर टू डोनेट ऐ पैड की शुरुआत की। इसका उद्देश्य समाज में फैली अज्ञानता को दूर करने की कोशिश करना है। द राइजिंग एनजीओ के फाउंडर प्रेजिडेंट तरुण शर्मा और एनआईटी तीन फरीदाबाद ने विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस एवम एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि आज भी भारत में लगभग चालीस करोड़ महिलाओं में से केवल बीस प्रतिशत महिलाएं ही सेनेटरी पैड्स का इस्तेमाल करती है। इसकी कई वजय जैसे अज्ञानता, शर्म, धन की कमी, समाज की उपेक्षा मानी जाती है। इसी उद्देश्य को मद्देनजर रखते हुए राइजिंग की टीम एवं आईएमटी, गाजियाबाद के स्टूडनेटस ने मिल कर इस मुहीम की शुरआत की। जिसमें संतोष नगर में करीबन दो सौ महिलाओ को सैनिटरी पैड्स के बारे में जागरूक किया गया एवं उनको पैड्स भी गिफ्ट दिए गए। संस्था की और से डॉक्टर पारुल शर्मा और उनके साथ ऋतु भंबानी ने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि ये शर्म की बात नहीं बल्कि गर्व की बात है और आपको कपडे के स्थान पर सेनेटरी पैड्स का इस्तेमाल करके अपने स्वस्थ की रक्षा करनी चाहिए। डा. पारुल शर्मा ने बताया की इस मुहिम के तहत उनकी संस्था समाज में सभी वर्गों को ये आह्वान करती है कि वे भी उनकी चुनौती को स्वीकार करे और हर इंसान कम से कम एक जरूरतमंद महिला को सेनेटरी पद गिफ्ट करें।

## आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्परों ने किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन की हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। हड़ताली कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय के सामने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। सरकार की नीतियों से नाराज वर्करों ने बर्खास्त कर्मचारियों को बहाल करो, आंदोलनरत वर्करों हेलपरों को धमकी देना बंद करो के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व जिले की वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र ने किया, जबकि संचालन जिला सचिव मालवती कर रही थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फरीदाबाद जिले की सभी केंद्रों में कार्यरत वर्कर और हेल्पर भारी संख्या में आज बड़े सवेरे डीसी ऑफिस सेक्टर-12 के कार्यालय के सामने एकत्रित हुई। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों को सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने संबोधित किया। उन्होंने राज्य सरकार पर हड़ताली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ वायदा खिलाफी करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि आज हड़ताल करते हुए 80 दिन पूरे हो गए हैं। सरकार मांगों को नहीं मान रही है। विभाग के अधिकारी आज भी वर्करों को टर्मिनेट करने की धमकी दे रहे हैं।

# विभाजित विपक्ष

## 2024 की तैयारी

अनेक पार्टियां 2024 में भाजपा का मुकाबला करने की तैयारी कर रही हैं, लेकिन सवाल है कि क्या वे एकजुट रह सकेंगी? विपक्षी खेमे में कोई योजना बन रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बयानबाजी, मुंबई की उनकी यात्रा, महाराष्ट्र के अपने समकक्ष उद्धव ठाकरे के साथ दोपहर के भोजन पर एक घंटे लंबी बैठक तथा रांकापा सुप्रीमो शरद पवार के साथ मुलाकात, आदि सभी एक सुनियोजित योजना का हिस्सा लगते हैं। राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने के बारे में केसीआर ने कभी अपनी महत्वाकांक्षा छिपाई नहीं है, लेकिन वे मोदी के खिलाफ ऐसे आक्रामक बयानों से बचते रहे हैं जैसा उन्होंने हाल में दिया है। वास्तव में तेलंगाना राष्ट्रीय समिति-टीएसआर अतीत में अक्सर राज्यसभा में राजग सरकार के बचाव में आई जब सत्तारूढ़ गठबंधन का उच्च सदन में बहुमत नहीं था। लेकिन अंततः केसीआर ने अपनी हिचक तोड़ी और जो बयान दिया उसे बहुत से लोग प्रधानमंत्री के खिलाफ 'बिलो द बेल्ट' हमला मानते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को 'निरर्थक व्यक्ति' बता दिया। अपने गुस्से को एक कदम और आगे बढ़ाते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री का हैदराबाद हवाईअड्डे पर उस समय स्वागत भी नहीं किया जब वे राज्य में श्री रामानुजाचार्य की मूर्ति का अनावरण करने गए थे। इससे स्पष्ट संदेश गया है कि केसीआर राष्ट्रीय भूमिका निभाना चाहते हैं और वे बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मिल कर विपक्ष को एकजुट करने के लिए गोंद का काम करेंगे। हाल ही में केसीआर से उनकी फोन पर बात हुई थी जिसमें दोनों



नेताओं ने विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वे मोदी सरकार द्वारा तथाकथित रूप से भाजपा के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर चर्चा करना चाहते हैं। केन्द्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर शोर-शराबा कोई नई बात नहीं है। ऐसे सम्मेलन का उद्देश्य विपक्ष के एकजुट होकर मोदी सरकार को 2024 में सत्ता से उखाड़ फेंकना है। चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ होने वाली हालिया बैठक भी संभवतः इसी रणनीति का हिस्सा है। पिछले कुछ समय से जनता दल-यू व भाजपा के बीच संबंधों में काफी गिरावट आई है। जदयू न भाजपा के खिलाफ उत्तर प्रदेश व मणिपुर में उम्मीदवार उतारे हैं और उसके नेता भगवा संगठनों के कार्यक्रमों व नीतियों के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। इसी प्रकार भाजपा का बिहार नेतृत्व भी नीतीश कुमार की शराबबंदी नीति का कटु आलोचक है। नीतीश के निकटवर्ती स्रोतों का कहना है कि उत्तर प्रदेश चुनाव नतीजे आने के बाद नीतीश कुमार अपने पत्ते खोल सकते हैं। वास्तव में विधानसभा चुनावों के नतीजों की भाजपा-विरोधी मोर्चा बनाने में बड़ी भूमिका होगी। यदि कांग्रेस पंजाब अपने पास बनाए रखने तथा उत्तराखंड व गोवा जीतने में सफल रहती है तो विपक्षी नेताओं के लिए देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' को विपक्षी योजनाओं में अनदेखा करना कठिन हो जाएगा। हालांकि, ममता बनर्जी कह चुकी हैं कि कांग्रेस अपने रास्ते पर जा सकती है। लेकिन उन परिस्थितियों में लाख टके का सवाल यह होगा कि क्या शरद पवार, ममता बनर्जी या केसीआर राहुल गांधी के हाथ में हाथ डाल कर चलेंगे या कांग्रेस को अलग रास्ते पर चलने देंगे।

# प्रत्यक्ष करों में सुधार की जरूरत

**सरकार को प्रत्यक्ष करों को तार्किक बना कर कार्पोरेट टैक्स व पूंजीगत लाभ कर के साथ व्यक्तिगत आयकर की विसंगतियां दूर करनी चाहिए।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)




अपना दूसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद से मोदी सरकार ने कार्पोरेट क्षेत्र के प्रति उदारता दिखाई है और उसे आयकर में राहत दी है, लेकिन व्यक्तिगत आय कर-पीआईटी के मामले में वह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है। 20 सितंबर, 2019 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कार्पोरेट करों में भारी कमी की घोषणा की थी जिसके अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र में 1 अक्टूबर, 2019 के बाद विनिर्माण क्षेत्र में गठित तथा 31 मार्च, 2023 से उत्पादन शुरू करने वाले 'नए उद्यमों' के लिए कार्पोरेट टैक्स की दर वर्तमान 25 प्रतिशत के स्थान पर 15 प्रतिशत होगी। इन कंपनियों को मिनिमम आल्टरनेट टैक्स-मैट भी नहीं देना होगा। इसके साथ ही वर्तमान कंपनियों के लिए करों की दर रियायतों व छूटों को छोड़ कर 30 प्रतिशत से घटा कर 22 प्रतिशत की गई है। 400 करोड़ से कम टर्नओवर वाले छोटे व मझोले उद्यमों-एसएमई को पहले से ही 25 प्रतिशत की वरीयता प्राप्त श्रेणी में रखा गया है, जबकि बड़ी फर्मों को 30 प्रतिशत भुगतान करना होता है।

लेकिन सभी 'वर्तमान' फर्मों के कर में कटौती कर उसे 22 प्रतिशत करने के बाद एसएमई की वरीयता समाप्त हो गई है। इस बीच कंपनियों को विकल्प दिया गया है कि वे कर रियायतों के साथ 30 प्रतिशत टैक्स देने की पुरानी व्यवस्था में बनी रहना चाहती हैं या नई व्यवस्था स्वीकारना चाहती हैं। पुरानी व्यवस्था में बनी रहने की इच्छुक कंपनियों के लिए मैट को 18.5 प्रतिशत से घटा कर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। 2020-21 के बजट में सीतारमण ने 15 प्रतिशत दर का लाभ 'नई' बिजली कंपनियों को भी दिया है। इसके साथ ही 'सहकारिताओं' को भी छूट व रियायतें न लेने पर 22 प्रतिशत कर दायरे में लाया गया है। वित्त मंत्री ने डिविडेंट वितरण कर या डीडीटी भी समाप्त कर दिया है। 1 अप्रैल, 2020 से डिविडेंट का टैक्स शेयरधारकों को देना होगा। 2022-23 के बजट में सरकार ने 15 प्रतिशत कार्पोरेट टैक्स का लाभ उन नए विनिर्माण उद्यमों को विस्तारित किया जिनका गठन 31 मार्च, 2024 के पहले हुआ हो, जबकि वर्तमान सीमा 31 मार्च, 2023 थी। इसमें सहकारिताओं के मुनाफों पर सरचार्ज को वर्तमान 12 प्रतिशत से घटा कर 7 प्रतिशत तथा मैट को वर्तमान 18.5 प्रतिशत से घटा कर 15 प्रतिशत किया गया है। जहां तक व्यक्तिगत आय कर-पीआईटी का सवाल है, 2020-21 के पहले प्रति वर्ष 2,50,001-5,00,000 रुपये की आय पर पांच प्रतिशत टैक्स देना होता था, 5,00,000 से अधिक व 10,00,000 से कम आय पर 20 प्रतिशत टैक्स था, जबकि 10,00,000 से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स देना होता था। इन कर दरों के साथ ही लोगों को अनेक प्रकार की छूटें व रियायतें मिलती थीं। 2020-21 के बजट में 2,50,001-5,00,000 तक आय पर 5 प्रतिशत टैक्स बनाए रखते हुए 5,00,000 से अधिक आय पर थोड़ा परिवर्तन किया गया था। 5,00,001-7,50,000 पर 10 प्रतिशत, 7,50,001-10,00,000 पर 15 प्रतिशत, 10,00,001-12,50,000 पर 20 प्रतिशत तथा 12,50,001-15,00,000 पर 25 प्रतिशत टैक्स रखा गया। इसके साथ ही 15,00,000 रुपये से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स बनाए रखा गया। कार्पोरेट टैक्स की तरह व्यक्तियों को बिना छूटों व रियायतों वाली नई व्यवस्था स्वीकार करने या छूटों और रियायतों वाली पुरानी व्यवस्था में बने रहने का विकल्प दिया गया। इसके बाद के दो बजटों, यानी 2021-22 व 2022-23 में व्यक्तिगत आय कर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। सतही तौर से देखने पर विभिन्न स्लैबों के अंतर्गत कर दरें कम होने से लग सकता है कि नई पीआईटी व्यवस्था बेहतर है। लेकिन यदि बिना छूटों व रियायतों के देखा जाए तो उपलब्धि नाममात्र की रह जाती है। उदाहरण के लिए, पुरानी व्यवस्था में 15,00,000 रुपये वार्षिक आय तथा धारा 80सी, 80डी व धारा 24 के अंतर्गत 3,75,000 रुपये कर छूट प्राप्त करने वाले व्यक्ति को टैक्स के रूप में 1,56,000 का भुगतान करना होता था।

इसके विपरीत नई व्यवस्था में उसे 1,95,000 रुपये का भुगतान करना होगा क्योंकि कम करों का लाभ छूटें व रियायतें समाप्त होने से निष्प्रभावी हो जाएगा। इस प्रकार 2020-21 में हुए बजट परिवर्तनों से व्यक्तियों को कोई लाभ नहीं पहुंचा है। इसके साथ ही सितंबर, 2019 में कार्पोरेट टैक्स दरों में भारी कटौती के बाद पीआईटी दरों में कटौती न होने से लोगों में कोई जोश नहीं है। 15,00,000 से अधिक वार्षिक आय पर 30 प्रतिशत की दर से पीआईटी नए विनिर्माण उद्यमों में 15 प्रतिशत की कारपोरेट दरों की तुलना में दूना है। यदि वर्तमान फर्मों द्वारा 22 प्रतिशत की दर से भुगतान पर गौर किया जाए तो पीआईटी और अधिक हो जाता है। 10,00,000-15,00,000 वार्षिक आय की रेंज में व्यक्तियों पर 20-25 प्रतिशत की दर से टैक्स कार्पोरेट टैक्स से अधिक है। व्यक्तियों को डीडीटी समाप्त होने से लाभ हो सकता है। इसका कारण उनकी डिविडेंट आय होगी जो 2020-21 के पहले 20 प्रतिशत भुगतान करना होता था। ऐसी आय पर टैक्स की कम दर होने का लाभ उनको होगा, उदाहरणार्थ यह 5,00,001-7,50,000 पर 10 प्रतिशत का लाभ होगी। लेकिन इस आमदनी का कोई खास लाभ नहीं होगा क्योंकि वे इस अतिरिक्त धन का मुश्किल से ही शेयरों में निवेश करेंगे। स्पष्ट है कि मोदी सरकार ने पीआईटी भुगतान करने वालों के लिए बहुत कम काम किया है। हालांकि, निवेश बढ़ाने के लिए फर्मों के मुनाफे पर टैक्स घटाना उचित है, पर पीआईटी में कमी भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। वास्तव में समकालीन संदर्भ में जब मांग की कमी से आर्थिक वृद्धि प्रभावित हो रही है तब पीआईटी के मामले में रियायत ज्यादा लाभदायक हो सकती है। वित्त मंत्री को पीआईटी में अतिरिक्त राहत दे कर व्यक्तियों की जेबों में अतिरिक्त पैसा देना चहिए। यह काम टैक्स ढांचे में बदलाव से हो सकता है। 5,00,001-10,00,000 रुपये की आय पर 7.5 प्रतिशत, 10,00,000-15,00,000 की आय पर 10 प्रतिशत, 15,00,000-20,00,000 पर 15 प्रतिशत तथा 20,00,000 से अधिक आय पर 20 प्रतिशत टैक्स लगाया जा सकता है। इस पैकेज में 15,00,000 की आय पर व्यक्ति को 1,04,000 टैक्स देना होगा जो पुरानी व्यवस्था में भुगतान के 1,56,000 से काफी कम होगा। इसके अलावा मांग में काफी बढ़ावा मिलने से नई व्यवस्था में इससे कर आंकलन में आसानी होगी।

कार्पोरेट मोर्चे पर रियायतों व छूटों की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त करनी चाहिए। राजस्व सचिव तरुण बजाज के अनुसार वर्तमान कंपनियों में 65 प्रतिशत नई व्यवस्था में आ गई हैं जिसमें बिना किसी छूट या रियायत 22 प्रतिशत टैक्स की व्यवस्था है। उम्मीद करनी चाहिए कि बाकी फर्में भी आने वाले समय में इसी व्यवस्था में आ जाएंगी। मोदी को पूंजीगत लाभ कर की व्यवस्था पर भी विचार करना चाहिए। परिसंपत्तियों की श्रेणी व होल्डिंग समय के आधार पर टैक्स की दरें अलग-अलग हैं। ईक्विटी व ईक्विटी म्यूचुअल फंड पर अल्पकालीन कैपिटल गेन्स टैक्स-एसटीसीजी 15 प्रतिशत तथा लांग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स-एलटीसीजी 10 प्रतिशत लगता है। अधिकांश बांड निवेशों में टैक्स स्लैब के आधार पर एसटीसीजी लगता है। एलटीसीजी की दरें 10 या 20 प्रतिशत हैं जो बांड या कर्ज म्यूचुअल फंड के लिस्टेड या अनलिस्टेड होने पर निर्भर हैं। रियल इस्टेट के लिए एलटीसीजी 20 प्रतिशत है। कर ढांचे में इस अत्यधिक अंतर से दुरुपयोग, करापवंचन तथा मुकदमेबाजी की आशंका होती है। व्यक्तिगत समझौतों या होल्डिंग समय चाहे जो हो, कैपिटल गेन्स उस साल आय का अतिरिक्त हिस्सा होता है। इसलिए तार्किक रूप से उस पर सभी स्रोतों को एकसाथ रख कर टैक्स लगना चाहिए। संक्षेप में कहा जाए तो सरकार को प्रत्यक्ष करों को तार्किक बनाना चाहिए तथा एक स्तर पर पीआईटी व कार्पोरेट टैक्स की विसंगतियां तथा दूसरे स्तर पर कैपिटल गेन्स टैक्स की असमानतायें दूर करनी चाहिए। टैक्सों की दरें कम होने के साथ ही इनको रियायतों व छूटों से मुक्त होना चाहिए।

# 'समाज-विरोधी विकार' का उत्थान और पतन

> "'समाज-विरोधी विकार' से ग्रस्त लोग या साइकोपैथ पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते हैं।"

**गुईन डायर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



**आमतौर** से मैं मनोइतिहास को हैरी सेल्डन पर छोड़ देता हूं, लेकिन वर्तमान समय में मैं इस क्षेत्र में भी प्रवेश करने का कम से कम एक बार साहस जुटा रहा हूं। इस परिवर्तन का तात्कालिक कारण ब्रिटेन के अंशकालिक प्रधानमंत्री बोरिस जान्सन से आंशिक घृणा व आंशिक प्रेम है जो अपनी पसंद की दुनिया में बने रहना चाहते हैं। लेकिन इसके कुछ अन्य उदाहरण भी हैं।

एक साल से कुछ समय पहले डोनाल्ड ट्रंप ने पूरे देश को अपने साथ नीचे घसीटने का प्रयास किया था और उनको इस उद्यम में काफी सफलता भी मिली थी। इनमें जैर बोलसानारो भी शामिल हैं जो अपनी विफलताओं के कारण अगले साल होने वाले ब्राजील के चुनाव में 'लूला' से अपरिहार्य पराजय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसके अलावा विक्टर ओर्बन भी हैं जो अप्रैल में हंगरी में होने वाले चुनाव में 6 पार्टियों के संयुक्त गठबंधन का सामना कर रहे हैं। इन सबके बीच एक चीज साझा है कि ये सभी झूठे हैं। ये बिना झिझक सफेद झूठ बोलते हैं। ये आपके सामने आकर बेशर्मी से झूठ बोलने वाले हैं। उनको इस बात की भी चिन्ता नहीं है कि आप अपने व्यक्तिगत अनुभव से सच्चाई जानते हैं।

उनको इस बात की भी चिन्ता नहीं है कि आप जानते हैं कि वे झूठ बोल रहे हैं। वे बार-बार झूठ बोलेंगे और शायद आप उस पर विश्वास करने लगें क्योंकि वे पूरी दृढ़ता के साथ झूठ बोलते हैं। वे इसलिए विश्वसनीय लगते हैं क्योंकि जिस सेकेंड वे सोचते हैं कि कोई झूठ उनका मकसद पूरा करेगा, उसी क्षण वे वास्तव में उस पर विश्वास करने लगते हैं। इस परिघटना के अन्य लक्षण भी हैं। वे आमतौर से पुरुष हैं, वे हमेशा बुद्धिमानी की बात करते हैं, वे हमेशा आकर्षक लगते हैं और वे आमतौर



से अपने जीवन में अनेक पत्नियों व बच्चों वाले होते हैं। एक शब्द में कहा जाए तो वे सोशियोपैथ हैं। मुझे कुछ साल पहले एक अमेरिकी विश्वविद्यालय में एक समाजविज्ञानी से साक्षात्कार की बात याद आई। मैंने उनसे यह पूछा कि वर्तमान समय में मानव व्यवहार बदलने वाली परिस्थितियां क्या हैं। उन्होंने एक क्षण ठहर कर कहा कि सोशियोपैथों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हमेशा नहीं तो आमतौर से सोशियोपैथ जेनेटिक कारणों से होते हैं। अधिकांश सोशियोपैथ पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते हैं।

उन्होंने अनुमान लगाया कि 'हंटर-गेदरर' समाज में प्राकृतिक चयन से वे इसलिए बच सकते थे क्योंकि लोगों के समूह छोटे, तीस या चालीस वयस्कों के होते थे जहां सभी लोग दूसरों के बारे में सबकुछ जानते थे। इस प्रकार छोटे समूहों में सोशियोपैथों का ज्यादा खतरा नहीं था। प्रजनन योग्य आयु से पहले ही लोग उनके बारे में जान जाते थे, इसलिए उनके ज्यादा बच्चे नहीं होते थे। वहां सभी लोग सभी लोगों के झूठ पर नियंत्रण रखते थे, इसलिए उनको ज्यादा लाभ नहीं होता था। लेकिन कुछ ऐसी विरल परिस्थितियां हो सकती हैं जहां सोशियोपैथ लाभ उठा सकते हैं। ये सारी चीजें उस समय तक सही चलीं जब तक मनुष्यों ने हजारों और लाखों लोगों के समाज में रहना नहीं शुरू कर दिया। इसके कारण अनेक अजनबी लोग धोखा देने और शोषण करने के लिए आते रहे। इस प्रकार समाज के विस्तार से सोशियोपैथों को बहुत अच्छा मौका मिल गया। उनकी संख्या बढ़ रही है। मेरे समाजविज्ञानी मित्र का मानना है कि अब वे पुरुषों का तीन प्रतिशत हैं और उनकी संख्या बढ़ रही है।

निश्चित रूप से वे नेतृत्वकारी स्थितियों में आ रहे हैं। लेकिन एक दिलचस्प सवाल यह है कि ये लोग सत्ता तक कैसे पहुंच जाते हैं? यह उनकी सोशियोपैथी के कारण हो सकता है क्योंकि उन्होंने अपने साझीदारों को धोखा दिया, प्रेमियों को छोड़ा तथा अनुयाइयों को धोखा दिया। यह सब उनके लिए स्वाभाविक है। हालांकि, अच्छी खबर यह है कि आखिरकार असली सोशियोपैथों की पहचान हो जाती है। लेकिन बुरी खबर यह है कि उनकी संख्या बहुत है और वे मक्खियों की तरह बच्चे पैदा कर रहे हैं।

## आप की बात

### चुनावी महिला सशक्तीकरण

**कांग्रेस** ने उत्तर प्रदेश चुनावों में चालीस प्रतिशत टिकट महिलाओं को दिये लेकिन उसने उत्तराखंड, पंजाब, गोवा या फिर मणिपुर में ऐसा नहीं किया। तर्क दिया गया कि पार्टी ने जिताऊ उम्मीदवारों को टिकट दिया है। बाकी चार राज्यों के मुकाबले कांग्रेस उत्तर प्रदेश में बेहद कमजोर है उसके सत्ता में आने की कोई संभावना नहीं हैं वो सिर्फ वोट प्रतिशत बढ़ाना चाहती है इसलिए महिलाओं पर दांव खेला गया। जहाँ कांग्रेस सत्ता के लिए चुनाव लड़ रही है वहां ये चालीस प्रतिशत वाला फार्मूला लागू नहीं हुआ। मतलब साफ़ है कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में जिन महिलाओं को टिकट दिया है वो जिताऊ नहीं हैं और ये उम्मीदवार सिर्फ कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा के दम पर नहीं जीत सकते। असल में सारा खेल इस जिताऊ शब्द का ही है। कांग्रेस सहित सभी पार्टियों को लगता है कि वो अपने काम, नीतियों और विचारधारा के दम पर अपने उम्मीदवार को जिता नहीं पाएंगे, इसलिए सब जिताऊ उम्मीदवार की तलाश में रहते हैं। लोकतंत्र तभी परिपक्व होगा जब पार्टियों जिताऊ उम्मीदवार की जगह उम्मीदवार को जिताऊ बनाने पर जोर देंगी।

**बृजेश माथुर,** गाजियाबाद

### यूक्रेन पर टकराव

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक का शुरू होना। कहा जाता है कि रूस ने पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क को स्वतंत्र क्षेत्र घोषित करके न सिर्फ उसे मान्यता दी है बल्कि उन देशो के रक्षार्थ अपने सेना को भेजने का आदेश भी दिया है। कहीं ये पश्चिम एवं रूस के बीच टकराव की शुरुआत तो नहीं है ? रूस ने 2014 में, यूक्रेन के क्रीमिया प्रायद्वीप पर, जितनी आसानी कब्जा कर लिया था। उसके कारण उसका उत्साह बढ़ गया है। क्योंकि उस समय भी राष्ट्रसंघ ने कुछ नहीं किया था और आज भी कुछ नहीं कर पायेगा। उलटे रूस को यूरोपियन यूनियन का परोक्ष सहयोग प्राप्त हो रहा है। क्योंकि यूरोप की 40 फीसदी प्राकृतिक गैस की जरूरतों को रूस पूरा करता है। इटली की 80 फीसदी एवं जर्मनी की 60 फीसद गैस रूस से आता है। ऐसे में ये देश न तो रूस पर सैन्य करवाई करने के पक्ष में होंगे ना ही उस पर किसी तरह के आर्थिक प्रतिबंध ही लगाने के स्थिति में हैं। ऐसे में शायद रूस एक एक कर, सोवियत काल के दौरान ,1990 के दशक के शुरू में अलग हुए तमाम प्रांतों को, वापस रूस में मिलाकर अपनी पुरानी महाशक्ति वाली स्थिति बहाल करना चाहता है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### स्वच्छता में नागरिकों की भूमिका

**साफ-सफाई** न होने से भी बीमारिया पनपने के कारण इंसान आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है। ज्यादातर इस सोच को दूर करना होगा कि साफ -सफाई करने में शर्म आती है, लोग क्या कहेंगे? किन्तु स्वच्छता न होने से पनपे विभिन्न रोगो से जब पीड़ित होते है तब साफ सफाई की बातें अपने आप ही समझ में आ जाती है। साफ सफाई का संदेश और जागरूकता लाना हर इंसान का कर्तव्य है क्योंकि साफ नगर -स्वच्छ नगर बीमारियों व प्रदूषण को दूर कर स्वस्थ्य का लाभ प्रदान करता है। स्वच्छता हमें एक नई दिशा प्रदान कर सकती है। साफ सफाई करने हेतु आपस में सहयोग की भावना को बढावा देकर स्वस्थ गाँव -शहर समाज के निर्माण में हमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी ताकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्य को पूरा करने में हम सभी मिलकर सहयोग कर स्वच्छ नगर बनाने में अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से अदा कर सके।

**संजय वर्मा,** धार

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**भारत** चाहता है कि रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित हो। हम लोग आश्वस्त हैं कि जब बातचीत होगी तो कोई न कोई रास्ता निकलेगा।

**-राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री



**हिन्द** प्रशांत क्षेत्र में हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वह बढ़कर यूरोप तक जा सकती है। इसलिए हम क्षेत्र की सुरक्षा में योगदान को लेकर यूरोपीय संघ की प्रतिबद्धता का स्वागत करते हैं।

**-एस. जय शंकर**
विदेश मंत्री



**रूस**-यूक्रेन संकट और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी भारत में वित्तीय स्थिरता के लिए चुनौती है।

**-निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री"

पायनियर
उत्तर प्रदेश चुनाव



चौपाल

# चौथे चरण में बसपा के पूर्व नेता-प्रतिपक्ष की प्रतिष्ठा दांव पर

**सतीश सिंह**। लखनऊ

**स्वामी** प्रसाद मौर्य के वर्ष 2016 में बसपा छोड़ने के बाद नेता प्रतिपक्ष बने गया चरण दिनकर की प्रतिष्ठा चौथे चरण के चुनाव में दांव पर लगी है। पार्टी ने दिनकर को नरैनी सीट से उम्मीदवार बनाया है। हालांकि दिनकर पिछला चुनाव भी नरैनी से लड़े थे मगर यह तीसरे स्थान पर रहे थे। इस सीट पर भाजपा के राज करण कबीर ने कांग्रेस के भरतलाल दिवाकर को हराया था। चूंकि बसपा से राजनीति शुरू करने वाले दिनकर की निष्ठा को देखते हुए पार्टी ने इस बार फिर से मौका दिया है। वहीं सरैनी सीट से भी पार्टी ने ठाकुर प्रसाद यादव को दोबारा मौका दिया है। ठाकुर प्रसाद पिछले चुनाव में दो नंबर पर रहे थे और यह सीट भाजपा के धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने जीती थी।

बांदा जिले की नरैनी सीट इस बार बसपा के लिए आसान नहीं है। यहां से बसपा से टक्कर लेने के लिए तीन महिलायें मैदान में हैं। भाजपा ने ओममणि वर्मा, सपा से किरन वर्मा और कांग्रेस से पवन देवी कोरी

- **भाजपा-सपा- कांग्रेस ने महिला उम्मीदवार उतारकर हाथी की राह में बिछाए कांटे**
- **नौ जिलों की 59 सीटों में सिर्फ नरैनी से गया चरण दिनकर व सरैनी से ठाकुर प्रसाद यादव को दोबारा मौका**

को चुनावी पिच पर उतार कर चुनाव को रोचक बना दिया है। इस सीट पर सवर्ण और दलित मतदाताओं की संख्या लगभग एक दूसरे के बराबर है। ऐसे में बसपा की इस सीट के फंसने के आसार हैं। इस सीट का राजनीतिक इतिहास देखें तो आजादी के बाद यहां कांग्रेस का दबदबा कई सालों तक बरकरार रहा। लोग कांग्रेस के नाम पर वोट देते रहे। दिलचस्प बात यह है कि



लोधी समाज के नेता बनकर उभरे सुरेंद्र पाल वर्मा को नरैनी विधानसभा से 5 बार विधायक बनने का खिताब भी प्राप्त है। लोग उनके नाम पर वोट देते थे और उन्होंने कई पार्टियों से विधानसभा का चुनाव लड़ा। यहां के मतदाताओं ने कई पार्टियों को सेवा का मौका दिया। 1951 में कांग्रेस से श्यामा चरण, 1957 में कांग्रेस से गोपी कृष्ण आजाद, 1962 में जनसंघ से मतोला सिंह, 1967 में भारतीय जनसंघ से जे सिंह, 1969 में कांग्रेस से हरबंश प्रसाद, 1974 में सीपीआई से चंद्रभान आजाद, 1977 में सीपीआई से सुरेन्द्रपाल वमा, 1980 में कांग्रेस से हरबंश पांडेय, 1985 व 1989 में लगातार दो बार सीपीआई से सुरेन्द्रपाल वर्मा, 1991 में भाजपा से रमेश चंद्र द्विवेदी, 1993 में सपा से सुरेंद्र पाल वर्मा, 1996 में बसपा से बाबूलाल कुशवाहा, 2002 में सुरेन्द्रपाल वर्मा, 2007 में बसपा से पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी, 2012 में बसपा से गया चरण दिनकर, 2017 में भाजपा से राजकरण कबीर निर्वाचित हुए हैं।

### 37 फीसद धनकुबेर मैदान में, आम आदमी पार्टी के राजीव बख्शी सबसे ज्यादा धनी

**करोड़पति** उम्मीदवारों की बात करे तो 621 में से 231 यानी 37 फीसद चौथे चरण में करोड़पति उम्मीदवार मैदान में है। पहले स्थान में आम आदमी पार्टी के जनपद लखनऊ से लखनऊ पश्चिम विधानसभा से उम्मीदवार राजीव बक्शी है जिन्होने अपनी संपत्ति 56 करोड़ बतायी है। दूसरे स्थान पर जनपद सीतापुर के महोली विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के अनूप कुमार गुप्ता है जिनकी संपत्ति 52 करोड़ हैं वहीं तीसरे स्थान पर बहुजन समाज पार्टी के हरदोई विधानसभा सीट से शोभित पाठक है जिन्होने अपनी संपत्ति 34 करोड़ बतायी है।

### 27 फीसद दागी उम्मीदवार

चौथे चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच एसोसिएशन फ़ॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म की रिपोर्ट के मुताबिक 621 में से 167 यानी 27 फीसद दागी उम्मीदवार मैदान में है। चौथे चरण में उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलों में पहले स्थान पर लखनऊ से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा हैं जिनके ऊपर 22 मामले, दूसरे स्थान पर हरोदोई जनपद के बालामऊ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के सुरेन्द्र कुमार जिनके ऊपर 9 मामले और तीसरे स्थान पर बहुजन समाज पार्टी लखनऊ के सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र से जलीश खान है जिनके ऊपर 5 मामले दर्ज है।

### अधिकांश सीटों पर नये चेहरे

गया चरण दिनकर के अलावा पार्टी ने इस बार रायबरेली जिले की सरैनी सीट से ठाकुर प्रसाद यादव को दोबारा मौका दिया है। वहीं इस चुनाव में घर-वापसी कर चुके बीसलपुर से अनीस खां उर्फ फूलबाबू, संडीला से अब्दुल मन्ना केक अलावा सपा से बसपा में आई मीराबानो को श्रीनगर सीट से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। वहीं बाकी बची सीटों पर पार्टी ने नये चेहरों पर भरोसा जताया है। पिछले चुनाव में बसपा के खाते में सिर्फ सिधौली और पूरवा सीट आई थी। इसलिए इस बार पार्टी को इस चरण से खास उम्मीद है।

# कांग्रेस ने यूपी सहित पूरे देश में निकालीं 'शक्ति यात्राएं'

- **'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' अभियान के 125 दिन पूरे होने पर हुआ आयोजन**

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**'लड़की हूं,** लड़ सकती हूं' अभियान के 125 दिन पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी की ओर से यूपी सहित पूरे देश में लाखों महिलाओं ने 'शक्ति यात्रा' निकाली। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को आयोजित इस अभियान में कलकत्ता से लेकर हैदराबाद और बंगलूरू से से लेकर हिमाचल तक महिलाओ ने शक्ति मार्च निकाला। महिलाओं ने भारतीय राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री नेट्टा डिसूजा की देखरेख में प्रत्येक विधानसभा में शक्ति मार्च निकाला। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एक महिला के बारे में कुछ खास है, जो पुरुषों की दुनिया में हावी है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2021 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा शुरू किए गए 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' अभियान का उद्देश्य भारतीय राजनीति में महिलाओं और उनकी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाना है। यह उत्तर प्रदेश में शुरू हुआए जिसमें कांग्रेस ने वादा किया और फि र महिला उम्मीदवारों को 40 प्रतिशत टिकट देने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया। उन्होंने कहा कि यह महिला मार्च एकजुटता का संदेश देने और राजनीति को अधिक समावेशी बनाने के साथ-साथ राजनीति में महिलाओं की भागीदारी का भी प्रतीक है। नारी शक्ति के राजनीतिक पुनरुत्थान को अब कोई ताकत नहीं रोक सकती है और उत्तर प्रदेश से इसकी शुरुआत हो चुकी है। प्रवक्ता ने बताया कि शक्ति मार्च में शामिल महिलाओं ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' के नारे से लोगों में जोश भर दिया। महिलाओं ने इस अभियान के 125 दिन पूरे होने को अपनी राजनीतिक शक्ति के रूप और प्रभाव के रूप में मनाया। इससे पहले कांग्रेस पार्टी द्वारा महिला संसद का आयोजन किया था, जिसमें महिला संसद में भाग लेने वाली विजेता महिलाओं को सम्मानित किया गया था।

# लखनऊ छावनी सीट पर सभी की निगाहें

**भाषा**। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव के राज्य की राजधानी की ओर बढ़ने के साथ ही अब सभी की निगाहें लखनऊ छावनी सीट पर टिकी हैं जहां भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त देने के लिए प्रतिद्वंद्वियों ने पूरी ताकत लगा दी है। इस विधानसभा सीट पर 1991 से भाजपा काबिज रही है, सिवाय 2012 को छोड़कर जब तत्कालीन कांग्रेस नेता रीता बहुगुणा जोशी ने जीत दर्ज की थी। वहीं, 2017 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाली रीता बहुगुणा जोशी ने एक बार फिर जीत हासिल की और सपा उम्मीदवार अपर्णा यादव को हराया। इस बार अपर्णा यादव के भाजपा में शामिल होने के बाद उनके इस सीट से चुनाव लड़ने की अटकलें थीं। इसके अलावा, इलाहाबाद से भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी इस निर्वाचन क्षेत्र से अपने बेटे मयंक के टिकट के लिए जोर लगा रही थीं लेकिन पार्टी ने उप्र के कानून मंत्री बृजेश पाठक के पक्ष में फैसला लिया और उन्हें टिकट दिया।

लखनऊ छावनी सीट पर बुधवार को चौथे दौर के मतदान के साथ राज्य की राजधानी के अन्य सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। वर्ष 2017 के उप्र विधानसभा चुनाव में बृजेश पाठक ने लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा ने पाठक को लखनऊ छावनी सीट पर स्थानांतरित कर दिया। सपा, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भाजपा के खिलाफ अपने उम्मीदवार उतारे हैं और ए दल इस सीट पर जीत दर्ज करने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं।

सपा की ओर से इस सीट पर सुरेंद्र सिंह गांधी उर्फ राजू गांधी प्रत्याशी हैं। वहीं, दिलप्रीत सिंह विर्क (कांग्रेस), बसपा से अनिल









पांडे, अजय कुमार (आम आदमी पार्टी) और आशीष सक्सेना (जनता दल-यूनाइटेड) भी मैदान में हैं। इस महत्वपूर्ण विधानसभा सीट पर कुल 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे पाठक ने विपक्षी दलों के इस दावे को खारिज किया कि उन्हें 2017 की तुलना में इस बार अधिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

पाठक ने कहा कि विपक्ष के विधानसभा चुनाव जीतने की दूर-दूर तक संभावना नहीं है और सपा तथा बसपा दोनों भाजपा से बहुत पीछे हैं। पाठक ने विश्वास जताया कि भाजपा आसानी से सीट बरकरार रखेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 2017 के चुनाव की तुलना में सीट पर जीत का अंतर भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा, "लोग चुनाव को लेकर उत्साहित हैं और मुझे विश्वास है कि वे मुझे आशीर्वाद देंगे। वहीं, सपा प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह गांधी ने कहा, "मैं लखनऊ नगर निगम (2007 से 2017 तक) में दो बार पार्षद रहा हूं। जो अनुभव मुझे एक दशक में मिला, एक सभासद के के रूप में, निश्चित रूप से मुझे लोगों की बेहतर तरीके से सेवा करने में मदद करेगा। सपा उम्मीदवार ने कहा, सभासद से विधायक के रूप में बदलाव आसान होगा और एक विधायक के रूप में मुझे लोगों की सेवा करने का अधिक मौका मिलेगा। निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार दिलप्रीत सिंह विर्क ने भी अपनी जीत का विश्वास व्यक्त किया और कहा कि उनकी पार्टी इस बार "आश्चर्यचकित" करेगी। विर्क ने पीटीआई-भाषा से कहा, लखनऊ छावनी विधानसभा क्षेत्र में 3.86 लाख से अधिक मतदाता हैं। वे कुछ नहीं कह रहे हैं, लेकिन मतदाताओं का जो उत्साह है, उससे संकेत मिलता है कि वे बदलाव चाहते हैं और वे कांग्रेस के साथ जाएंगे। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव हालांकि टिकट पाने में असफल रहीं लेकिन वह भाजपा उम्मीदवार के लिए जोरदार प्रचार कर रही हैं।

# लखनऊ में सपा उम्मीदवारों ने विकास व बेरोजगारी को बनाया है मुद्दा

**शिव विजय सिंह**। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के नौ योद्धा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की विधानसभा सीटों पर मजबूती से अपना रण कौशल दिखा रहे हैं। इन योद्धाओं में दो महिलाएं व सात पुरुष प्रत्याशी हैं। समाजवादी पार्टी ने जिन दो महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है देखा जाए तो दोनों एक दूसरे से पूरी तरह विपरीत हैं। मोहनलालगंज से सपा प्रत्याशी सुशीला सरोज काफी वरिष्ठ व पूर्व सांसद है जबकि लखनऊ उत्तर से सपा प्रत्याशी पूजा शुक्ला हाल ही में हुए एक घटनाक्रम के बाद सपा कार्यकर्ता के रूप में उत्पन्न हुई है। वहीं लखनऊ पश्चिम से सपा ने अरमान खान को प्रत्याशी बनाया है जो प्रदेश में बड़े पैमाने पर बदालव की बात कर रहे हैं। लखनऊ पूर्व से सपा ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग भदौरिया को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा है अनुराग भदौरिया विकास के मुद्दे पर अपने प्रतिद्वंदियों को मात देने की बात कर रहे हैं। लखनऊ मध्य से समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री रविदास मेहरोत्रा की चुनावी समर में उतारा है। रविदास महरोत्रा जनसमस्याओं जैसे मुद्दे को लेकर चुनावी रणभूमि में ललकार रहे हैं। इसके अलावा लखनऊ कैंट से राजू गांधी, बक्शी का तालाब से गोमती यादव, मलिहाबाद सीट से सोनू कनौजिया को सपा ने उम्मीदवार अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा को लखनऊ की हाई प्रोफाइल सीट सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। समाजवादी पार्टी के ये सभी उम्मीदवार विधानसभा चुनाव में विकास व बेरोजगारी को मुद्दा बनाकर जनता से वोट मांग रहे हैं। बुधवार को 23 फरवरी को इन सभी सपा योद्धाओं के साथ ही चुनाव मैदान में उतरे सभी पक्ष व विपक्ष के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो जाएगा।

विधानसभा चुनाव में दूसरी बार समाजवादी पार्टी ने अनुराग भदौरिया को लखनऊ पूर्व सीट से मैदान में उतारा है। इस बार अनुराग भदौरिया जीत के लिए पूरी तरह से आश्वस्त है। अनुराग भदौरिया ने कहा कि लखनऊ पूर्व ही नही पूरे प्रदेश में जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार में नगर विकास मंत्री लखनऊ पूर्व से विधायक रहे, इसके बावजूद भी यह क्षेत्र विकास के नाम पर पूरी तरह से पिछड़ा हुआ है। इस इलाके के कईग क्षेत्रों में तो बीते पांच वर्षों से सड़क ही नही बनी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही प्रदेश में सपा सरकार बनती है लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी।

समाजवादी पार्टी ने बख्शी का तालाब से गोमती यादव को प्रत्याशी बनाया है। गोमती यादव इस क्षेत्र से वर्ष 2012 में विधायक बने थे लेकिन वर्ष 2017 में उन्हें हार का समाना करना पड़ा था। इस बार सपा ने एक बार फिर बीकेटी विधानसभा सीट से गोमती यादव को प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रत्याशी गोमती यादव भी विकास के मुद्दे को लेकर जनता के बीच वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब समझती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में सिर्फ जनता को मूर्ख बनाया है कहीं कोई काम नहीं किया है। इसी का नतीजा है कि आज प्रदेश की जनता तैयार बैठी है। 23 फरवरी को अपना निर्णय देगी।

समाजवादी पार्टी ने लखनऊ उत्तरी सीट से छात्र नेता रहीं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को काला झंडा दिखाकर चर्चा में आईं पूजा शुक्ला को मैदान में उतारा है। आपको बता दें कि इस सीट से अखिलेश यादव के करीबी माने जाने



वाले अभिषेक मिश्रा का टिकट काटकर 28 वर्षीय पूजा शुक्ला को मैदान में उतारा है। सपा प्रत्याशी पूजा शुक्ला काफी जोश में है। लखनऊ उत्तर ही नही पूरे प्रदेश की तस्वीर बदलने की बात कर रही हैं। पूजा शुक्ला ने कहा कि अब बदलाव का समय आ गया है। जनता किसी झांसे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सिर्फ जनता को धोखा दिया है और परेशान किया है जिसका बदला जनता इसी चुनाव में लेकर भाजपा को सरकार से उखाड़ फेकेगी।

लखनऊ पश्चिम से समाजवादी पार्टी अरमान खान को प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रत्याशी अरमान खान भी जन सुविधाओं को लेकर जनता के बीच वोट मांग रहे है। अरमान खान का कहना है कि मेरा पूरा जीवन जनता को समर्पित है। कोरोना काल में मैने जमीन स्तर पर उतर कर लोगों को सहायता पहुंचाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सब कुछ जानती है और पहचानती है। इसीलिए अब जनता अपना निर्णय ले चुकी है। लखनऊ मध्य से समाजवादी पार्टी ने रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार बनाया है वह 250 बार जेल गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर मैं हमेशा आगे रहा हूं। जुल्म और अत्याचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई है। जब-जब सरकारों ने महंगाई बढ़ाई है, इसका मैंने जमकर विरोध किया है। पिछले पांच साल में कई बार मेरे ऊपर लाठीचार्ज किया गया, मैं सीएए के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान भी जेल जा चुका हूं। उन्होंने कहा कि मैं जनसमस्याओं को लेकर लड़ता रहा हैं और जीत के बाद जनता की सेवा ही अपना उद्देश्य रखूंगा।

लखनऊ कैंट विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने दो बार सभासद रहे राजू गांधी को प्रत्याशी बनाया है। राजू गांधी भी क्षेत्र के विकास के मुद्दे को लेकर जनता के बीच वोट मांग रहे हैं। राजू गांधी का कहना है कि इस क्षेत्र में भाजपा का विधायक होने के बावजूद भी विकास दूर-दूर तक नहीं है। यही कारण है कि इस बार कैंट क्षेत्र की जनता समाजवादी पार्टी को अपना वोट देकर विजयी बनाएगी। समाजवादी पार्टी ने मोहनलालगंज विधानसभा सीट से पूर्व सांसद सुशीला सरोज को प्रत्याशी बनाया गया है। सुशीला सरोज ने कहा कि भाजपा ने देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था चौपट कर दी। महंगाई ने कमर तोड़ दी चाहे पेट्रोल हो, डीजल हो या सरसों का तेल सभी के दाम आसमान छू रहे हैं यहां तक कि चार सौ रूपए कीमत में मिलने वाला घरेलू गैस सिलेंडर अब एक हजार के करीब मिल रहा है। हम सबके नेता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने घोषणा पत्र में साफ कहा है कि हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है यूपी में सरकार बनने पर घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली फ्री, सिंचाई के लिए किसानों को बिजली मुफ्त दी जाएगी। सरोजनीनगर सीट से सपा ने पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। सराजिनीनगर काफी हाईप्रोफाल सीट बन चुकी है। इस सीट से योगी सरकार में मंत्री स्वाति सिंह विधायक हैं। सपा उम्मीदवार के रूप में जनता से वोट मांग रहे अभिषेक मिश्रा का कहना है कि सरोजनीनगर तो दूर की बात प्रदेश में कहीं भी विकास कार्य नही हुआ। इसी का नजीता है कि भाजपा ने सरोजनीनगर से विधायक रहीं स्वाती सिंह का टिकट काट दिया। स्वाती सिंह तो प्रदेश सरकार में मंत्री थीं। भाजपा को पता था कि उनके मंत्रियों ने काई काम नहीं किया है और जनता उन्हें हरा देगी, इसी के चलते उनके स्थान पर ऐसे व्यक्ति को भाजपा ने इस क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है जो लोगों को डरा सके। उन्होंने कहा कि लेकिन सरोजनीनगर की जनता डरने वाली नहीं है। मतदान के दिन अपना निर्णय सुनाकर भाजपा को सरकार से हटा देगी। समाजवादी पार्टी ने मलिहाबाद विधानसभा सीट से सोनू कनौजिया को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट से समाजवादी पार्टी ने पहले पूर्व सांसद सुशीला सरोज को प्रत्याशी बनाया था लेकिन बाद में सपा ने सुशीला सरोज के स्थान पर सोनू कनौजिया को प्रत्याशी बनाया दिया। सपा प्रत्याशी सोनू कनौजिया क्षेत्र के विकास के साथ ही साथ किसानों की परेशानी व आम व्यापारियों के मुख्य मुद्दे को लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने न तो रोजगार की दिशा में काम किया और न ही व्यवसाय की दिशा में। किसानों को तो प्रदेश में बरा हाल है। उन्होंने कहा कि जैसे ही प्रदेश में सपा की सरकार आती है वैसे ही रोजगार को बढ़ाने व किसानों को सुविधा देरे की दिशा में मजबूती से काम किया जाएगा।

# योगी की बुलडोजर नीति से माफिया और बाहुबलियों ने चुनावी पैतरा बदला

**सुशील कुमार मिश्र**। वाराणसी

**इस बार** प्रदेश विधानसभा चुनाव में पूर्वांचल की राजनीतिक फिजा बदली-बदली सी नजर आ रही है। पूर्वांचल के कुछ जिलों में पूरे बाहुबल और ठसक के साथ चुनावी जंग में उतरने वाले चर्चित चेहरे सियासी मैदान में इस बार प्रत्यक्ष तौर पर नहीं है लेकिन अपने रसूख और सियासी तिलिस्म को बचाने के लिए अब अपने 'वारिसों' और पत्नियों को आगे कर रहे है। इसके पीछे योगी सरकार की बुलडोजर नीति को लोग मान रहे हैं। पिछले पांच सालों में योगी सरकार ने जिस तरह अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाई और माफिया और उनके शरणदाताओं, साथियों के आर्थिक साम्राज्य को ध्वस्त कराने के लिए बुलडोजर चलवाया। इसका काफी असर समाज पर भी पड़ा है। बदले हालात को भांपते हुए इन चर्चित

- **अब अपने 'वारिसों' को आगे कर सियासी तिलिस्म बचाने की कोशिश**
- **मुख्तार अंसारी के खिलाड़ी बेटे अब्बास दूसरी बार चुनावी जंग में उतरे**

चेहरों ने भी भाजपा दोबारा सत्ता में न आने पाये इसके लिए खेमेबंदी के साथ चुनावी पैतरा भी बदल दिया है।

इसी क्रम में मऊ सदर के माफिया विधायक मुख्तार अंसारी ने इस बार खुद चुनाव न लड़कर अपने बड़े पुत्र अब्बास अंसारी को यहां से सियासी जंग में उतारा है। जंग को आसान बनाने के लिए सुभासपा











और समाजवादी पार्टी गठबंधन पुरजोर कोशिश कर रही है। इस सीट से पांच बार लगातार जीतने वाले मुख्तार अंसारी इसे अपना सियासी गढ़ मानते रहे हैं। अब्बास को जिताने के लिए मुख्तार अंसारी जेल से ही रणनीति पैतरे बना रहे हैं। बताते चले अब्बास निशानेबाज खिलाड़ी रहे हैं। पिता की तरह असलहों के शौकीन भी हैं। चुनाव में नामांकन के दौरान खुद अब्बास ने अपने शपथ पत्र में ये जानकारी दी है। शपथ पत्र के अनुसार अब्बास के पास 4 गन, एक रिवॉल्वर, एक पिस्टल, एक राइफल और एक स्पोर्ट्स राइफल है। शपथ पत्र में अब्बास अंसारी ने बताया है कि उनके खिलाफ कुल 5 मुकदमे दर्ज हैं। इसमें दो मुकदमे लखनऊ, तीसरा गाजीपुर के थाना कोतवाली में दर्ज है। चौथा प्रवर्तन निदेशालय ईडी इलाहाबाद क्षेत्र, पांचवां आचार संहिता के उल्लंघन में मऊ में दर्ज है। विधायक मुख्तार अंसारी के परिवार में बड़े भाई शिवगतुल्लाह अंसारी मुहम्मदाबाद विधानसभा सीट (गाजीपुर) से सपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त हो जाने से चुनाव में परिवार के सियासी रसूख पर भी काफी असर पड़ा है। उधर, पूर्वांचल में अंसारी परिवार के धुर विरोधी चर्चित एमएलसी बृजेश सिंह ने भी अपने सियासी रसूख को बचाने के लिए वाराणसी स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन (एमएलसी) से अपने और पत्नी पूर्व एमएलसी अन्नपूर्णा सिंह के नाम से नामांकन पत्र लिया था। चुनाव टल जाने से उन्हें और तैयारी का मौका भी मिल गया है। बृजेश सिंह इसके पहले 2012 में जनपद चंदौली के सैयदराजा विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। तब उन्हें सपा के मनोज सिंह डब्ल्यू ने पटखनी दे दी थी। तब मनोज सिंह को 51 हजार 499 कुल 29 फीसदी मत मिला था। बृजेश सिंह को 49 हजार 483 कुल 28 फीसदी मत मिला था। बृजेश के हार का बदला उनके भतीजे सुशील सिंह ने मनोज सिंह डब्ल्यू को 2017 के चुनाव में हरा कर दिया था। बृजेश के भतीजे सुशील सिंह अब अपना खुद का मजबूत सियासी वजूद बना चुके है। बृजेश सिंह के पुत्र भी कई वाहनों के काफिले में चल पिता की सियासी जमीन को मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं। उनके समर्थक बताते हैं कि निकट भविष्य में कपसेठी हाउस बृजेश के पुत्र को भी चुनाव मैदान में उतार सकता है। जौनपुर के बाहुबली और पूर्व सांसद धनंजय सिंह कभी खुद तो कभी पत्नी श्रीकला रेड्डी के जरिये अपने सियासी जमीन को बचाने की जुगत लगाते हैं। इस बार विधानसभा चुनाव में जदयू के टिकट पर जौनपुर के मल्हनी सीट धनंजय चुनावी जंग में है। धनजंय पर 10 मुकदमे विचाराधीन हैं। इसमें 8 मुकदमे जौनपुर की अदालतों में हैं। एक अन्य मुकदमा पटियाला हाउस कोर्ट नई दिल्ली में विचाराधीन है। पिछले साल जनवरी 2021 में अजीत सिंह हत्याकांड में भी उन पर धारा 212 और 176 आईपीसी में विवेचना चल रही है। धनंजय जुर्म की दुनिया के पहले लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र राजनीति में चर्चित चेहरे रहे। वाराणसी में बाहुबली कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय राय पिंडरा विधानसभा से फिर दावेदारी कर रहे है। हालांकि पूर्व विधायक अजय राय ने अपने सियासी रसूख को बचाने के लिए अभी तक अपने परिवार के किसी सदस्य को आगे नहीं किया है। खुद ही अपने रसूख को बचाने के लिए जूझते रहते हैं। 1996 में तब भाजपा के टिकट पर अजय राय ने कोलअसला विधानसभा अब पिंडरा से सीपीआई के ऊदल को हरा सियासत में अपनी मजबूत पहचान बनाई थी। तब कामरेड स्वर्गीय ऊदल ने यहां से 9 बार विधायक रहने का रिकॉर्ड बनाया था।

# हिजाब पहनने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत नहीं आता

## कर्नाटक सरकार ने अदालत में कहा

**भाषा**। कनार्टक

**कर्नाटक** सरकार ने मंगलवार को उच्च न्यायालय में कहा कि संस्थागत अनुशासन के तहत उचित प्रतिबंधों के साथ भारत में हिजाब पहनने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इसके साथ ही सरकार ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि हिजाब पहनने की अनुमति नहीं देना संविधान के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है, जिसके तहत हर तरह के भेदभाव पर प्रतिबंध है।

शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली उडुपी जिले की याचिकाकर्ता मुस्लिम लड़कियों की दलीलों का प्रतिवाद करते हुए कर्नाटक के महाधिवक्ता प्रभुलिंग नवदगी ने कहा कि हिजाब पहनने का अधिकार अनुच्छेद 19 (1) (ए) की श्रेणी में आता है, न कि अनुच्छेद 25 के तहत, जैसा याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है। नवदगी ने कर्नाटक उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ से कहा, हिजाब पहनने का अधिकार अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत आता है, न कि अनुच्छेद 25 के तहत। अगर किसी की इच्छा हिजाब पहनने की है, तो संस्थागत अनुशासन के बीच कोई प्रतिबंध नहीं है। अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत दावा किए गए अधिकार अनुच्छेद 19 (2) से संबंधित हैं, जहां सरकार संस्थागत प्रतिबंध के अधीन उचित प्रतिबंध लगाती है।

मुख्य न्यायाधीश ऋतु राज अवस्थी, न्यायमूर्ति जे एम खाजी और न्यायमूर्ति कृष्णा एम दीक्षित की पूर्ण पीठ कक्षा के अंदर हिजाब पहनने की अनुमति का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। नवदगी ने कहा कि वर्तमान मामले में संस्थागत प्रतिबंध केवल शिक्षण संस्थानों के अंदर है और कहीं नहीं है। उन्होंने कहा, हिजाब को एक आवश्यक धार्मिक प्रथा के रूप में घोषित करने की मांग का परिणाम बहुत बड़ा है, क्योंकि इसमें बाध्यता का तत्व है या फिर आपको समुदाय से निष्कासित कर दिया जाएगा। संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित है। महाधिवक्ता ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि हिजाब पहनने की अनुमति नहीं देना संविधान के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है। नवदगी ने दलील दी, कोई भेदभाव नहीं है। जैसा अनुच्छेद 15 के तहत दावा किया गया है। आरोप बेबुनियाद है।

अनुच्छेद 15 के तहत धर्म, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव पर रोक है। नवदगी ने कहा कि महिलाओं की गरिमा सर्वोपरि है। उन्होंने 1967 की हिंदी फिल्म हमराज़ के प्रसिद्ध गीत– न मुंह छुपा के जियो, न सर झुका के जियो का जिक्र करते अपनी दलीलें पूरी की। इस गाने को साहिर लुधियानवी ने लिखा था और महेंद्र कपूर ने स्वर दिया था। इस बीच, पीठ ने कहा कि वह हिजाब से संबंधित मामले का इसी हफ्ते निस्तारण करना चाहती है। इसके साथ ही अदालत ने इससे जुड़े सभी पक्षों से सहयोग देने की अपील की। अदालत की कार्यवाही शुरू होते ही याचिकाकर्ता लड़कियों की ओर से पेश एक वकील ने उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ से उन मुस्लिम लड़कियों को कुछ छूट देने का अनुरोध किया, जो हिजाब पहनकर स्कूलों और कॉलेजों में उपस्थित होना चाहती हैं। याचिकाकर्ताओं ने हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी ने कहा किहम इस मामले को इसी सप्ताह खत्म करना चाहते हैं। इस सप्ताह के अंत तक इस मामले को खत्म करने के लिए सभी प्रयास करें।



चेन्नई में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी अध्यक्ष और तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन की तख्तियां लिए लोग स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की बढ़त के जश्न मनाते हुए

## उच्च न्यायालय ने आरएएस प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम रद्द किया

**भाषा**। जयपुर

**राजस्थान** उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने आरएएस प्रारंभिक परीक्षा 2021 के परिणाम को मंगलवार को रदद कर दिया। न्यायमूर्ति महेंद्र गोयल की पीठ ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) को एक विशेषज्ञ समिति द्वारा विवादित प्रश्नों की पुन: जांच करने के बाद संशोधित परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया। राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) प्रारंभिक परीक्षा 2021 परीक्षा पिछले वर्ष 27 अक्टूबर को आयोजित की गई थी और परीक्षा परिणाम 19 नवंबर को घोषित किया गया था।

## मातृ भाषा की रक्षा करने का अभियान जन आंदोलन बनना चाहिए: उपराष्ट्रपति

**चेन्नई**। लोगों को जोड़ने में भाषा को सबसे मूलभूत कड़ी बताते हुए उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि मातृ भाषा की रक्षा और संरक्षण का अभियान देश में जन आंदोलन के रूप में तब्दील हो जाना चाहिए। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस समारोह में कहा कि यदि हम अपनी मातृभाषा खो देते हैं, तो अपनी पहचान खो देंगे। उन्होंने कहा कि भाषाओं को समय की बदलती जरूरतों के अनुरूप बनाया जाना चाहिए और युवा पीढ़ी के बीच इसे बढ़ावा देने के लिए रचनात्मक और नवोन्मेषी तरीके खोजे जाने चाहिए। भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों को खेल और गतिविधियों के माध्यम से भाषा की बारीकियों को सीखने के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए।

# दिशा सालियान की मौत की सच्चाई सात मार्च के बाद सामने आए जाएगी: पाटिल

**भाषा**। मुंबई

**भाजपा** की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को दावा किया कि बॉलीवुड अभिनेता दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रबंधक दिवंगत दिशा सालियान की मौत के पीछे की सच्चाई सात मार्च के बाद सामने आ जाएगी। उधर दिशा के परिवार के सदस्यों ने कहा कि नेता सालियान की मौत संबंधी परिस्थितियों पर सवाल उठाकर उनकी छवि को धूमिल कर रहे हैं।

कुछ दिन पहले, केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता नारायण राणे ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया था, जिसमें उन्होंने दिशा सालियन की मौत के संबंध में कुछ दावे किए थे। राणे ने दावा किया था कि राजपूत और सालियान दोनों की हत्या की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि सालियान के साथ बलात्कार किया गया था। हालांकि उन्होंने अपने दावों के समर्थन में कोई सबूत प्रस्तुत नहीं किया था। अट्ठाईस वर्षीय दिशा सालियान ने 8 जून, 2020 को उपनगरीय मलाड में एक ऊंची इमारत से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। इसके छह दिन बाद 34 वर्षीय राजपूत उपनगरीय बांद्रा में अपने अपार्टमेंट में फंदे से लटके पाए गए थे।

दिशा के परिवार के सदस्यों द्वारा की गई भावनात्मक अपील के बावजूद इस मुद्दे पर दावे-प्रतिदावे किए जा रहे हैं। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि दिशा की मौत के पीछे की सच्चाई सात मार्च के बाद सामने आ जाएगी। पाटिल ने कोल्हापुर में संवाददाताओं से कहा कि दिशा सालियान मामले पर कोई राजनीति नहीं हो रही। सात मार्च के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। चिंता न करें। सभी सबूत सामने आएंगे। कौन शामिल था, किसे जेल जाना होगा। सालियान मामले में जो हुआ वह फिलहाल सामने नहीं आया है, लेकिन यह सात मार्च के बाद सामने आएगा। इससे पहले दिन में दिशा सालियन की मां वसंती सालियान ने नेताओं से भावनात्मक अपील की कि वे उनकी बेटी की मौत संबंधी परिस्थितियों पर सवाल उठाकर उसकी छवि धूमिल न करें। वसंती सालियान ने मुंबई में अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा कि मैंने अपनी इकलौती बेटी को खो दिया। लोग हमें बदनाम कर रहे हैं। वे मेरी बेटी का नाम अपनी राजनीति में घसीट रहे हैं। यह रुकना चाहिए। हमें शांति से रहने दीजिए। वसंती सालियान ने मुंबई की महापौर किशोरी पेडनेकर को शिकायत पत्र सौंपकर अनुरोध किया है कि सालियन परिवार के सदस्यों को परेशान या बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

## पीएमएलए में धनशोधन के अपराध की अवधारणा काफी व्यापक : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) में धन शोधन के अपराध की अवधारणा बहुत व्यापक है और अपराध से अर्जित आय से जुड़ी कोई भी गतिविधि इस कानून की धारा तीन की अभिव्यक्ति के दायरे में आती है।

न्यायमूर्ति एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ पीएमएलए के कुछ प्रावधानों की व्याख्या संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार शामिल हैं।

पीठ ने कहा, मामले का तथ्य यह है कि धनशोधन के अपराध की अवधारणा बहुत व्यापक है। यह अलग तरह का है। यह किसी एक शब्द या एक अभिव्यक्ति पर आधारित नहीं है।

पीठ ने कहा कि इसलिए अपराध से अर्जित आय से जुड़ी कोई भी गतिविधि धारा तीन की अभिव्यक्ति के दायरे में आती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि हमारे अधिनियम को इस तरह तैयार किया गया है कि अपराध की आय से जुड़ी किसी भी गतिविधि का अर्थ है इसमें उपयोग भी शामिल हो सकता है, इसमें छुपाना भी शामिल हो सकता है, इसमें कब्जा भी शामिल हो सकता है।

# हिन्द प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियां यूरोप तक पहुंच सकती हैं : जयशंकर

**भाषा**। नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एय जयशंकर ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि इस क्षेत्र में पेश आ रही चुनौतियों की आंच यूरोप तक भी पहुंच सकती है और यूरोप केवल यह सोच कर निश्चिंत नहीं हो सकता कि वह बहुत दूर है तो सुरक्षित है। उन्होंने ऐसे में इन चुनौतियों से सामूहिक रूप से निपटने की जरूरत को रेखांकित किया।

जयशंकर ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि असीम शक्ति एवं मजबूत क्षमता के साथ जिम्मेदारी एवं संयम होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अर्थव्यवस्था दबाव और राजनीतिक बल प्रयोग के खतरों से मुक्त रहे। समझा जाता है कि विदेश मंत्री का परोक्ष संदर्भ हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से है।

हिन्द प्रशांत पर यूरोपीय संघ (ईयू) के मंत्री स्तरीय मंच को संबोधित करते हुए जयशंकर ने 27 देशों के समूह को सचेत किया कि क्षेत्र में पेश आ रही चुनौतियां यूरोप तक भी पहुंच सकती हैं क्योंकि केवल इन चुनौतियों से दूर स्थित होना, इससे कोई बचाव नहीं है। उन्होंने क्षेत्र की चुनौतियों से सामूहिक रूप से निपटने के महत्व को रेखांकित किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि इस मंच की मेजबानी ऐसे समय में हो रही है जब यूरोप गंभीर संकट (यूक्रेन में) का सामना कर रहा है और यह हिन्द प्रशांत क्षेत्र के यूरोपीय संघ से जुड़ाव के महत्व को रेखांकित करता है। यूरोपीय संघ सहित कई अन्य देशों के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में उन्होंने कहा, हिन्द प्रशांत बहु ध्रुवीय एवं पुन: संतुलन आधारित व्यवस्था का केंद्र है जो समकालीन बदलाव को रेखांकित करता है। हिन्द प्रशांत क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए जयशंकर ने कहा कि यह जरूरी है कि वृहद शक्ति एवं मजबूत क्षमता के साथ जिम्मेदारी एवं संयम आए।

उन्होंने कहा कि इसका मतलब अंतरराष्ट्रीय कानून, क्षेत्रीय अखंडता एवं सम्प्रभुता का सम्मान है। जयशंकर ने कहा कि इसका अर्थ अर्थव्यवस्था को दबाव से मुक्त और राजनीति को बल प्रयोग के खतरों से मुक्त बनाना है। इसका आशय वैश्विक नियमों एवं चलन का पालन करना तथा वैश्विक स्तर पर साझी चीजों पर दावा करने से बचना है। उन्होंने कहा कि आज हम उन चुनौतियों को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं और विश्वास करें कि इसमें दूरी कोई बचाव नहीं है। जयशंकर ने कहा, हिन्द प्रशांत क्षेत्र में हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वह बढ़कर यूरोप तक जा सकती है। इसलिए हम क्षेत्र की सुरक्षा में योगदान को लेकर यूरोपीय संघ की प्रतिबद्धता का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह नौवहन शताब्दी है और हिन्द प्रशांत क्षेत्र का ज्वार निश्चित तौर पर उसके भविष्य को आकार देने में मदद करेगा। विदेश मंत्री ने कहा कि यूरोपीय संघ की दृष्टि खुला, मुक्त, संतुलित एवं समावेशी हिन्द प्रशांत एवं आसियान की केंद्रीयता की भारत की दृष्टि के अनुरूप है।

जयशंकर ने कहा कि भारत का रूख व्यापक है और इसमें बहुपक्षीयता, बहुलतावाद और सामूहिक कार्य पर जोर दिया गया है तथा ए हिन्द प्रशांत सागर में निहित हैं। उन्होंने कहा कि विश्व मामलों को आकार देने में यूरोप के व्यापक योगदान की भारत सराहना करता है। उन्होंने कहा कि हमारे वार्षिक शिखर बैठकों के जरिए हमने ईयू भारत सामरिक गठजोड़ को काफी मजबूत बनाया है तथा फ्रांस इस सामरिक भूगोल के महत्व को समझने वाले पहले कुछ देशों में शामिल था।

# भारत ने अफगानिस्तान को 2500 मिट्रिक टन गेहूं की पहली खेप भेजी

## मानवीय सहायता के रूप में गेहूं की आपूर्ति कई खेपों में की जाएगी

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत** ने पाकिस्तान के साथ महीनों तक चली बातचीत के बाद अंतत: अटारी सीमा के जरिए सड़क मार्ग से मानवीय सहायता के रूप में 50 ट्रकों में 2500 मिट्रिक टन गेहूं की पहली खेप अफगानिस्तान के लिए रवाना की। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, 22 फरवरी को अमृतसर में एक समारोह में सड़क मार्ग से पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान के लिए मानवीय सहायता के तहत 50 ट्रकों में 2500 मीट्रिक टन गेहूं की पहली खेप रवाना की गई। इस समारोह में विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला के साथ अफगानिस्तान के राजदूत फरीद मंमूदजई और विश्व खाद्य कार्यक्रम के कंट्री निदेशक बी पराजुली मौजूद थे। मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के लिए संयुक्त राष्ट्र की अपील के मद्देनजर भारत सरकार ने अफगानिस्तान के लोगों को 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं तोहफे के रूप में देने का निर्णय किया था। इसमें कहा गया है कि इसकी आपूर्ति भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से होगी और इसे आईसीपी अटारी द्वारा अफगानिस्तान के परिवहनकर्ताओं के जरिए जलालाबाद पहुंचाया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह खेप भारत सरकार की ओर से अफगानिस्तान के लोगों को 50 हजार मिट्रिक टन गेहूं आपूर्ति करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

मानवीय सहायता के रूप में गेहूं की आपूर्ति कई खेप में की जाएगी और अफगानिस्तान के जलालाबाद में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को सौंपी जाएगी।

इसमें कहा गया है कि इस संबंध में भारत सरकार ने अफगानिस्तान में गेहूं वितरित करने के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। मंत्रालय ने कहा कि भारत, अफगानिस्तान के लोगों के साथ विशेष संबंधों को लेकर प्रतिबद्ध है और इस दिशा में भारत ने पहले ही अफगानिस्तान को कोविड रोधी टीके की 5 लाख खुराक,13 टन आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं और गरम कपड़ों से जुड़ी सामग्री की आपूर्ति की है। गौरतलब है कि भारत ने सड़क मार्ग से पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान को 50,000 टन गेंहू भेजने के लिए ट्रांजिट सुविधा का अनुरोध करते हुए सात अक्टूबर, 2021 को इस्लामाबाद को प्रस्ताव भेजा था, जिस पर उसे 24 नवंबर, 2021 को जवाब मिला।

पाकिस्तान से मिले जवाब के आधार पर दोनों पक्षों ने मिलकर परिवहन से जुड़ी सारी बातचीत तय की। मानवीय सहायता के प्रयासों के तहत अफगानिस्तान को पिछले कुछ महीनों से भारत से भेजी जा रही जीवनरक्षक दवाओं सहित तमाम अन्य आवश्यक वस्तुओं में दवाओं की पिछली खेप शनिवार को ही पहुंची है, जो भारत से अफगानिस्तान भेजी जा रही सामग्री की पांचवीं खेप थी।



नदिया में पश्चिम बंगाल सरकार की कल्याणकारी योजना लक्ष्मी भंडार में बड़ी संख्या में एकत्र लाभार्थी

# माकपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**भाषा**। कन्नूर (केरल)

**केरल** पुलिस के एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने यहां एक तटीय गांव में माकपा कार्यकर्ता की राजनीतिक हत्यौ के आरोप में मंगलवार को आरएसएस-भाजपा के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि रविवार देर रात न्यू माहे के पास पुन्नोल गांव में 54 वर्षीय के. हरिदासन की निर्मम हत्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश जारी है तथा मामले की तहकीकात जारी है। पुलिस ने मामले के सिलसिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है उनमें भाजपा के स्थानीय नेता और थलास्सेरी नगर निकाय का पार्षद के. लिजेश शामिल है। कुछ समाचार चैनलों ने सोमवार को एक पुराना वीडियो जारी किया है, जिसमें लिजेश पुन्नोल में एक स्थानीय मंदिर उत्सव को लेकर भाजपा-आरएसएस के कार्यकर्ताओं पर कथित रूप से हमला करने के जवाब में माकपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने की संभावना को लेकर बातचीत कर रहे हैं।



शिवमोग्गा में बजरंग दल के एक कार्यकर्ता की हत्या को लेकर कस्बे में तनाव के बाद सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद मार्च निकालते रैपिड एक्शन फोर्स जवान

## नीतीश भाजपा से नाता तोड़ें तो राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार बन सकते हैं : राकांपा

**मुंबई**। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रवक्ता नवाब मलिक ने मंगलवार को कहा कि अगले राष्ट्रपति के लिए चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार पर फैसला विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा सामूहिक रूप से लिया जाएगा और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर विचार किया जा सकता है, लेकिन केवल तब, जब उनकी पार्टी जनता दल(यूनाइटेड) भाजपा से नाता तोड़ ले। मुंबई में संवाददाताओं से बात करते हुए मलिक ने दावा किया कि भाजपा को पांचों राज्यों – उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में भगवा पार्टी को 403 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव में 150 से कम सीटें मिलेंगी। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस बाबत उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के शीर्ष नेताओं की हालिया मुलाकात का जिक्र किया।

# देश में कोविड के मरीजों की संख्या 49 दिन के बाद दो लाख से कम

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत** में गत एक दिन में कोरोना वायरस से संक्रमण के 13,405 नए मामले सामने आए जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,28,51,929 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार 49 दिन के बाद देश में कोविड के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर दो लाख से कम रह गई है। सुबह आठ बजे के आंकड़ों के अनुसार, गत 24 घंटे में महामारी से 235 मरीजों की मौत हुई जिससे कुल मृतकों की संख्या 5,12,344 तक पहुंच गई है।

आंकड़ों के मुताबिक यह लगातार 16वां दिन है जब संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या एक लाख से कम रही है। मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,81,075 है जो संक्रमण के कुल मामलों का 0.42 प्रतिशत है। इसके साथ ही कोविड-19 से पीड़ित होकर ठीक होने की दर बढ़कर 98.38 प्रतिशत हो गई है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 21,056 की कमी दर्ज की गई। संक्रमण की दैनिक दर 1.24 प्रतिशत जबकि साप्ताहिक दर 1.98 प्रतिशत दर्ज की गई।

मंत्रालय ने कहा कि अब तक 4,21,58,510 लोग ठीक हो चुके हैं और महामारी से होने वाली मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। देश में कोविड रोधी टीके की अब तक 175.83 करोड़ से ज्यादा खुराक दी जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को कुल मामलों की संख्या चार करोड़ को पार कर गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोविड-19 से गत 24 घंटे के दौरान हुई 235 मौत में से 128 केरल और 21 कर्नाटक से दर्ज की गई। देश में अब तक महामारी से 5,12,344 मरीजों की मौत हो चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक महामारी से अबतक सबसे अधिक 1,43,586 लोगों की जान महाराष्ट्र में गई है।

वहीं केरल में 64,273 मरीजों की, कर्नाटक में 39,816 मरीजों, तमिलनाडु में 37,981 मरीजों की, दिल्ली में 26,105 मरीजों की, उत्तर प्रदेश में 23,435 मरीजों की और पश्चिम बंगाल में 21,143 मरीजों की मौत हुई है।

## जम्मू-कश्मीर पर परिसीमन आयोग का कार्यकाल दो महीने बढ़ाया गया

**नई दिल्ली**। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा क्षेत्रों का नए सिरे से परिसीमन करने के लिए गठित परिसीमन आयोग का कार्यकाल दो महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

## सरकार ने राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति को पांच साल बढ़ाने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली**। सरकार ने राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति को पांच साल की अवधि यानी 2021-22 से लेकर 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी। शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इस योजना को 2021-22 से लेकर 2025-26 तक के लिए पात्रता संबंधी मानदंड में मामूली बदलाव और नवीकरण संबंधी मानदंड में संशोधन के साथ जारी रखने की मंजूरी दी गई है। केन्द्रीय क्षेत्र की राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति को कुल 1827.00 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ 15वें वित्त आयोग के चक्र में पांच साल की अवधि तक जारी रखा जाएगा। इसमें कहा गया है कि पात्रता संबंधी मामूली बदलाव में आय सीमा को 1.5 लाख रुपए प्रति वर्ष से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपए प्रति वर्ष करना शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को आठवीं कक्षा में अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने (ड्रॉप-आउट) से रोकने के लिए उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करना और उन्हें माध्यमिक स्तर पर अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# सेंसेक्स 383 अंक और लुढ़का

● निफ्टी में 114 अंक का नुकसान

मुंबई, भाषा




**शेयर बाजारों** में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 383 अंक लुढ़ककर 57,300 अंक के स्तर पर बंद हुआ। रूस-यूक्रेन संकट के बीच वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर पड़ा।

शुरुआती कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स करीब 1,300 अंक लुढ़क गया था। बाद में इसमें तेजी से सुधार आया। इसके बावजूद यह 382.91 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,300.68 अंक पर बंद हुआ।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 114.45 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,092.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील, टीसीएस और एसबीआई में सबसे ज्यादा 3.64 प्रतिशत की गिरावट आई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, रूसी समर्थन वाले विद्रोहियों के दो क्षेत्रों को मान्यता देने से रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ गया है। कच्चे तेल और सोने के दाम में तेजी से आर्थिक प्रभाव का पता चल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती कच्चे तेल का दाम 97 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचना है। इसके कारण बढ़ने वाली मुद्रास्फीति के फलस्वरूप रिजर्व बैंक उदार रुख को छोड़ने को मजबूर हो सकता है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी है और उन्होंने सोमवार को 2,261.90 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। रूस-यूक्रेन गतिरोध के बीच अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट में सोमवार को गिरावट के बाद एशिया के अन्य बाजारों में बिकवाली देखी गई। यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में यही स्थिति रही। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्वी यक्रेन में अलगाववादियों के क्षेत्र को मान्यता दे दी है। इससे भू-राजनीतिक संकट गहराने का अंदेशा है। इस बीच, ब्रेंट क्रूड वायदा चार प्रतिशत बढ़कर 97.35 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। कच्चे तेल का यह दाम सितंबर, 2014 के बाद सबसे अधिक है।

# यूक्रेन संकट, कच्चे तेल के ऊंचे दाम वित्तीय स्थिरता के लिए चुनौती

● सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि दोनों मुद्दों पर वित्तीय स्थिरता विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक में विचार किया गया

भाषा। मुंबई



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि रूस-यूक्रेन संकट और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी भारत में वित्तीय स्थिरता के लिए चुनौती है।

सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि दोनों मुद्दों पर वित्तीय स्थिरता विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक में विचार किया गया। परिषद में सभी वित्तीय क्षेत्र के नियामक शामिल हैं। दो दिन के दौरे पर मुंबई आईं वित्त मंत्री ने कहा, यह कहना मुश्किल है कि कच्चे तेल की कीमत कहां जाएगी। एफएसडीसी की आज हुई बैठक में भी हमने उन चुनौतियों पर गौर किया जिससे वित्तीय स्थिरता को खतरा है। कच्चा तेल उनमें से एक है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालात चिंताजनक है। हमने यूक्रेन में विकसित हो रहे हालात के लिए राजनयिक समाधान को लेकर आवाज उठाई है...ए सभी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार को ब्रेंट क्रूड 96 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया। देश की इसपर नजर है। वित्त मंत्री ने कहा कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियां खुदरा मूल्यों के बारे में निर्णय करेंगी। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर तनाव से व्यापार पर असर नहीं पड़ा है लेकिन सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है। हम इस बात को लेकर सतर्क हैं कि निर्यातकों पर इन सबका असर नहीं पड़े। वित्त मंत्री ने जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए समयसीमा पर सवालों को टाल दिया। उन्होंने कहा कि 60,000 करोड़ रुपए से अधिक के निर्गम के लिए बीमा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलआईसी ने सेबी के पास विवरण पुस्तिका जमा की है। इसके बाद से बाजार में इसको लेकर चर्चा और रुचि है। सरकार इस संबंध कदम बढ़ा रही है।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की खामियों को देख रही है।

## क्विक न्यूज

### आयकर विभाग ने आम जनता को नौकरी की फर्जी पेशकश करने वालों से सतर्क किया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आम जनता को नौकरियो की फर्जी पेशकश करने वालो से सतर्क किया है। विभाग ने उम्मीदारो से कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) या विभाग की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध जानकारी और विज्ञापन के आधार पर ही नौकरियो के लिए आवेदन करने के लिए कहा है। आयकर विभाग ने मंगलवार को ट्वीट मे कहा, विभाग मे शामिल होने के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर नौकरी के इच्छुक लोगो को गुमराह करने वाले धोखेबाज व्यक्तियो के झांसे मे न आएं। प्रत्यक्ष कर निकाय ने एक सार्वजानिक सूचना मे कहा कि उसके संज्ञान मे आया है कि कुछ धोखेबाज व्यक्ति आयकर विभाग मे शामिल होने के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करके उम्मीदवारो को गुमराह कर रहे है। विभाग ने कहा कि ग्रुप बी और सी श्रेणी के पदो पर सीधी भर्ती एसएससी द्वारा की जाती है और अधिसूचनापरिणाम एसएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाता है।

### कॉस्मी फाइनेंशियल ने संपत्ति प्रबंधन कारोबार शुरू किया

**नई दिल्ली।** सैम घोष प्रवर्तित कॉस्मी फाइनेंशियल होल्डिंग्स (सीएफएच) ने संपत्ति प्रबंधन कारोबार...टोरस प्राइवेट वेल्थ शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी का इरादा इसके तहत अलग तीन साल में एक अरब डॉलर का एयूएम (प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां) हासिल करने का है। सीएफएच ने मंगलवार को बयान मे कहा कि अपना शुरुआती परिचालन शुरू करने के पहले दो माह मे टोरस प्राइवेट वेल्थ का एयूएम दो करोड़ डॉलर रहा है। इसकी मौजूदगी दिल्ली और मुंबई मे है। टोरस प्राइवेट वेल्थ की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुमीता पिल्लई ने कहा, उभरते कारोबार और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र मे जो संपति बन रही है वह परंपरागत निवेश उत्पादो से आगे है। आज स्टार्टअप और उद्यम वित्तपोषण एक महत्वपूर्ण संपत्ति वर्ग बन चुका है। कंपनी का इरादा अगले तीन साल मे एक अरब डॉलर का एयूएम हासिल करने का है। इसके तहत कंपनी उच्च संपदा वाले लोगो (एचएनआई), उभरते कारोबार और स्टार्टअप इकाइयो को वित्तीय समाधान और रणनीतिक सलाहकार सेवाएं उपलब्ध कराएगी।

### जेट एयरवेज ने विपुल गुणतिलक को नियुक्त किया सीएफओ

**मुंबई।** जालान-कैलरॉक कंसोर्टियम के स्वामित्व वाली एयरलाइन जेट एयरवेज ने श्रीलंका एयरलाइंस के पूर्व सीईओ विपुल गुणतिलक को मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की। जालान-कैलरॉक कंसोर्टियम के अंग और जेट एयरवेज की निगरानी समिति के सदस्य अंकित जालान ने कहा,"हम विपुल को अपनी युवा एवं उत्साही टीम मे स्वागत करने के लिए रोमांचित है। वह विमानन क्षेत्र के जानकार है और इस उद्योग मे उन्हें कायापलट करने वाले शख्स के तौर पर देखा जाता है। जालान के मुताबिक, गुणतिलक का चयन जेट एयरवेज की कार्यकारी टीम ने कई महीनो तक चली प्रक्रिया के बाद किया है। गुणतिलक जनवरी, 2022 तक श्रीलंका एयरलाइंस के सीईओ के रूप मे काम किया है।

### किआ ने अनंतपुर संयंत्र में पांच लाख वाहनों का आंकड़ा पार किया

**नई दिल्ली।** वाहन निर्माता कंपनी किआ इंडिया ने मंगलवार को कहा कि आंध्र प्रदेश के अनंतपुर स्थित उसके संयंत्र से घरेलू एवं विदेशी बाजारो को अब तक पांच लाख इकाइयो की आपूर्ति की जा चुकी है। इसके साथ ही किआ ने भारत मे चार लाख वाहनो की बिक्री का आंकड़ा भी पार कर लिया है। सितंबर 2019 मे भारत मे कारोबार शुरू करने वाली किआ ने यहां तैयार एक लाख से अधिक वाहनो को 90 से अधिक देशो मे निर्यात भी किया है। किआ इंडिया ने एक बयान मे कहा कि वर्ष 2021 मे 25 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ वह भारत मे उपयोगी वाहनो का अग्रणी निर्यातक बनकर भी उभरी है। किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ताइ-जिन पार्क ने कहा, पांच लाख वाहनो का आंकड़ा पार करना एक बड़ी उपलब्धि है और ढाई साल से भी कम समय मे इसे हासिल करना हमारे लिए गर्व की बात है।

### रिजर्व बैंक ने बिना मंजूरी के प्रीपेड वॉलेट चलाने वाली इकाइयों से किया आगाह

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि गुरुग्राम में पंजीकृत एसराइड टेक प्राइवेट लिमिटेड अपनी कार पूलिंग ऐप एसराइड के जरिए प्रीपेड भुगतान माध्यम (वॉलेट) के रूप में काम कर रही है, जबकि उसके पास इसके लिए आवश्यक मंजूरी नही है। केंद्रीय बैंक ने आम जनता को अनधिकृत इकाइयों के प्रीपेड वॉलेट से सतर्क किया है। केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को कहा कि यदि कोई व्यक्ति एसराइड टेक प्राइवेट लि. के साथ किसी तरह का लेनदेन करता है, तो यह उसका अपना जोखिम होगा।

### टीसीएस आईओएन और एनटीटीएफ की साझेदारी शुरू

**मुंबई।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) बीएसइ 532540 एनएसई टीसीएसद्ध की एक रणनीतिक इकाई टीसीएस आईओएन ने एक प्रमुख तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान नेट्टूर टेक्निकल ट्रेनिंग फाउंडेशन एनटीटीएफ के साथ साझेदारी की है। टीसीएस आईओएन द्वारा विकसित किए गए एक अनोखे फिजिटल मॉडल में रोबोटिक्सए ऑटोमेशनए मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्रों में उच्च.मांग वाले कौशल विकास कार्यक्रम इस साझेदारी के तहत शुरू किए जाएंगे। टीसीएस और एनटीटीएफदेश में 60, 000 से अधिक युवाओं में कौशल निर्माण और विकास करने के लिए 3 डिप्लोमा और 12 सर्टिफिकेशन पाठ्यक्रम प्रदान करेंगे। कौशल विकास में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए टीसीएस आईओएन द्वारा उन्हें शुरू किया गया है। टीसीएस आईओएन के ग्लोबल हेड श्री वेंगुस्वामी रामास्वामी ने कहा ष्उम्मीद है कि 2025 तक भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा उद्योग छह गुना बढ़कर 23.5 बिलियन से 152 बिलियन तक पहुंचेगा। इस विकास के लिए युवाओं द्वारा मूल शिक्षा के अलावा व्यावसायिक कौशल हासिल करना देश के लिए आवश्यक है।

### दुनिया भर के बाजारों में गिरावट का रुख

**बैंकॉक।** यूक्रेन के पूर्वी इलाके की तरफ रूसी सेना को बढ़ने का आदेश जारी होने का एशियाई बाजारो पर गहरा असर देखने को मिला और मंगलवार को इनमे तेज गिरावट दर्ज की गई। जापान का निक्केई सूचकांक शुरुआती कारोबार के दौरान 2.2 प्रतिशत गिर गया जबकि हांगकांग के सूचकांक हांगसेंग मे 3.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एशियाई कारोबार मे कोरिया के कोस्पी मे भी 1.8 प्रतिशत की सुस्ती देखी गई। शंघाई कंपोजिट सूचकांक भी शुरुआती कारोबार मे 1.2 प्रतिशत गिर गया। यूक्रेन विवाद लंबा खिचने की आशंका से कच्चे तेल के भाव भी चढ़ गए। तेल के बड़े उत्पादक देश रूस के इस विवाद मे उलझने से आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से यूएस क्रूड मे 2.8 प्रतिशत की बढ़त देखी गई।

# भारत में एआई एप्लिकेशन में निजी क्षेत्र को आगे लाने की जरूरत: विशेषज्ञ

भाषा। वाशिंगटन

**भारत के** भविष्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) संभावनाओं से भरा क्षेत्र है जिसके समुचित दोहन के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बैंकिंग क्षेत्रों में एआई समाधान लाने के लिए प्रधानमंत्री के स्तर पर निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने की जरूरत है।अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी में मानद प्रोफेसर आरोग्यस्वामी पॉलराज ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में यह राय जताई। उन्होंने कहा कि भारत की ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली विशाल आबादी तक स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने में एआई समाधान बेहद कारगर हो सकते हैं। प्रोफेसर पॉलराज ने कहा, आई अनुप्रयोग भारत के लिए संभावनाओं से भरा हुआ क्षेत्र है। प्रधानमंत्री को उद्योग जगत से अनुरोध करना चाहिए कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा एवं बैंकिंग सेवाओं के लिए एआई एप्लिकेशन तैयार किए जाएं ताकि भारत की ग्रामीण आबादी भी लाभांवित हो सके।भारत सरकार में 25 वर्षों तक काम करने के बाद 1993 में स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी जुड़ने वाले प्रोफेसर पॉलराज 2013 में सेवानिवृत्त भी हो गए थे। लेकिन अब भी वह मानद प्रोफेसर के रूप में इस संस्थान से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2010 में पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर पॉलराज ने कहा, एआई एप्लिकेशन तैयार करना अब आसान है। मुझे लगता है कि हमें इस दिशा में मजबूती से बढ़ने की जरूरत है। सरकार बहुत धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। सरकार यह काम नहीं कर सकती है।

# विस्तार की इस साल अपने कर्मचारियों की संख्या 5,000 तक पहुंचाने की योजना

● टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त उद्यम के तौर पर स्थापित विस्तार के बेड़े में फिलहाल 50 विमान हैं जिन्हें वर्ष 2023 के अंत तक 70 तक ले जाने का कंपनी का इरादा है

भाषा। नई दिल्ली

**विस्तार एयरलाइन** की इस साल के अंत तक अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 5,000 करने की योजना है। अपनी कुल सेवाओं में सुधार के लक्ष्य के साथ एयरलाइन अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल करने और बेड़े के विस्तार की कोशिश में लगी

फिलहाल विस्तार एयरलाइन के साथ करीब 4,000 कर्मचारी जुड़े हैं।कोविड-19 महामारी की वजह से विमानन सेवाओं पर पड़े व्यापक असर से यह क्षेत्र उबरने की कोशिश में जुटा है। तीसरी लहर का असर कम होने से एक बार फिर हवाई परिवहन में स्थिति सामान्य होती दिख रही है।विस्तार के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने मंगलवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा, फरवरी में मांग लौट आई है और लोगों ने फिर से हवाई सफर करना शुरू कर दिया है। मुझे लगता है कि संक्रमण मामलों के कम होने का सिलसिला ऐसे ही जारी रहता है तो हवाई यात्रियों की संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि एयरलाइन एक साथ कई स्तरों पर काम कर रही है और इस समय कोविड-पूर्व अवधि की तुलना में अधिक उड़ानों का परिचालन कर रही है। उन्होंने कहा, हमारी एक दिन में करीब 220-250 उड़ानें संचालित हो रही हैं। अब इस पर गौर करना है कि हम किस तरह आगे बढ़ते रहें। इसमें अपने कर्मचारियों एवं भागीदारों को जोड़ना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गतिविधियां बढ़ने से इस साल के अंत तक कर्मचारियों की संख्या 4,000 से बढ़कर 5,000 तक पहुंचने की उम्मीद है। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त उद्यम के तौर पर स्थापित विस्तार के बेड़े में फिलहाल 50 विमान हैं जिन्हें वर्ष 2023 के अंत तक 70 तक ले जाने का कंपनी का इरादा है।

# मजबूत हाजिर मांग के कारण निकेल वायदा कीमतों में तेजी

नई दिल्ली, भाषा

**हाजिर बाजार** में एलॉय निर्माताओं की बढ़ती मांग के बीच सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को निकेल की कीमत 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,848.5 रुपए प्रति किलो हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मार्च माह में डिलिवरी वाले निकेल अनुबंध का भाव 23.5 रुपए यानी 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,848.5 रुपए प्रति किलो हो गया। इसमें 3,097 लॉट के लिए सौदे किए गए। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में एलॉय निर्माताओं की मांग बढ़ने के कारण मुख्यत: यहां निकेल वायदा कीमतों में तेजी आई।

# देश में ईंधन मांग अगले वित्त वर्ष में 5.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

● रसोई गैस की मांग अगले वित्त वर्ष में 4.5 प्रतिशत बढ़कर 2.96 करोड़ टन रहने की संभावना है

भाषा। नई दिल्ली

**आर्थिक गतिविधियों** में तेजी आने के साथ देश में ईंधन की मांग एक अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2022-23 में 5.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार 2022-23 में ईंधन खपत बढ़कर 21.45 करोड़ टन हो जाने का अनुमान है। मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले मौजूदा वित्त वर्ष में इसके 20.32 करोड़ टन रहने की संभावना है। वित्त वर्ष 2019-20 में देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसे ईंधन की खपत 21.41 करोड़ टन थी।

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग 4.9 प्रतिशत बढ़ी। अप्रैल-दिसंबर 2021 में ईंधन खपत 14.83 करोड़ टन रही। देश में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत 2020-21 में 19.43 करोड़ टन थी। इस दौरान कोविड-19 महामारी को फैलने से रोकने के लिए लॉकडाउन लगाया गया, जिससे आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई। पीपीएसी के अनुसार, अगले वित्त वर्ष 2022-23 में पेट्रोल की खपत 7.8 प्रतिशत बढ़कर 3.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। वहीं डीजल की बिक्री 3.9 प्रतिशत बढ़कर 7.93 करोड़ टन रहने की संभावना है। विमान ईंधन (एटीएफ) की खपत 2022-23 में 49 प्रतिशत बढ़कर 76 लाख टन रहने का अनुमान है। हालांकि, यह महामारी-पूर्व स्तर 80 लाख टन से कम है। रसोई गैस (एलपीजी) की मांग अगले वित्त वर्ष में 4.5 प्रतिशत बढ़कर 2.96 करोड़ टन रहने की संभावना है। पीपीएसी के मुताबिक, केरोसिन या मिट्टी के तेल की बिक्री 15 लाख टन पर स्थिर रहने जबकि नाफ्था की खपत 3.3 प्रतिशत बढ़कर 1.5 करोड़ टन हो जाने का अनुमान है। पेटकोक की मांग 2.8 प्रतिशत बढ़कर 1.48 करोड़ टन पहुंच जाने की संभावना है। वहीं तारकोल की बिक्री 1.8 प्रतिशत बढ़कर 79 लाख टन रहने का अनुमान है।

## एरियल ने एक नए कैंपेन की शुरुआत की

**मुंबई।** 2022 एरियल इंडिया ने पिछले 7 सालों के दौरान देश के सभी परिवारों में घरेलू कामकाज के असमान तरीके से विभाजन के बारे में लगातार बातचीत को बढ़ावा दिया है साथ ही ज्यादा.से.ज्यादा संख्या में है मर्दों से उपयोग करने का अनुरोध भी किया है। इस मुद्दे पर बातचीत को जारी रखने और परिवारों के भीतर समानता के संदेश को लगातार आगे बढ़ाने की बात को ध्यान में रखते हुएए एरियल ने 5वें संस्करण का शुभारंभ किया। अभिनेत्री जेनेलिया ने कहा कि घर की जिम्मेदारियों को साझा नहीं करने और मुझे बराबरी के नजरिए से नहीं देखने से रिश्तों में दरार आएगी इस मौके पर शरत वर्मा चीफ मार्केटिंग ऑफिसर पीएंडजी इंडिया और वाइस प्रेसिडेंटए फैब्रिक केयर पीएंडजी इंडिया ने कहा कि एरियल की मुहिम के साथ हमने इस मुद्दे पर सार्थक बातचीत शुरू करने की कोशिश की है।

## हिंदुजा को यूके हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी से कॉन्ट्रैक्ट मिला

**मुंबई।** ग्लोबल सॉल्यूशंस (एचजीएस) और एनएसई पर सूचीबद्ध ने घोषणा की कि इसकी सहायक कंपनी एचजीएस यूके लिमिटेड को यूके हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी यूकेएचएसए द्वारा दो वर्षों की शुरुआती अवधि के लिए यूके के नागरिकों को महत्वपूर्ण ग्राहक सहायता प्रदान करने के लिए चुना गया है। कॉन्ट्रैक्ट की इस अवधि को आगे बढ़ाये जाने का भी विकल्प है। पिछले सप्ताह की शुरुआत में हुई इस साझेदारी की प्रक्रिया पहले से ही चल रही हैए और यह कॉन्ट्रैक्ट अनुबंध की अवधि के लिए 211 मिलियन पाउंड 2]100 करोड़ रुण्द्ध तक का हो सकता है और इसमें पूरे यूके से वर्क/होम मॉडल के आधार पर विभिन्न पदों के लिए 2]000 से अधिक लोगों को नियुक्त किया जाना है। यूकेएचएसए पर एनएचएस टेस्ट और ट्रेस की जिम्मेदारी है और इस कॉन्ट्रैक्ट के जरिए कोविड .19 और स्वास्थ्य की सुरक्षा से जुड़े अन्य जोखिमों जैसे फ्लू या नयी महामारी का बड़े पैमाने पर प्रकोप के लिए भविष्य में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग आवश्यकताओं में मदद की जायेगी। यहाँ कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का अर्थ कोविड से प्रभावित लोगों के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों की पहचान से है ताकि उनका उपचार किया जा सके या उन्हें क्वारंटीन किया जा सके।

## जेडफंड्स ने पेश की 100 रुपए दैनिक एसआईपी वाली योजना

**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड वितरण मंच जेडफंड्स ने मंगलवार को 100 रुपए की दैनिक एसआईपी वाली म्यूचुअल फंड योजना पेश की जो खासकर ग्रामीण इलाकों एवं छोटे कस्बों को ध्यान में रखते हुए लाई गई है। जेडफंड्स ने एक बयान में कहा कि इस एसआईपी योजना को आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड और टाटा म्यूचुअल फंड के साथ मिलकर पेश किया गया है।

# पेज एक का शेष

## रूसी सांसदों...

पुतिन द्वारा मान्यता दिए जाने के बाद रूसी सैनिक इन इलाकों में प्रवेश कर गए हैं, लेकिन कुछ नेताओं ने संकेत दिया कि यह यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण के समान नहीं है। यूक्रेन के दो अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कदम से पैदा हुए विवाद के बीच रूस के प्रमुख सहयोगी चीन ने मास्को की नई कार्रवाई पर कूटनीतिक चुप्पी बनाए रखते हुए संयम बरतने का आह्वान किया। यूरोप में युद्ध की आहट के बीच यूक्रेन के अलगाववादी नियंत्रित क्षेत्रों में सैनिक तैनात करने के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश से दुनियाभर के नेता स्तब्ध हैं और अब वे इस बात गौर कर रहे हैं कि कैसे इसपर अपनी प्रतिक्रिया को ज्यादा से ज्यादा प्रभावशाली बनाएं। जर्मनी ने पहला बड़ा कदम उठाया और रूस से नॉर्ड स्ट्रीम 2 गैस पाइपलाइन के प्रमाणन की प्रक्रिया को रोकने की कार्रवाई शुरू कर दी। यह मॉस्को के लिए एक आकर्षक सौदा था और रूसी ऊर्जा आपूर्ति पर यूरोप की निर्भरता बढ़ने की अमेरिका ने आलोचना की थी। पश्चिम का कहना है कि यूक्रेन में पुतिन के कदमों ने अनगिनत अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन किया है और चूंकि कूटनीति के शब्द विफल हो गए, इसलिए कार्वाई की ओर बढ़ने का समय आ गया है।

## भारतीय छात्रों...

पर यूक्रेन छोड़ दें। बीते रविवार को भी भारतीय दूतावास ने परामर्श जारी कर भारतीय नागरिकों से कहा था कि यदि उनका प्रवास जरूरी नहीं है तो वे अस्थाई रूप से देश छोड़ दें। साथ ही भारत ने यूक्रेन में दूतावास कर्मियों के परिवार के सदस्यों से वापस घर लौटने को कहा था।

## उत्तराखंड में...

बताया कि दुर्घटना मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे हुई जब कोटद्वार से गुमखाल की ओर जा रही एक कार खड्ड में गिरने से हुई। एक अन्य दुर्घटना ऋषिकेश के निकट मुनि की रेती क्षेत्र में हुई जहां ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गूलर के समीप एक कार के खड्ड में गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई।

## भारत ने...

लिए तोहफा। समझा जाता है कि इस खेप में खाद्यान्न की आपूर्ति 50-50 किलोग्राम के जूट के बैग गेहूं की पैकिंग करके की गई है और इसे भेजे जाने की तिथि से गेहूं की मियाद (शेल्फ लाइफ) एक वर्ष है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह खेप भारत सरकार की ओर से अफगानिस्तान के लोगों को 50 हजार मिट्रिक टन गेहूं आपूर्ति करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। मानवीय सहायता के रूप में गेहूं की आपूर्ति कई खेप में की जाएगी और अफगानिस्तान के जलालाबाद में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को सौंपी जाएगी। इसमें कहा गया है कि इस संबंध में भारत सरकार ने अफगानिस्तान में गेहूं वितरित करने के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। मंत्रालय ने कहा कि भारत, अफगानिस्तान के लोगों के साथ विशेष संबंधों को लेकर प्रतिबद्ध है और इस दिशा में भारत ने पहले ही अफगानिस्तान को कोविड रोधी टीके की 5 लाख खुराक,13 टन आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं और गरम कपड़ों से जुड़ी सामग्री की आपूर्ति की है। अफगानिस्तान के दूतावास ने समय पर सहायता के लिए भारत और यहां के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शेष खाद्यान्न की आपूर्ति एक महीने में किए जाने की उम्मीद है। मामूंदजई ने ट्वीट किया, अटारी सीमा पर अफगानिस्तान के लिए भारत की ओर से सहायता के रूप में गेहूं की खेप भेजने के समारोह को देखना वास्तव में सम्मान की बात है। 2500 से अधिक ट्रेकों के माध्यम से 50 हजार मिट्रिक टन गेहूं किसी भी देश की ओर से ऐसे कठिन समय में अफगानिस्तान को समर्थन प्रदान करने के लिए सबसे बड़े योगदान में शामिल है। वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, अफगानिस्तान के लोगों के लिए भारत की मानवीय सहायता एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर। भारत ने अटारी सीमा से अफगानिस्तान के जलालाबाद के लिए 2500 मिट्रिक टन गेहूं की पहली खेप भेजी।

## चौथा चरण...

पर्यवेक्षण के लिए प्रत्येक जनपद के 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया जायेगा। उपरोक्त के साथ-साथ आवश्यकतानुसार वीडियो कैमरे की व्यवस्था भी की गई है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है एवं ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। चुनाव में सभी 24643 मतदेय स्थलों के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम एवं वीवीपैट तथा अलग-अलग जनपदों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम एवं वीवीपैट की व्यवस्था की गई है एवं सभी जनपदों में तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर्मियों की व्यवस्था की गई है जिससे कि ईवीएम अथवा वीवीपैट में किसी समस्या के स्थिति में तत्काल उसका निराकरण कराया जा सके।

# रुपए ने लगाया 24 पैसे का गोता

**मुंबई।** पूर्वी यूरोप में तनाव बढ़ने से पैदा हुई चिंता के बीच मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआती कारोबार में 24 पैसे गिरकर 74.79 रुपया प्रति डॉलर के भाव विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी फंडों की निकासी जारी रहने, घरेलू इक्विटी बाजारों में नरमी रहने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 74.71 रुपया प्रति डॉलर के स्तर पर खुला और फिर 74.79 रुपया प्रति डॉलर तक लुढ़क गया। इस तरह पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में रुपए में शुरुआती कारोबार में 24 पैसे की गिरावट दर्ज की गई।

रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने कहा कच्चे तेल के दामों में तेजी देखी जा रही है। यूक्रेन की तरफ अपनी सेना को आगे बढ़ने के रूस के आदेश के बाद निवेशक सुरक्षित विकल्प तलाशने लगे हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर को छोड़कर अन्य मुद्राओं की हालत भी कमजोर बनी हुई है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.42 प्रतिशत की जोरदार उछाल के साथ 96.74 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में भी कारोबार की शुरुआत भारी गिरावट के साथ हुई है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1,000 अंकों से अधिक की गिरावट के साथ 56,760.88 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी भी 267.50 अंक की फिसलन के साथ 16,939.15 अंक पर चला गया।




## आईटी मंत्रालय ने आंकड़े साझा करने, उपयोग को लेकर नीति का मसौदा जारी किया

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय ने सरकार के विभिन्न विभागों के बीच आंकड़े या जानकारी साझा करने के लिए रूपरेखा तय करने को नीति का मसौदा पेश किया है। इसमें यह विचार रखा गया है कि सरकार के विभिन्न विभाग या संगठन के लिए आंकड़े कुछ शर्तों के साथ खुले होंगे और साझा किए जा सकेंगे। भारत आंकड़ा पहुंच और उपयोग नीति नाम से नीति का मसौदा जारी किया गया है। यह नीति उन सभी आंकड़ों और सूचना के लिए होगी, जिसे सरकार स्वयं सृजित करती है या मंत्रालयों, विभागों और अधिकृत एजेंसियों से प्राप्त कर करती है। प्रस्तावित नीति का उद्देश्य बड़े स्तर पर सामाजिक परिवर्तन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के आंकड़ों का उपयोग करने की देश की क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बदलना है। नीति के मसौदे के अनुसार, प्रत्एक सरकारी विभाग, मंत्रालय और संगठन के सभी आंकड़े कुछ अपवादों के साथ खुले होंगे और साझा किए जा सकेंगे। इसमें इंडिया डाटा ऑफिस, इंडिया डॉटा काउंसिल और डाटा मैनेजमेंट जैसी संस्थागत रूपरेखा का प्रस्ताव किया गया है।

# यूक्रेन से राजनयिकों को बाहर निकालेगा रूस

● रूसी विदेश मंत्रालय ने लिया फैसलस

भाषा। मॉस्कोह्य



**रूसी विदेश** मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन से अपने राजनयिक कर्मियों को बाहर निकालने का फैसला किया है। मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन में रूसी राजनयिकों को कई धमकियां मिली हैं और राजनयिक कर्मियों को शीघ्र अति शीघ्र निकाला जाएगा। इस फैसले से पहले रूस ने यूक्रेन के विद्रोही क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता दे दी और रूसी संसद ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन में सैन्य बलों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी। वहीं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्रीमिया को रूस के हिस्से के रूप में अंतरराष्ट्रीय मान्यता देने, उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की सदस्यता लेने की यूक्रेन की कोशिश को रोकने और वहां हथियारों की खेप भेजे जाने पर रोक लगाने का मंगलवार को आह्वान किया। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन के क्रीमिया प्रायद्वीप पर 2014 में रूस के कब्जे को स्थानीय लोगों की इच्छा के वैध प्रतिबिंब के तौर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी जानी चाहिए और इसकी तुलना कोसोवो स्वतंत्रता के लिए किए गए वोट से की जानी चाहिए। पश्चिमी देश क्रीमिया पर कब्जे की व्यापक स्तर पर आलोचना करते रहे हैं और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते रहे हैं। मौजूदा संकट को समाप्त करने के लिए यूक्रेन की नाटो में शामिल होने की कोशिश को अस्वीकार किया जाना चाहिए और उसे तटस्थ स्थिति अपनानी चाहिए।

## ब्रिटेन व अमेरिका लगा सकते हैं कड़े प्रतिबंध

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार को कहा कि उनका देश आर्थिक प्रतिबंधों की पहली बमबारी करके रूस को निशाना बनाएगा। उन्होंने आगाह किया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के खिलाफ पूर्ण युद्ध शुरू करने को लेकर अड़े हुए हैं। पूर्वी यूक्रेन में दो अलग-अलग क्षेत्रों को मान्यता देने के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निर्णय के मद्देनजर सुबह कैबिनेट ऑफिस ब्रीफिंग रूम-ए (कोबरा) की आपातकालीन बैठक के बाद वह बोल रहे थे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने पुतिन पर यूक्रेन की संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। जॉनसन ने कहा, उन्होंने सैनिकों को अंदर भेजा है, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ा है, उन्होंने मिन्स्क समझौतों को खारिज किया और वर्ष 1994 में बुडापेस्ट में बनी सहमति को भी तार-तार कर दिया जिसमें यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की बात है। जॉनसन ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून को तार-तार कर दिया है इसलिए वह तुरंत आर्थिक प्रतिबंध लगाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि रूस के लोग भी प्रतिबंधों की उम्मीद कर रहे होंगे। ब्रिटिश सरकार की संकट काल की आपात बैठकें कैबिनेट ऑफिस ब्रीफिंग रूम में आयोजित की जाती हैं और आमतौर पर ब्रीफिंग रूम ए में होती हैं, जिसके कारण उन्हें कोबरा कहा जाता है।



### बाइडन भी सख्त

**वाशिंगटन।** यूक्रेन में रूसी सैनिकों की तैनाती को आक्रमण करार देने के व्हाइट हाउस की घोषणा के बाद मास्को पर कठोर प्रतिबंध लगने की संभावना है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने स्पष्ट कर दिया है कि वाशिंगटन व्यापक वित्तीय प्रतिबंध लगाने का इरादा रखता है। बाइडन प्रशासन ने कहा कि अमेरिका के सबसे कठोर प्रतिबंध का पैकेज यूरोपीय देशों के सहयोग से तैयार कर लिया गया है, जो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूस के अंतराष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त होगा। इससे रूस में मंदी आने की संभावना बनेगी। अमेरिका ने अब तक यह खुलासा नहीं किया है कि वह संभावित कठोरतम पाबंदियों में किस विकल्प का उपयोग करेगा।



डोनेत्स्क के केंद्र में स्वतंत्रता को मान्यता देने का जश्न मनाते व रूसी राष्ट्रीय झंडे लहराते लोग

### चीन ने भारतीय छात्रों की शीघ्र वापसी के लिए काम करने का वादा किया

**बीजिंग।** चीन ने कोविड-19 महामारी को लेकर अपने सख्त वीजा प्रतिबंधों के कारण स्वदेश में फंसे 23,000 से अधिक भारतीय छात्रों की शीघ्र वापसी के लिए काम करने का भारत से वादा किया है। साथ ही,चीन ने भारत को आश्वस्त किया है कि भारतीय छात्रों से किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा क्योंकि उनकी पढ़ाई फिर से शुरू कराना कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। इन भारतीय छात्रों के जटिल मुद्दे पर अपने प्रथम सकारात्मक संवाद में चीनी विदेश मंत्रालय ने यहां भारतीय दूतावास को सूचित किया कि वे भारतीय छात्रों सहित सभी विदेशी छात्रों के कल्याण को लेकर अवगत है।

### श्रीलंका की अदालत ने 21 भारतीय मछुआरों को रिहा करने का आदेश दिया

**कोलंबो।** श्रीलंका के जल क्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने को लेकर पिछले महीने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार कर लिए गए 21 भारतीय मछुआरों को एक मजिस्ट्रेट अदालत के निर्देश पर रिहा कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई अधिकारी इन मछुआरों को भारतीय वाणिज्य दूतावास को सौंपेंगे, जिसके बाद उन्हे आवश्यक कोविड प्रोटोकॉल पूरा करने के बाद भारत भेज दिया जाएगा। श्रीलंकाई नौसेना ने 31 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के श्रीलंका के दायरे में आने वाले इलाके में प्वाइंट पेड्रो तट के पास दो भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया था और 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था।

### हांगकांग में सभी निवासियों की अनिवार्य कोविड जांच का आदेश

**हांगकांग।** हांगकांग ने मार्च में सभी निवासियों की कोविड जांच कराने का फैसला किया है। शहर की नेता कैरी लाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के कारण हांगकांग महामारी के प्रकोप से बुरी तरह जूझ रहा है। लाम ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि मार्च में शहर की पूरी आबादी की तीन बार कोविड जांच की जाएगी। उन्होने कहा कि नमूनों की जांच क्षमता प्रतिदिन 10 लाख या इससे अधिक बढ़ाई जाएगी। लाम ने कहा, चूंकि, हमारी आबादी करीब 70 लाख है, ऐसे में जांच प्रक्रिया में सात दिन लगेंगे।

### महारानी एलिजाबेथ ने ऑनलाइन बैठकें रद्द कीं

**लंदन।** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने कोविड-19 के हल्के लक्षण बरकरार रहने के कारण मंगलवार को अपनी निर्धारित ऑनलाइन बैठकें रद्द कर दी है। बकिंघम पैलेस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने रविवार को 95 वर्षीय महारानी एलिजाबेथ के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की थी। शाही महल के एक प्रवक्ता ने कहा, महारानी ने आज अपनी निर्धारित ऑनलाइन बैठकें रद्द करने का फैसला किया है। हालांकि, वह अपने अन्य दायित्व निभाना जारी रखेंगी।

### लीबिया के प्रधानमंत्री ने युद्ध छिड़ने की चेतावनी दी

**काहिरा।** संकट का सामना कर रहे लीबिया के प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि एक अंतरिम सरकार नियुक्त किए जाने से देश में युद्ध छिड़ सकता है। प्रधानमंत्री अब्दुल हमीदी दबैबाह ने सोमवार देर शाम देश के नागरिकों को संबोधित करते हुए एक बार फिर से कहा कि वह सिर्फ एक निर्वाचित सरकार को ही सत्ता हस्तांतरित करेंगे। उन्होने जून में चुनाव कराने की संभवतः एक विस्तृत योजना बनाई है। कोई अंतरिम सरकार नियुक्त करने की योजना लापरवाही भरा कदम होगा तथा यह देश में और युद्ध का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

# पुतिन को यूक्रेन मामले में नहीं मिला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का समर्थन

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन को पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों को रूसी नियंत्रण में लाने के लिए उनके कदमों को लेकर सोमवार रात एक आपात बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों से कोई समर्थन नहीं मिला। अमेरिका ने पुतिन के कदमों को हमला करने का एक बहाना बताया, वहीं कई सदस्यों ने यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की निंदा की।
यहां तक कि रूस के करीबी सहयोगी चीन ने भी कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान का आग्रह किया। यूक्रेन ने दोनेत्स्क और लुहान्स्क के अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने सहित विभिन्न मुद्दों पर पुतिन के कदमों की निंदा करने के लिए सोमवार को अमेरिका, पांच यूरोपीय देशों और मेक्सिको के साथ विशेष सत्र का आह्वान किया। रूस इस महीने सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष है और वह चाहता था कि बैठक नहीं हो, लेकिन राजनयिकों ने कहा कि पश्चिमी देशों और अन्य सदस्यों के तीव्र दबाव में वे खुले सत्र के लिए सहमत हुए। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने पुतिन की इस घोषणा को बकवास बताते हुए खारिज कर दिया कि रूसी सैनिक शांतिरक्षक सैनिकों के रूप में अलगाववादी क्षेत्र में होंगे। रूसी सैनिकों की उपस्थिति यूक्रेन पर एक और आक्रमण के लिए स्पष्ट रूप से बहाना बनाने के रूसी प्रयास का आधार है। संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राजदूत निकोलस डी रिवेरे ने कहा कि रूस चुनौती और टकराव का रास्ता चुन रहा है जबकि फ्रांस व जर्मनी सहित अन्य देशों ने पिछले दिनों में तनाव कम करने के लिए अथक प्रयास किए हैं। हम इन प्रयासों को जारी रखेंगे और रूस से अपनी कथनी और करनी एक रखने, अलगाववादी इकाइयों को मान्यता देने का फैसला वापस लेने क अपील करेंगे। संयुक्त राष्ट्र में ब्रिटिश राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने सुरक्षा परिषद से रूस से किसी भी सैन्य कार्वाई को रोकने, एक संप्रभु राज्य के खिलाफ आक्रामक कार्वाई की निंदा करने और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने एवं रूस से संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपने दायित्वों का सम्मान करने का आह्वान करने का आग्रह किया। परिषद की कार्वाई पर रूस के वीटो अधिकार को देखते हुए यह लगभग असंभव है।

## जर्मनी ने रूस को संवेदनशील मशीनरी बेचने के संदिग्ध को अभ्यारोपित किया

**बर्लिन।** जर्मनी के अभियोजकों ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने शस्त्र नियंत्रण कानून तोड़कर रूस को संवेदनशील मशीनरी बेचने के संदिग्ध एक उद्योगपति को अभ्यारोपित किया है। अभियोजकों ने कहा कि इस मशीनरी का इस्तेमाल रासायनिक हथियार बनाने में किया जा सकता है। जर्मनी के सीमाशुल्क अधिकारियों ने पिछले साल लीपजिग शहर से इस व्यक्ति को गिरफ्तार किया था, जिसकी पहचान एलेक्जेंडर एस. के रूप में हुई थी। संघीय अभियोजकों ने कहा कि संदिग्ध पर औपचारिक रूप से रूस में एक कंपनी को प्रतिबंधित सामान बेचने और रूसी खुफिया एजेंसी के काम के लिए निर्यात नियमों को तोड़ने का भी आरोप लगाया गया है।

### संरा विशेषज्ञ ने म्यांमा को हथियार बेचने के लिए चीन, रूस की आलोचना की

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध एक स्वतंत्र मानवाधिकार कार्यकर्ता ने म्यांमा के नागरिकों के खिलाफ वहां की सैन्य सरकार द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों की आपूर्ति करने के लिए चीन और रूस की आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के साथ कार्य कर रहे विशेष प्रतिवेदक टॉम एंड्रयूज ने इन देशों से इस तरह (हथियारों की) बिक्री रोकने की अपील की है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से अपील की है कि वह म्यांमा के नागरिकों के खिलाफ वहां की सैन्य सरकार द्वारा इस्तेमाल होने वाले हथियारों की बिक्री पर संभावित प्रतिबंध पर चर्चा के लिए आपातकालीन बैठक बुलाए। सुरक्षा परिषद में चीन और रूस स्थाई सदस्य हैं। एंड्रयूज ने कहा, म्यांमा के लोग संयुक्त राष्ट्र से इस बाबत कार्वाई की उम्मीद करते हैं। एड्रयूज की शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि म्यांमा की सैन्य सरकार को 2018 से विभिन्न श्रेणियों के हथियार उपलब्ध कराए।

# जर्मनी ने गैस पाइपलाइन परियोजना निलंबित की

भाषा। बर्लिन

**जर्मनी के चांसलर** ओलाफ शोल्ज ने मंगलवार को कहा कि उनके देश ने नॉर्ड स्ट्रीम 2 गैस पाइपलाइन के प्रमाणन की प्रक्रिया को रोकने के लिए कदम उठाए हैं, क्योंकि पश्चिमी देश यूक्रेन संकट के मद्देनजर रूस के खिलाफ दंडात्मक उपाय कर रहे हैं। शोल्ज ने कहा कि उनकी सरकार ने यह फैसला पूर्वी यूक्रेन के दो अलग हुए क्षेत्रों की स्वायत्तता को मंजूरी देने के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के फैसले के जवाब में लिया है। उन्होंने पुतिन के फैसले को अंतरराष्ट्रीय कानून का गम्भीर उल्लंघन करार दिया है। अब यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर निर्भर है कि वह रूसी राष्ट्रपति की इस एकतरफा, समझ से बाहर और अनुचित कार्वाई का जवाब दे। उन्होंने आगे कहा कि मॉस्को को यह संदेश देना अब जरूरी हो गया है कि उसकी ऐसी कार्वाइयों का परिणाम अवश्य सामने आएगा।

### ब्रिटेन ने पांच रूसी बैंकों पर प्रतिबंध लगाया

**लंदन।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन के खिलाफ आक्रामक कार्वाई को लेकर ब्रिटेन ने मंगलवार को पांच रूसी बैंकों और इस देश के तीन बेहद अमीर लोगों पर सख्त प्रतिबंध लगाए। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने संसद को बताया कि यह यूक्रेन के दो अलगाववादी क्षेत्रों में रूसी सैनिकों के प्रवेश के खिलाफ जवाबी उपायों की पहली कड़ी है। ब्रिटेन ने रोसिया, आईएस बैंक, जनरल बैंक, प्रोम्सव्याज बैंक और ब्लैक सी बैंक के अलावा रूस से ताल्लुक रखने वाले तीन अरबपतियों -गेनेडी टिमचेंको, बोरिस रोटेनबर्ग और इगोर रोटेनबर्ग- पर प्रतिबंध लगाए हैं। ए तीनों अरबपति पुतिन के करीबी होने के चलते पिछले कई वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंध सूची में शामिल रहे हैं।

# भारत-अमेरिका संबंध कमजोर हुए हैं : काश

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के पूर्व** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सहायक और भारतीय-अमेरिकी काश पटेल ने कहा कि मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन में अमेरिका और भारत के संबंध कमजोर हुए हैं। पटेल पूर्ववर्ती ट्रंप प्रशासन के आखिरी कुछ सप्ताह में अमेरिका के कार्यवाहक रक्षा मंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ रह चुके हैं। पटेल ने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2024 में फिर से चुनाव लड़ने की अच्छी-खासी संभावना है। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन के तहत द्विपक्षीय संबंध बिगड़े हैं। पेंटागन के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ सितंबर 2019 और फरवरी 2020 में ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ह्यूस्टन और अहमदाबाद की रैलियों में भाग ले चुके हैं। पटेल ने कहा, संबंध कमजोर हुए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के असाधारण संबंध रहे है और वे चीन के आक्रामक रुख, न केवल भारतीय सीमा बल्कि वैश्विक स्तर पर, जैसी चीजों से निपटने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे थे। वे आतंकवाद रोधी मामलों और बंधक जैसी स्थितियों में पाकिस्तान पर भी एक साथ मिलकर काम कर रहे थे। अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना की वापसी से स्थिति बिगड़ने पर उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका के पास 18 महीनों में जमीन पर अपनी सेना भेजने के अलावा और कोई विकल्प नहीं होगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में स्थिति अब खराब हो गई है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दुर्भाग्यपूर्ण रूप से पुरानी ताकतें अफगानिस्तान में लौटेगी, संभवत: तकरीबन 18 महीनों में या उसके बाद। मुझे लगता है कि आईएसआईएस और अल-कायदा तथा तालिबान का आतंक बढ़ा है। यह सुरक्षा के लिहाज से न केवल अमेरिका के लिए बल्कि विश्व के लिए भी अच्छी बात नहीं है।



# जयशंकर ने पेरिस में कई देशों के अपने समकक्षों से मुलाकात की



भाषा। पेरिस

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने पेरिस में बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया, चेक गणराज्य और यूरोपीय संघ के अपने समकक्षों से मुलाकात की तथा परस्पर हित और द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर जर्मनी से रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे हैं।
उन्होंने ईयू हिंद प्रशांत मंच में भाग लेने आए हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों के अपने समकक्षों के साथ सिलसिलेवार बैठकें की। जयशंकर ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ ए. के. अब्दुल मोमेन से मुलाकात करने के बाद ट्वीट किया, बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ ए. के. अब्दुल मोमेन से मुलाकात अच्छी रही।
अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर यह बैठक हुई। दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए वर्ष 2021 अच्छा रहा, 2022 में इसे और ऊंचाई पर ले जाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि दोनों मंत्री इस बात से सहमत हुए कि भारतीय राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की बांग्लादेश यात्रा के साथ 2021 द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा। जयशंकर ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष को इस साल की पहली छमाही के दौरान संयुक्त परामर्शदात्री समिति की अगली बैठक में हिस्सा लेने का न्योता दिया है। बयान में कहा गया है कि मोमेन ने भारत से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य के तौर पर रोहिंग्या मानवीय संकट पर संपर्क में रहने का आग्रह किया। सोमवार को जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चुंग एई-योंग से मुलाकात की। इस बाबत उन्होंने ट्वीट किया, कोरिया गणतंत्र के विदेश मंत्री चुंग एई-योंग से भेंट की। द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने पर सहमति जाहिर की।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, **Jagmeet Singh S/o Shri Charanjeet Singh & Hardeep Kaur W/o Jagmeet Singh R/o C4C/366,Pocket-14,Janakpuri,New Delhi-110058 am** the legal owner of bearing **Plot No. 477, Block No. A, Pocket No. 1, Sector No. 37, measuring-32.00** Sq. mts. situated at **Rohini,Delhi ,No. F-16 (27809) 2012/RHN, Application no. 142468,Priority No.20819 which is allotted by the DDA.Original Perpetual Lease Deed** the above Plot has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P. S. Crime Branch, Delhi vide **LR No. 106849/2022, Dated-07-02-2022.** Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact with above named person at above address/phone No. 9818849956 within 15days from the date of publication of this notice. Any person claiming any right, interest, or having any objections with respect to this property can also personally inform/contact me.

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Sumitra W/o Umed Singh is the owner of Plot no 1435 measuring 210 sqm. in Sector 03 at Urban Estate Rohtak from Abhay Narain Singh vide Sale deed dated 26/11/2021 (document no. 12044) have lost the following documents:-
1.Original Conveyance deed 03/08/2008 no 3578 executed by HUDA in favour of Abhay Narain Singh
2. Original Re-Allotment Letter memo no. 5591 dated 11/08/2000 issued by HUDA in favour of Abhay Narain
3. Original Allotment letter dated 22/08/1998 no 16331 as executed by Geeta Gulati
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
**Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91**
**9810063351**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि, अनीता कुमारी पुत्री बलवंत सिंह निवासी फ्लैट नं. बी-402, चौथा तल, फखरुद्दीन मेमोरियल सी.जी.एच.एस. लिमिटेड, प्लॉट नंबर 18, सेक्टर -10, द्वारका, नई दिल्ली -110075, की 08-12-2020 को मृत्यु हो गई थी और बजरिये एक अपंजीकृत वसीयत दिनांक 27-08-2020 के द्वारा अपने चचेरे भाई हरीश मल्होत्रा पुत्र स्वर्गीय रोशन लाल मल्होत्रा निवासी फ्लैट नं. बी-402, चौथा तल, फखरुद्दीन मेमोरियल सी.जी.एच.एस. लिमिटेड, प्लॉट नंबर 18, सेक्टर -10, द्वारका, नई दिल्ली-110075 को अपनी संपत्ति जो कि (1) फ्लैट नंबर बी-402, चौथा तल, फखरुद्दीन मेमोरियल सी.जी.एच. एस. लिमिटेड, प्लॉट नंबर 18, सेक्टर -10, द्वारका, नई दिल्ली -110075 (2) फ्लैट नंबर बी -601, 6 वीं मंजिल, वेसावे मांगेला मच्छीमार समाज सर्वोदय ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, जुहू वर्सोवा लिंक रोड, अंधेरी वेस्ट, मुंबई- 400053 (3) श्री अजीत सिंह पुत्र श्री प्रेम सिंह से 15,00,000/- (पंद्रह लाख) के ऋण का निपटान एवं वसूली उसके निपटारे आदि के लिए लाभार्थी के रूप में नियुक्त किया है।
मुव्वक्किल श्री हरीश मल्होत्रा पुत्र स्वर्गीय रोशन लाल मल्होत्रा की ओर से अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता एतद्द्वारा मृतक की उक्त संपत्तियों/शक्तियों/संपत्तियों और हित के हस्तांतरण के लिए अन्य वारिसों या दावेदारों या आपत्तिकर्ताओं से दावे या आपत्तियां आमंत्रित करते हैं। इस नोटिस के प्रकाशन से 14 दिनों की अवधि के भीतर, नीचे दिए गए पते पर दावे/आपत्ति का समर्थन करने के लिए सबूतों की प्रतियों के साथ यदि कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो श्री हरीश मल्होत्रा को उप-नियमों/नियमों के तहत प्रदान किए गए तरीके से मृतक की उक्त वसीयत को रजिस्ट्रार/सब-रजिस्ट्रार के कार्यालय से निष्पादित और पंजीकृत करने और संपत्तियों और पूँजी को अपने नाम पर स्थानांतरित/परिवर्तित करने की स्वतंत्रता होगी।
प्रेम प्रकाश (एडवोकेट)
207, प्लॉट नंबर 1, एमएलयू
सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-75
(फोन : 91 9871268399)

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Sandeep Kumar** who is owner of Shop No.163, Block 103(Old) & 73/3(New), area admeasuring 16 Sq. Yards, situated in the abadi of Jacobpura, Naya Bazar Chudi Market, within the limits of Gurgaon, Tehsil & District Gurgaon (Haryana) from Mrs. Shobha Rani & Mrs. Nirmal vide Transfer Deed dated 27.05.2016 (vide Doc. No.5537), who were owned the property along with Mr. Sandeep Kumar by virtue of Sale Deed dated 30.03.2012 (vide Doc. No. 35895) having purchased the same from Mr. Pradeep Jaiswal who was owner of the property vide Judgment dated 31.03.1993 in Suit No.122 of 1993. The borrower(s) intend tomortgage against the financial assistance from **Utkarsh Small Finance Bank Limited**. That there is no additional initial document except Judgment dated 31.03.1993.To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.
**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext. II New Delhi-110049
Contact # 011-40046316

# मतभेद सुलझाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के साथ टीवी पर परिचर्चा करना चाहूंगा

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच मतभेद सुलझाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीविजन पर परिचर्चा करना चाहेंगे। खान ने मॉस्को की अपनी पहली यात्रा की पूर्व संध्या पर रूस के सरकारी टेलीविजन नेटवर्क आरटी से साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की। पिछले दो दशक में पहली बार कोई पाकिस्तानी प्रधानमंत्री रूस की यात्रा पर हैं। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान खान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से वार्ता करेंगे और प्रमुख क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों पर चर्चा करेंगे। खान ने एक सवाल के जवाब में कहा, मैं नरेंद्र मोदी के साथ टीवी पर परिचर्चा करना चाहूंगा।



● मॉस्को की अपनी पहली यात्रा की पूर्व संध्या पर बोले

उन्होंने कहा कि यदि भारत और पाकिस्तान के बीच मतभेदों को परिचर्चा के जरिए सुलझाया जा सकता है, तो यह उपमहाद्वीप के लोगों के लिए बहुत अच्छी बात होगी। खान ने एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि जब उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ 2018 में सत्ता में आई थी, तो उन्होंने भारत से तत्काल संपर्क किया था और भारतीय नेतृत्व से वार्ता के जरिए कश्मीर मामला सुलझाने को कहा था। इमरान ने कहा, मैंने उनसे कहा कि हमारे बीच एकमात्र समस्या कश्मीर है। आइए, बैठकर इसे सुलझाते हैं। उन्होंने कहा कि वह भारत को कई लोगों से बेहतर जानते हैं। उन्होंने पाकिस्तान के लिए क्रिकेट खेलने के कारण भारत में अपने संपर्कों का जिक्र किया। भारत ने उनकी पहल का कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया। आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत में 2016 में पठानकोट वायुसेना अड्डे पर किए गए हमले के बाद दोनों पड़ोसी देशों के संबंध और खराब हो गए थे।

**SC AGROTECH LIMITED**
(FORMERLY KNOWN AS SHEEL INTERNATIONAL LIMITED)
CIN: L01122DL1990PLC042207
Regd Address: RZ-1484/28, Ground Floor, Tughlakabad Ext. New Delhi-110019
Email: sheel102@gmail.com, Web: www.scagrotech.com Ph: 9654056648

Extract from the standalone unaudited financial result for the Quarter and Nine Months ended 31-12-2021

(Rs. in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | For the Half Year Ended | Corresponding 3 Months Ended |
|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2021 | 31.12.2021 | 31.12.2020 |
| 1 | Total Income From operation | 13.14 | 37.71 | 18.48 |
| 2 | Total Expenses | 13.54 | 40.44 | 17.08 |
| 3 | Net profit/(loss) for the period (before tax, Exceptional and /or Extraordinary items | -0.40 | -2.73 | 1.40 |
| 4 | Net profit/(loss) for the period (before tax, after Exceptional and /or Extraordinary items | -0.40 | -2.73 | 1.40 |
| 5 | Net profit/(loss) for the period after tax and Exceptional and /or Extraordinary items | -0.40 | -2.73 | 1.40 |
| 6 | Total comprehensive Income for the period (Comprising profit/loss) for the period (after tax) and other comprehensive (after tax) | -0.40 | -2.73 | 1.40 |
| 7 | Paid up equity Share capital(face value of Rs 10/- each) | 599.50 | 599.50 | 599.50 |
| 8 | Earning per share (of Rs 10/-Each) | | | |
| | BASIC and Diluted Earning per share (in Rs) | - | - | - |

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly financial results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI LODR 2015. the full format of the Financial result are available on the Stock Exchange website( www.bseindia.com) and on the Company website **(www.sc agrotech.com)**
2. The result of the Quarter ended on 31st December 2021 were reviwed by the audit committee and approved by the Board

By Order of The Board FOR SC AGROTECH LTD.
Sd/-
Rahul Gupta
Executive Director

Place: New Delhi
Date : 18.02.2022

# निर्माण राजनीतिक ब्रांड का



**भारत में कई राज्यों के चुनाव चल रहे हैं और इसकी चर्चा जोर पकड़ रही है। इस विषय पर समाचारों और विचारों का प्रसार करने के लिए उच्च रुचि के साथ, विपणन और ब्रांडिंग पहलुओं को ठीक करना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रस्तुत है 'जयश्री एम सुंदर' का विश्लेषण :**

जैसा कि हम देखते हैं (और हम में से कई भाग लेते हैं) देश के कुछ राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों में, छवि प्रक्षेपण के संदर्भ में एक दिलचस्प नाटक खेला जा रहा है। आखिर चुनाव कई मायनों में नया मनोरंजन है।

पहले के दिनों के विपरीत जहां यह राजनीतिक शुद्धतावादियों की खोज थी, आज हर कोई इसमें शामिल और सहभागी है। चुनाव क्या नहीं है? नायक और विरोधी, पदधारी और विरोधी, जीत और विफलता, रहस्य, रहस्य, वीरता और परिणाम। यह आपके सामने एक रोमांचक, रोमांचकारी रोलर कोस्टर राइड है। यह दर्शकों का सबसे अच्छा खेल है। पाठक या दर्शक संलग्न क्यों नहीं होंगे?

एक शक्तिशाली राजनीतिक ब्रांड बनाना एक बहुत बड़ी चुनौती है – एक जिसमें सालों लग जाते हैं और कभी-कभी एक झटके में नष्ट हो जाता है। और ब्रांड मूल्यों और मुख्य ब्रांड संदेशों को समेकित करने के लिए कई चुनौतियां हैं क्योंकि यह फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी), कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, सेवाओं आदि की सामान्य दुनिया से संबंधित नहीं है।

मुझे मतभेदों की गणना करने दें क्योंकि मैं उन्हें उदाहरणों के साथ देखता हूं ताकि ऊपर दिए गए बिंदु स्पष्ट हो जाएं :

## हर मतदाता समान रूप से महत्वपूर्ण

अमीर, गरीब, शहरी, ग्रामीण, पुरुष, महिला, बूढ़े, जवान में कोई अंतर नहीं है। हर वोट का समान मूल्य होता है। नियमित ब्रांड मार्केटिंग में 80:20 नियम की शुरुआत होती है जिसमें आप भारी उपयोगकर्ताओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो आपके उपभोक्ता आधार का 20 प्रतिशत बनाते हैं लेकिन आपको राजस्व में 80त्न रिटर्न देते हैं। लेकिन राजनीतिक दुनिया में हर वोट बराबर होता है।

विडंबना यह है कि शहरी उपभोक्ता ग्रामीण समकक्ष की तुलना में कम संख्या में मतदान करने जाते हैं। शोध और आंकड़े इसे साबित करते हैं।

## केवल एक कार्य दिवस है

और वह मतदान का दिन है। नियमित ब्रांडों के विपरीत जहां आप विज्ञापन बना सकते हैं और उम्मीद करते हैं कि उपभोक्ता चेक आउट को समझने और उत्पाद खरीदने के लिए कार्रवाई करेगा, चुनाव में यह सिर्फ एक दिन है जो मायने रखता है। यदि उपभोक्ता उस दिन आपको खरीद नहीं करता है, तो कहानी समाप्त हो जाती है।

## नारा अत्यंत महत्वपूर्ण है

कैचफ्रेज वह है जो आपको अपने दर्शकों से जोड़ सकता है जैसे और कुछ नहीं। यह आपकी रणनीति की परिणति को कुछ गूढ़ शब्दों में समाहित करता है जो सच होना चाहिए। जिसे रोजाना की बोलचाल में सभी को पसंद और इस्तेमाल करना चाहिए।

बराक ओबामा के 2008 के संक्रामक और आशावादी अभियान नारा ''हां हम कर सकते हैं'' की तरह, राजनीतिक दृष्टि से चुनौती, संभावना, क्षमता, अनुमति और अवसर शामिल थे।

या शायद उन सभी में सबसे आकर्षक। मार्गरेट थैचर का 1978 का अभियान ''श्रम काम नहीं कर रहा है'' साची और साची द्वारा किया गया या भारत में लाल बहादुर शास्त्री के ''जय जवान जय किसान'' या अटल बिहारी वाजपेयी के ''अब की बारी अटल बिहारी''।

शायद दो शक्तिशाली नारों का सबसे अच्छा संस्करण भारत में 2004 का आम चुनाव था। जहां बीजेपी का नारा ''इंडिया शाइनिंग'' था और कांग्रेस का ''आम आदमी को क्या मिला?'' एक बात जो इन सभी में समान है वह है भावनात्मक जुड़ाव। राष्ट्रीय गौरव, व्यक्तिगत सुरक्षा और एक समान विचारधारा।

## हर माध्यम महत्वपूर्ण

साबुन और शैंपू जैसे तेजी से चलने वाले सामानों के लिए टेलीविजन पर होना बहुत जरूरी है ताकि आपके ब्रांड के उपभोक्ता को याद दिलाया जा सके। हाई टिकट आइटम या हाई-टेक आइटम के लिए तर्कसंगत माध्यमों और इसलिए प्रिंट मीडिया की आवश्यकता होती है। रेडियो आउटडोर और लाइन के नीचे कोलेटरल को आमतौर पर सेकेंडरी या सपोर्ट मीडिया माना जाता है।

राजनीतिक दुनिया में नहीं। यदि आप ग्रामीण उपभोक्ता को लक्षित करते हैं जो खेत में काम करता है या काम करने के लिए अपने काले चक्र का उपयोग करता है तो उसका प्राथमिक मीडिया रेडियो, दीवार पेंटिंग स्टिकर बैनर और पोस्टर ग्रामीण महिलाएं भी हैं जो कृषि अर्थव्यवस्था या उसकी रसोई में काम कर सकती हैं।

## सोशल मीडिया ने बदल दिया खेल

अगर आप सोशल मीडिया हैंडल को देखेंगे तो पाएंगे कि कुछ नेताओं के फॉलोअर्स सबसे ज्यादा हैं। यदि वे प्रेरक हैं और व्यापक लोकप्रियता का आनंद लेते हैं तो लोग जानना चाहते हैं कि वे क्या कह रहे हैं या विश्वास कर रहे हैं।

यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि जहां भाजपा के 17.6 मिलियन अनुयायी हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर पर 75.4 मिलियन अनुयायी हैं। राहुल गांधी के 19.6 मिलियन फॉलोअर्स की तुलना में कांग्रेस के ट्विटर पर 84 लाख फॉलोअर्स हैं। इसलिए, राजनीतिक खेल में लोग अपनी कंपनियों से बड़े हो सकते हैं।

जहां फेसबुक और ट्विटर अपने सामान्यवादी प्रोफाइल के लिए पसंदीदा सोशल मीडिया हैं, वहीं अधिक से अधिक राजनेता इंस्टाग्राम पर भी जा रहे हैं। इससे उन्हें मिलेनियल्स को कवर करने में मदद मिलेगी। जनरेशन जेड के बारे में क्या? हाल के अमेरिकी चुनावों में कहा जाता है कि टिक टोक और स्नैपचैट ने राजनीतिक मीडिया में जगह बना ली है।

यूट्यूब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोशल मीडिया चैनल है – इसका उपयोग वर्तमान में यूपी चुनावों के लिए किया जा रहा है।

## लाइव वीडियो के माध्यम से




> एक शक्तिशाली राजनीतिक ब्रांड बनाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसमें सालों लग जाते हैं और कभी-कभी एक झटके में नष्ट हो जाता है। और ब्रांड मूल्यों और मुख्य ब्रांड संदेशों को समेकित करने के लिए कई चुनौतियां हैं क्योंकि यह फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी), कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, सेवाओं आदि की सामान्य दुनिया से संबंधित नहीं है।

## जनता से जुड़ना

9 बजे के आधार पर प्राइम टाइम बीत चुका है। राजनेताओं को अब अपने स्वयं के समाचार को तोड़ने और अपने घटकों के साथ वास्तविक समय में बातचीत करने का अधिकार है।

उदाहरण के लिए, कई राजनेता अमेरिका में मतदाताओं और गैर-मतदाताओं के साथ समान रूप से बातचीत करने के तरीके के रूप में नियमित रूप से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लाइव स्ट्रीम करते हैं। मतदाताओं से सिर्फ बात करने के बजाय, लाइव वीडियो सार्थक और आकर्षक दोनों तरह की बातचीत को प्रोत्साहित करता है। यह पश्चिमी दुनिया में अधिक प्रचलित है – लेकिन भारत में बड़े पैमाने पर प्रवेश करने की संभावना है।

## लगभग अदृश्य लीड-टाइम्स

राजनीतिक दलों को मतदाता आधार के साथ बातचीत जारी रखनी चाहिए। सोशल मीडिया पर सप्ताह में दो या तीन बार उलझने के सामान्य नियम के विपरीत यहां प्रतिदिन बात करने की सलाह दी जाती है। कभी-कभी कोई विकल्प नहीं होता है। विरोध करने के लिए खंडन हैं। नए विचार हैं। और आपको मथनी तब तक मथनी चाहिए जब तक वह ग्राहक तक न पहुंच जाए।

## मोबाइल प्राथमिक माध्यम है

भारत की जनसंख्या युवा है। लगभग 65 प्रतिशत 35 से नीचे है। इसे देश में 700 मिलियन स्मार्टफोन के साथ जोड़ा गया है, जो 2.5 मिलियन प्रति तिमाही की दर से बढ़ रहा है, यह वर्तमान चुनावों को देखने और आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण है। अधिकांश युवा ऑनलाइन संस्करण, समाचार लघु, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से समाचारों का उपभोग करते हैं। खबरों से ज्यादा वे राय और विचार चाहते हैं। छोटी स्क्रीन के लिए बनाना महत्वपूर्ण है। पोस्टर, मीम्स, म्यूजिक वीडियो और मसाला ऐसे हैं जो बहुत जल्दी वायरल हो जाते हैं और चर्चा के लायक हो जाते हैं।

## किसी और चीज से ज्यादा रणनीति को सही ढंग से तैयार करना है।

यह कोई क्षेत्र या उप संप्रदाय नहीं है। यह पूरा देश है जिसके साथ आप काम कर रहे हैं। या विधानसभा चुनाव में, एक पूर्ण राज्य। हमारे कुछ राज्य एक साथ रखे गए कई यूरोपीय देशों के बराबर हैं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, एक पार्टी को अपनी चुनावी रणनीति तय करनी चाहिए। दृष्टिकोण क्या होगा? आदर्श रूप से आप प्रत्येक उपभोक्ता को लक्षित करना चाहेंगे – आप किस भाषा में उन तक पहुंचेंगे? राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी या स्थानीय भाषा?

## इससे ब्रांड प्रस्ताव को बढ़ावा मिलेगा।

प्रत्येक ब्रांड को एक मजबूत, विभेदित उपभोक्ता प्रस्ताव पर बनाया जाना चाहिए। अपने प्रस्तावों के माध्यम से, ब्रांडों के पास समानता के बिंदु होने चाहिए जो खेल के मैदान में होने के लिए आवश्यक हैं (उदाहरण के लिए, प्रत्येक राजनीतिक ब्रांड भारतीय मतदाता के लिए खड़ा है) और अंतर के आकर्षक बिंदु भी होने चाहिए (युवा या पार्टी से बात करने वाली पार्टी वह धर्मनिरपेक्ष या पार्टी है जो विकास को गति देती है)। राजनीतिक ब्रांड, आमतौर पर आर्थिक विकास, घरेलू और विदेशी आकर्षक निवेश की पेशकश करते हैं, तेजी से और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करते हैं, गरीबी का निवारण करते हैं। ये ऐसे वादे हैं जो हम पाते हैं कि हर पार्टी चुनाव नजदीक आते ही करती है। वे अधिकांश मतदाताओं की सार्वभौमिक जरूरतें हैं, और एक राजनीतिक ब्रांड जो उन्हें पेश नहीं करता है, इसलिए, एक मौका नहीं खड़ा होता है। इसलिए, अंतर की बात एक पूरी तरह से अलग आयाम से उत्पन्न होनी चाहिए – जो विकास के प्रति प्रतिबद्धता, किसी विशेष क्षेत्र या समूह की जरूरतें, या बेहतर प्रदर्शन का ट्रैक रिकॉर्ड हो सकता है।

## विभाजन

हर पार्टी की इच्छा होगी कि वह पूरे वोटर बेस को टारगेट करे। लेकिन क्या यह संभव है? इसका मतलब है कि मतदाता को आपके संदेश तब तक देखने के लिए जब तक वे पंजीकृत नहीं हो जाते। मीडिया के लिहाज से इसका मतलब भारी खर्च होगा। तो आम तौर पर, एक लक्ष्य विभाजन अभ्यास किया जाना चाहिए। तुम्हारी किससे बातचीत हो रही है? कौन आपकी बात सुनने के लिए तैयार है?

## ब्रांड एंबेसडर

नियमित ब्रांड कभी-कभी किसी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए किसी सेलिब्रिटी या प्रवक्ता का उपयोग करते हैं। राजनीतिक ब्रांडों में, यह एक जरूरी है। नियमित ब्रांड इससे दूर हो सकते हैं। राजनीतिक परिदृश्य में यह नितांत आवश्यक है। क्योंकि वे उन विचारधाराओं को मूर्त रूप देते हैं जिन्हें उपभोक्ता खरीदता है। 2021 के अमेरिकी चुनावों में, रिपब्लिकन का प्रतिनिधित्व मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने किया था। उनकी लोकप्रियता से लड़ने के लिए डेमोक्रेट्स को सही उम्मीदवार उतारने की जरूरत थी। काफी देर तक कोई घोषणा नहीं हुई। पार्टी पतवार रहित लग रही थी। एक बार जो बिडेन चेहरा बन गए तो राजनीतिक ब्रांड युद्ध शुरू हो गए। जैसा कि मैंने शुरुआत में कहा था – जब ब्रांड युद्ध में होते हैं तो उपभोक्ता खुद का सबसे ज्यादा आनंद लेता है। वे मुद्दों, प्रतिक्रिया और बचाव पर गहरी नजर रखते हैं। सभी की निगाहें नेतृत्व पर हैं और भारत में नेता के लिए सभी आयु समूहों से जुड़ना महत्वपूर्ण है। लेकिन खासकर युवा।

भारत में राज्यों के चुनाव चल रहे हैं और चर्चा अपने चरम पर है। यह सब 2024 में आम चुनावों की ओर ले जाएगा। इस विषय पर समाचारों और विचारों का उपभोग करने के लिए उच्च रुचि के साथ विपणन और ब्रांडिंग पहलुओं को ठीक करना बहुत महत्वपूर्ण है।

**लेखक एक पूर्व विज्ञापन पेशेवर हैं और अब मार्केटिंग पाठ्यक्रम पढ़ाते हैं**

# वनडे और टी-20 सीरीज नहीं खेलेंगे डेविड वार्नर सहित कई दिग्गज

**●आस्ट्रेलिया ने पाक दौरे के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की**

एपी। मेलबर्न





**अनुभवी** सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और तीन प्रमुख तेज गेंदबाज पैट कमिन्स, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड आस्ट्रेलिया के 1988 के बाद पहले पाकिस्तान दौरे में सीमित ओवरों की श्रृंखला में नहीं खेलेंगे।

चारों खिलाड़ी हालांकि चार मार्च से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलेंगे जिसके बाद वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए भारत आ जाएंगे। ग्लेन मैक्सवेल को भी अवकाश दिया गया है और उन्हें भी पाकिस्तान में होने वाली तीन एकदिवसीय और एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया की 16 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। आस्ट्रेलिया की चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा कि तीनों प्रारूप के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए व्यावहारिक रवैया अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर श्रृंखला को लेकर हम जिस तरह का दृष्टिकोण रखते हैं, उसमें काफी व्यावहारिक बने रहने की जरूरत है।

आईपीएल दो अप्रैल से शुरू होगा। इससे पहले आस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ चार से आठ मार्च के बीच रावलपिंडी में, 12-16 मार्च को कराची में और 21-25 मार्च को लाहौर में टेस्ट मैच खेलने हैं। इन दोनों टीम के बीच 29 मार्च, 31 मार्च और दो अप्रैल को वनडे तथा पांच अप्रैल को टी-20 मैच खेला जाएगा। मैच रावलपिंडी में खेले जाएंगे।

**टीम** : आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, बेन मैकडरमॉट, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा।

## पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चाहर टी-20 श्रृंखला से बाहर

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** तेज गेंदबाज दीपक चाहर पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज चाहर को रविवार को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान चोट लगी थी।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि वह श्रृंखला से बाहर हो गया है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा करेगा। यह देखना होगा कि चाहर इंडियन प्रीमियर लीग के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं जिसे मार्च के अंतिम हफ्ते में शुरू होने की उम्मीद है।

अधिकारी ने कहा कि टीम ने कोई विकल्प नहीं मांगा है क्योंकि उपकप्तान जसप्रीत बुमराह पहले ही टीम में शामिल हो चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला गुरुवार को लखनऊ में शुरू होगी।

**भारतीय अंडर-19 टीम को लेकर बड़ा खुलासा**

# भारतीय टीम को पोर्ट आफ स्पेन के एयरपोर्ट पर 24 घंटे रोका गया

**●सरकार व आईसीसी के हस्तक्षेप के बाद टीम वहां से निकल सकी**

भाषा। नई दिल्ली

**आईसीसी** अंडर-19 विश्व कप की चैम्पियन बनी भारतीय क्रिकेट टीम को टूर्नामेंट के दौरान कोविड-19 से खिलाड़ियों के संक्रमित होने से पहले वेस्टइंडीज पहुंचने के साथ ही मुश्किल चुनौतियां शुरू हो गई थी। कैरेबियाई दौरे पर पहुंचने के साथ ही भारतीय टीम के सात खिलाड़ियों को कोविड-19 रोधी टीकाकरण नहीं कराने के कारण वापस लौटने के लिए कहा गया था। इस दौरान दुबई से एम्सटर्डम होते हुए पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे खिलाड़ियों को लगभग 24 घंटे तक हवाई अड्डे पर रोके रखा गया। सरकार तथा आईसीसी के हस्तक्षेप से मामले के निपटारे के बाद ही खिलाड़ी वहां से निकल सके। भारतीय टीम को पांचवीं बार चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रवि कुमार और सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी भी उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्हें कोरोना वायरस रोधी टीका नहीं लेने के कारण वापस जाने को कहा गया।

टूर्नामेंट के दौरान टीम के प्रबंधक नियुक्त हुए लोबजांग जी. तेनजिंग ने खिलाड़ियों को हुई इस परेशानी के बारे में बताया और कहा कि आईसीसी तथा बीसीसीआई के साथ इस मामले को सुलझाने के लिए भारत और त्रिनिदाद सरकार को भी हरकत में आना पड़ा। सिक्किम क्रिकेट संघ के प्रमुख तेनजिंग ने कहा, पोर्ट-ऑफ-स्पेन में विमान से उतरने के बाद हमें गुयाना के लिए एक चार्टर उड़ान भरनी थी, लेकिन हमारे सात खिलाड़ियों को टीका नहीं लगने के कारण रोक दिया गया था। हमने आव्रजन अधिकारियों को यह समझाने की कोशिश की कि भारत ने अभी तक उनका (18 साल से कम आयु के) टीकाकरण शुरू नहीं किया है, लेकिन उन्होंने हमें अगली उड़ान देश से बाहर ले जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमें एयरलाइंस के सुरक्षाकर्मियों ने ऐसे घेर लिया था जैसे कि हम वहां से भाग जाएंगे। एयरलाइन और आव्रजन अधिकारियों के साथ मुद्दे को सुलझाने के लिए हमारी बहस चल रही थी। इस बीच वहां से गयाना के लिए लुफ्थांसा की एकमात्र विमान ने उड़ान भर ली। अगला विमान तीन दिनों के बाद था। इससे हमें स्थानीय अधिकारियों के साथ बातचीत करने का समय मिला।

# आईसीए ने कहा, साहा को धमकाने वाले पत्रकार की एक्रेडिटेशन खत्म हो

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेटर्स संघ (आईसीए) ने मंगलवार को एक वरिष्ठ भारतीय पत्रकार द्वारा अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को धमकी भरा संदेश देने की कड़ी निंदा की और इस मुद्दे की जांच के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले का स्वागत किया। आईसीए ने बीसीसीआई से अपील की है कि वे इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। आईसीए प्रमुख अशोक मल्होत्रा ने बयान में कहा कि हम इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि मीडिया हमारे खेल और खिलाड़ियों दोनों की प्रगति में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है लेकिन हमेशा एक सीमा होती है जिसे कभी पार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि साहा के मामले में जो भी हुआ वह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और हम संबंधित मीडिया संगठन से भी अपील करते हैं कि वे इस मुद्दे पर गौर करें और सुनिश्चित करें कि इस तरह की चीजें दोहराई नहीं जाएं।

मल्होत्रा ने कहा कि आईसीए के रूप में हमारी सबसे बड़ी चिंता अतीत के और मौजूदा क्रिकेटरों का कल्याण है और हम पत्रकार या अन्य किसी से भी इस तरह के बर्ताव को स्वीकार नहीं करेंगे।

मल्होत्रा चाहते हैं कि साहा उस पत्रकार के नाम का खुलासा करें जिन्होंने उसे संदेश भेजा था। उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह से साहा के साथ हैं और उससे आग्रह करते हैं कि वह पत्रकार के नाम का खुलासा करें। बीसीसीआई को अगर लगता है कि पत्रकार की मान्यता और बीसीसीआई के किसी टूर्नामेंट में उसे प्रवेश को रद्द करने की जरूरत है तो हम इस कदम का पूरी तरह से समर्थन करेंगे। आईसीए सचिव हितेश मजूमदार ने कहा कि हम साहा को अपने पूरे समर्थन की पेशकश करते हैं।

**धमकी देने वाले पत्रकार का नाम जाहिर नहीं करेंगे साहा**

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने मंगलवार को फैसला किया कि वह धमकी भरा संदेश भेजने वाले पत्रकार की पहचान को उजागर नहीं करेंगे। साहा ने मंगलवार को सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि वह इंसानियत के आधार पर पत्रकार के नाम का खुलासा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं इससे दुखी और आहत था। मैंने सोचा कि इस तरह के व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए और मैं नहीं चाहता था कि कोई भी इस तरह की धमकी का सामना करे। मैंने फैसला किया कि मैं लोगों के सामने चैट का खुलासा करूंगा, लेकिन उसके नाम को जाहिर नहीं करूंगा।

## दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों से चिंतित नहीं हैं तमीम

**चटगांव।** बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में मौजूदा समय में सर्वश्रेष्ठ स्पिन आक्रमण माने जाने वाले अफगानिस्तान की टीम से ज्यादा चिंतित नहीं हैं। एकदिवसीय श्रृंखला के तीनों मैच बुधवार, शुक्रवार और सोमवार को यहां खेले जाएंगे। इसके बाद अगले सप्ताह मीरपुर में दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन होगा। अफगानिस्तान की टीम में राशिद खान, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी जैसे स्पिनर शामिल हैं। तमीम ने मंगलवार को कहा कि इस श्रृंखला में घरेलू टीम का पलड़ा भारी रहेगा। तमीम ने कहा कि मैं किसी खास गेंदबाज के बारे में ज्यादा नहीं सोचता हूं।

शायद उनकी टीम के पास दुनिया का सबसे अच्छा स्पिन आक्रमण है लेकिन हमने उनके खिलाफ खासकर एकदिवसीय प्रारूप में अच्छा खेला है। उन्होंने कहा कि हम एकदिवसीय प्रारूप में हमेशा अच्छा खेलते हैं और इससे हमारा पलड़ा मजबूत रहेगा।

# यूएई और आयरलैंड टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई

भाषा। दुबई

**यूएई** और आयरलैंड ने ओमान के अल अमीरात में क्वालीफायर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर आस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप का टिकट कटा लिया। यूएई ने नेपाल के तीन मैच के जीत के अभियान पर रोक लगाते हुए 68 रन से जीत दर्ज की जबकि आयरलैंड ने ओमान को 56 रन से हराया। ओमान ने दूसरी बार टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। इससे पहले टीम 2014 में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेली थी। क्वालीफायर में हिस्सा ले रहा एकमात्र पूर्ण सदस्य देश आयरलैंड सातवीं बार टी-20 विश्व कप में खेलेगा।

दोनों टीम इस साल आस्ट्रेलिया में होने वाले टूर्नामेंट की 13वीं और 14वीं टीम होंगी। अंतिम दो टीम जुलाई में होने वाले क्वालीफायर बी से टी-20 विश्व कप में जगह बनाएंगी। यूएई के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल की शुरुआत खराब रही। तेज गेंदबाज जुनैद ने तीन ओवर के अपने स्पैल में तीन विकेट चटकाकर नेपाल के शीर्ष क्रम को ध्वस्त किया। जुनैद ने अपने दूसरे ओवर में फॉर्म में चल रहे कुशाल भुर्तेल को पवेलियन भेजा। यूएई के कप्तान अहमद रजा ने 13वें ओवर में नेपाल को दोहरे झटके देकर उसका स्कोर छह विकेट पर 83 रन किया। मैन आफ द मैच रजा ने पारी में पांच विकेट चटकाए जिससे नेपाल की टीम 107 रन पर ढेर हो गई। दीपेंद्र सिंह ऐरी (38) की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। इससे पहले यूएई ने वी अरविंद की 23 गेंद में 46 रन की तूफानी पारी से मजबूत स्कोर खड़ा किया। दूसरी तरफ आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गेरेथ डेलानी की 32 गेंद में 47 रन की पारी से सात विकेट पर 165 रन बनाए। इसके जवाब में ओमान की टीम 18.3 ओवर में 109 रन पर ढेर हो गई।

# भारतीय महिलाएं लगातार चौथा एकदिवसीय मैच हारीं

भाषा। क्वींसटाउन

**एमेलिया** केर के आलराउंड प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने बारिश से प्रभावित चौथे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां भारत को 63 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 4-0 से बढ़त बनाकर क्लीन स्वीप की तरफ कदम बढ़ाए। बारिश के कारण मैच पांच घंटे देरी से शुरू हुआ जिससे इसे 20 ओवर का कर दिया गया।

न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद एमेलिया केर के 33 गेंदों पर नाबाद 68 और सूजी बेट्स के 26 गेंदों पर 41 रन की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन का विशाल स्कोर बनाया। भारतीय टीम का शीर्ष क्रम बड़े स्कोर के सामने लड़खड़ा गया। एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 19 रन था और आखिर में उसकी पूरी टीम 17.5 ओवर में 128 रन पर आउट हो गई। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने भारत की तरफ से सर्वाधिक 52 रन बनाए। एमेलिया ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और 30 रन देकर तीन विकेट लिए।

ऋचा को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जिससे भारत को इस दौरे में लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। भारत ने श्रृंखला से पहले एकमात्र टी-20 मैच भी हार गया था।

भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन हर अगले मैच में खराब रहा है और मंगलवार को उन्होंने सबसे बेकार खेल दिखाया। भारत के लिए 192 रन का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल था जबकि खराब फॉर्म में चल रही हरमनप्रीत कौर भी अंतिम एकादश में शामिल नहीं थीं। स्मृति मंधाना (13) लंबे समय तक पृथकवास में रहने के कारण लय में नहीं दिखी जबकि शैफाली वर्मा और यास्तिका भाटिया खाता भी नहीं खोल पाईं।

# हॉकी प्रो लीग: फारवर्ड सुखजीत को मिला मौका

**●20 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित**

भाषा। नई दिल्ली

**उदीयमान** फारवर्ड सुखजीत सिंह को स्पेन के खिलाफ इस सप्ताह के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए मंगलवार को घोषित 20 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम में शामिल किया गया। मनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय टीम 26 और 27 फरवरी को स्पेन का सामना करेगी। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को मनप्रीत के साथ उप कप्तान बनाया गया है।

पंजाब के 25 वर्षीय सुखजीत टीम में शामिल एकमात्र नया चेहरा है। उन्हें पिछले साल पहली हॉकी इंडिया अंतरविभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद कोर ग्रुप में चुना गया था।

भारत ने उन खिलाड़ियों पर ही भरोसा दिखाया है जिन्हें पहले आजमाया जा चुका है। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने इसे संतुलित टीम करार दिया। रीड ने कहा कि हमने इस सप्ताहांत स्पेन के खिलाफ मैचों के लिए संतुलित टीम का चयन किया है और हम भुवनेश्वर में अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि स्पेन की टीम के पास नया कोच है और वह इंग्लैंड से हारने के बाद अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब है। मैच साल के व्यस्त कार्यक्रम की तैयारियों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण हैं।

भारत को प्रो लीग में अब तक मिश्रित परिणाम मिले हैं। उसने दक्षिण अफ्रीका में खेले गए मैचों में मेजबान को हराया था लेकिन वह फ्रांस से हार गया था। इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने हॉकी इंडिया से स्पष्टीकरण मांगा था।

**टीम:** गोलकीपर: पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा। डिफेंडर: हरमनप्रीत सिंह (उपकप्तान), मनदीप मोर, सुरेंद्र कुमार, वरुण कुमार, जरमनप्रीत सिंह, दीपसन टिर्की। मिडफील्डर: मनप्रीत सिंह (कप्तान), विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, जसकरण सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, आकाशदीप सिंह। फॉरवर्ड: मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, शिलानंद लकड़ा, सुखजीत सिंह, अभिषेक। स्टैंडबाय: कृष्ण बहादुर पाठक, अमित रोहिदास, राजकुमार पाल, मोइरंगथेम रबिचंद्र सिंह, दिलप्रीत सिंह।

**स्पेन की महिला हॉकी टीम भुवनेश्वर पहुंची**

**भुवनेश्वर।** स्पेन की महिला हॉकी टीम 26 और 27 फरवरी को भारत के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के दो मैचों के मुकाबले से पहले मंगलवार को यहां पहुंची। स्पेन को नीदरलैंड (0-1) के खिलाफ घरेलू मैदान पर टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे मैच में टीम ने नीदरलैंड को 2-2 की बराबरी पर रोका। भारतीय महिला टीम ने इस शीर्ष लीग में पहली बार खेलते हुए 31 जनवरी और एक फरवरी को ओमान में चीन (7-1) और मस्कट (2-1) के खिलाफ अपने दोनों मैच जीते थे। स्पेन के मुख्य कोच एड्रियन लॉक ने कहा कि मेहमान टीम पहली बार भारत में खेलने को लेकर उत्साहित है। कलिंगा स्टेडियम जैसे बड़े स्थल पर खेलने को लेकर उनका उत्साह और अधिक है। उन्होंने कहा कि हमें अक्सर बड़े स्टेडियमों में खेलने को नहीं मिलता है। इसलिए, हम बहुत उत्सुक हैं। यह हमारे लिए एक नया अनुभव है। दोनों टीमें पहली बार एफआईएच प्रो लीग में हैं। ऐसे में हमें इस मैच का इंतजार है। कप्तान मारिया लोपेज ने कहा कि नीदरलैंड के खिलाफ एक अंक अर्जित करने से उनकी टीम को भारत के खिलाफ होने वाले मैचों से पहले आत्मविश्वास मिला है। लोपेज ने कहा कि हम नीदरलैंड के खिलाफ दिखाए गए कौशल के स्तर से वास्तव में खुश हैं।

## राहुल ने उभरते क्रिकेटर के उपचार के लिए 31 लाख रुपए दिए

**नई दिल्ली।** भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल 11 साल के एक उभरते हुए क्रिकेटर की मदद के लिए आगे आए हैं और उसके उपचार के लिए 31 लाख रुपए दान में दिए हैं। इस बच्चे का बोन मैरो ट्रांस्प्लांट (बीएमटी) होना है जो खून से जुड़ी एक विकार है। दिसंबर में वरद नालावडे के बीमा एजेंट पिता सचिन और मां स्वप्ना झा ने अपने बेटे के उपचार के लिए 35 लाख रुपए जुटाने के इरादे से अभियान शुरू किया था।

वरद के बारे में पता चलने पर राहुल की टीम ने इस अभियान से जुड़े संगठन से संपर्क किया। पिछले सितंबर से पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाला यह लड़का मुंबई के जसलोक अस्पताल में उपचार करा रहा है। उसे एप्लास्टिक एनीमिया है जो रक्त से जुड़ा एक विकार है।

वरद के रक्त में प्लेटलेट का स्तर काफी कम है जिससे उसकी इम्यून (प्रतिरोधक) प्रणाली संक्रमण का शिकार हो जाती है।

# भविष्य में अमेरिका में खेलना चाहते हैं फुटबालर नेमार

एपी। साओ पाउलो

**दिग्गज** फुटबॉलर नेमार भविष्य में अपने देश ब्राजील के बजाय अमेरिका में खेलना चाहते हैं। इस 30 वर्षीय फुटबॉलर ने हाल में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के साथ अपना अनुबंध 2025 तक बढ़ाया था।

नेमार ने कहा कि मैं नहीं जानता कि मैं फिर से ब्राजील में खेलूंगा या नहीं। मेरी दिली इच्छा अमेरिका में खेलने की है। मैं कम से कम एक सत्र के लिए वहां खेलना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि ब्राजील में खेलने को लेकर मैं नहीं जानता। कुछ अवसरों पर मुझे लगता है कि वहां खेलना चाहिए लेकिन कभी मैं ऐसा नहीं चाहता।

इस स्ट्राइकर ने अमेरिका में खेलने के बारे में मजाकिया अंदाज में कहा कि क्योंकि वहां चैंपियनशिप जल्दी समाप्त हो जाती है, इसलिए चार महीने का अवकाश मिल जाता है। इस तरह से आप वहां वर्षों तक खेल सकते हैं। नेमार से पूछा गया कि क्या वह संन्यास की योजना बना रहे हैं, उन्होंने कहा कि वह अपने दोस्तों से मजाक में कहते हैं कि वह 32 साल की उम्र में संन्यास ले लेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं जब तक मानसिक रूप से नहीं थक जाता तब तक खेलता रहूंगा। मेरा शरीर कुछ साल तक खेलने के लिए फिट रहेगा लेकिन मानसिक रूप से तैयार रहना जरूरी है। लेकिन इसके कोई निश्चित उम्र तय नहीं है।

नेमार ने कहा कि ब्राजील की राष्ट्रीय टीम ब्राजील के प्रशंसकों से बहुत दूर हो गई है। उन्होंने कहा कि मैं नहीं जानता कि यह क्यों और कब शुरू हुआ, लेकिन मैं इसे अपने मैचों में देखता हूं। लोग इसके बारे में बात नहीं करते। उन्हें पता नहीं होता कि हम कब खेलते हैं। यह बुरा है। नेमार ने कहा कि ऐसी पीढ़ी में रहना दुखद है जहां ब्राजील का खेलना महत्वपूर्ण नहीं है।

## स्पेन की फिगर स्केटर बारक्वेरो ड्रग परीक्षण में विफल

**बीजिंग।** स्पेन की फिगर स्केटर लॉरा बारक्वेरो बीजिंग पैरालंपिक में डोप परीक्षण में विफल होने वाली चौथी खिलाड़ी बनीं। अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने मंगलवार को बताया कि यह खिलाड़ी प्रतिबंधित स्टेरॉयड क्लोस्टेबोल के लिए पॉजिटिव पाई गई हैं। बारक्वेरो और उनके जोड़ीदार मार्को जेंड्रेन शनिवार को संपन्न पेयर स्पर्धा में 11वें स्थान पर रहे थे। आईटीए ने कहा कि इस मामले की सुनवाई खेल पंचाट करेगा। बारक्वेरो के अलावा ईरान के अल्पाइन स्कीइंग खिलाड़ी हुसैन सावेह शेमशाकी और यूक्रेन की दो खिलाड़ी क्रॉस कंट्री स्कीयर वेलेंटिना कामिन्स्का और बॉबस्लेडर लीडिया हुंको पॉजिटिव पाई गई। रूस की 15 साल की फिगर स्केटर कामिला वेलीवा शीतकालीन ओलंपिक के दौरान सुर्खियां बनी क्योंकि खेलों से पहले दिया उनका नमूना प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाया गया।

# नोवाक जोकोविच ने दुबई टेनिस में पहला मुकाबला जीता

भाषा। दुबई



**आस्ट्रेलियाई** ओपन में भाग नहीं ले पाने वाले नोवाक जोकोविच ने यहां दुबई टेनिस चैंपियनशिप में लॉरेंजो मुसेटी को 6-3, 6-3 से हराकर वर्ष 2022 में अपना पहला मैच जीता। जोकोविच पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन में अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाए थे। उन्हें कोविड का टीका नहीं लगवाने के कारण आस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था। संयुक्त अरब अमीरात ने उन्हें प्रवेश की अनुमति दी और जोकोविच ने उस टूर्नामेंट से वर्ष 2022 की शुरुआत की जिसमें उन्होंने पांच बार जीत हासिल की है।

पिछले साल फ्रेंच ओपन में मुसेटी ने जोकोविच से दो सेट जीते थे लेकिन इटली का यह खिलाड़ी यहां ब्रेक प्वाइंट हासिल करने के कई मौकों को नहीं भुना पाया। जोकोविच ने मैच के बाद कहा कि मैं अपने खेल से संतुष्ट हूं विशेषकर तब जबकि मैं पिछले ढाई-तीन महीने से नहीं खेल पाया हूं। उनका अगला मुकाबला कारेन खाचनोव और अलेक्स डि मिनौर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

इस बीच एंडी मरे ने 2017 के बाद दुबई में अपना पहला मैच जीता। उन्होंने आस्ट्रेलिया के क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओ कोनेल को 6-7 (4), 6-3, 7-5 से हराया। यह मैच लगभग तीन घंटे तक चला।

## संक्रमण की वजह से अभी अस्पताल में ही रहेंगे पेले

**साओ पाउलो।** दिग्गज फुटबॉलर पेले को मूत्र में संक्रमण के कारण अभी कुछ और दिन तक अस्पताल में ही रहना होगा। साओ पाउलो स्थित अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ने सोमवार को कहा कि 81 वर्षीय पेले को आंतों के कैंसर का इलाज जारी रखने के लिए 13 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन बाद में चिकित्सकों ने पाया कि वह संक्रमण से पीड़ित हैं।

अस्पताल ने कहा कि उनकी स्थिति स्थिर है और उन्हें अगले कुछ दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। पिछले साल अगस्त में नियमित जांच के दौरान पेले के पेट में कैंसर का पता चला था जिसके बाद उनकी कीमोथेरेपी की गई थी। उन्हें तब लगभग एक महीने तक अस्पताल में रहना पड़ा था।

पेले के रहते हुए ब्राजील ने 1958, 1962 और 1970 में विश्व कप जीता था। उन्होंने 92 मैचों में 77 गोल किए जो ब्राजील की तरफ से रिकार्ड है।

# नीतू और अनामिका क्वार्टर फाइनल में

**स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट**

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** महिला मुक्केबाज नीतू (48 किग्रा) और अनामिका (50 किग्रा) ने पहले राउंड में प्रभावशाली जीत दर्ज करके बुल्गारिया के सोफिया में चल रहे 73वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नीतू ने सोमवार को रूस की चुमगलकोवा यूलिया को 5-0 से जबकि अनामिका ने स्थानीय खिलाड़ी चुकानोवा जलातिस्लावा को 4-1 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। नीतू का मुकाबला अब इटली की रोबर्टा बोनाटी से और अनामिका का अल्जीरिया की रौमैसा बौआलेम से होगा। शिक्षा (54 किग्रा) और आकाश (67 किग्रा) हालांकि अपने-अपने मुकाबले हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। शिक्षा कजाकिस्तान की पूर्व विश्व चैंपियन और मौजूदा एशियाई स्वर्ण पदक विजेता दीना झोलामन से हार गई। आकाश को जर्मनी के डेनियल क्रोटर ने हराया। दोनों को समान 0-5 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी (71 किग्रा) और राष्ट्रीय चैंपियन रोहित मोर (57 किग्रा) छह अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ मंगलवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

टूर्नामेंट में 36 देशों के 450 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं, जिनमें कजाकिस्तान, इटली, रूस और फ्रांस जैसे देश भी शामिल हैं।

भारत से सात पुरुष और 10 महिला मुक्केबाज टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

# प्रगानानंदा ने दो और बाजियां जीतीं

**मास्टर्स ऑनलाइन रैपिड शतरंज**

भाषा। चेन्नई



**भारतीय** किशोर आर प्रगानानंदा ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के बाद एयरथिंग्स मास्टर्स ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 10वें और 12वें दौर में क्रमशः ग्रैंडमास्टर आंद्रे एसिपेंको और अलेक्जांद्रा कोस्तानियुक को हराया।

इस 16 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने कार्लसन को हराने के एक दिन बाद मंगलवार को दो जीत दर्ज की जबकि नोदरबेक अब्दुसतोरोव से बाजी ड्रा खेली। उन्हें हालांकि रूसी ग्रैंडमास्टर इयान नेपोमनियाची से हार झेलनी पड़ी। प्रगानानंदा दो जीत और एक ड्रा के बावजूद 15 अंकों के साथ 12वें स्थान पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने से अधिक रेटिंग के रूसी खिलाड़ी एसिपेंको को 42 चाल में हराया। इससे पहले उन्होंने दिन की शुरुआत अब्दुसतोरोव से बाजी ड्रा खेलकर की थी। नेपोमनियाची से हार झेलने के बाद प्रगानानंदा ने पूर्व महिला विश्व चैंपियन कोस्तानियुक को 63 चाल तक चली बाजी में पराजित किया।

प्रगानानंदा अब 13वें, 14वें और 15वें दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमर, अमेरिका के हंस मोक नीमैन और रूस के व्लादिसलाव अर्तेमीव से भिड़ेंगे। पिछले महीने कार्लसन से विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला गंवाने वाले नेपोमनियाची 27 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन ने प्रगानानंदा से मिली हार के बाद वापसी करते हुए क्वांग लियम ले और यान क्रिस्टोफ डुडा को हराया लेकिन उन्हें कनाडा के एरिक हेनसन से हार का सामना करना पड़ा। वह 20 अंकों के साथ अर्तेमीव और केमर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।